

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ओपनिंग कर सकते हैं कोहली ... | मुयमंत्री को गिरतार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 334 | पटना, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# रामनवमी की धूम : जय श्री राम के उद्घोष से राममय हुआ माहौल

## 54 शोभायात्राएं डाकबंगला चौराहे पहुंची, राज्यपाल व मुख्यमंत्री रहें मौजूद

प्रात : किरण

पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में बुधवारको धूमधाम से रामनवमी मनाई गई। अहले सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु लगातार जय श्रीराम और जय हनुमान का उद्घोष कर रहे हैं। रामनवमी को लेकर राजधानी पटना की सभी सड़कें महावीरी ध्वजा, बैनर, रामनाम पताका और तोरण द्वार से सजे नजर आ रहे हैं। पूरा इलाका रात से ही राममय हो गया है। राज्य के सभी मंदिरों को फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पटना जंक्शन के पास स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में रामनवमी को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। महावीर मंदिर का पट अहले सुबह दो बजे खोल दिया गया। सुबह से देर रात तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं, राजधानी में विभिन्न इलाकों से झांकी निकाली गई। 54 शोभायात्राएं विभिन्न इलाकों से डाकबंगला चौराहे पहुंची। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी सहित अन्य कई गणमान्य पटना के डाक बंगला चौराहा पहुंचे और रामनवमी शोभा यात्रा में लोगों का अभिवादन और स्वागत किया। इस मौके पर वे शोभा यात्रा राम जुलूस में भी शामिल हुए। राम भक्तों के साथ प्रभु की स्तुति की गई। इस दौरान पूरा डाक बंगला जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। रामभक्तों की यह खुशी अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के कारण भी नजर आ रही थी। यह पहली बार



है जब राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में आदर्श चुनाव आचार संहिता का भी खास ख्याल रखा गया है। रामनवमी को लेकर सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं। राजधानी के सभी मुख्य मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी की जा रही है तथा जगह-जगह पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पटना के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रामनवमी के मद्देनजर पुलिस गश्त बढ़ाई गई है।

**अयोध्या में सूर्य की किरणों से रामलला का हुआ सूर्याभिषेक**

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। इसीलिए यह रामनवमी खास और ऐतिहासिक है। आज रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों से सूर्याभिषेक हुआ। इस मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गई। रामनवमी के असवर पर भगवान रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी-शाह ने देशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, देशभर के मेरे परिवारजनों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं! इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। अवधपुरी के उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में स्पंदित होती हैं। पीएम मोदी ने एक और पोस्ट करते हुए लिखा, यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। 5 शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षो की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है। पीएम मोदी ने आगे लिखा, प्रभु श्रीराम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में रचे-बसे हैं, अंतर्मन में समाहित हैं। भव्य राम मंदिर की प्रथम रामनवमी का यह अवसर उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

### आम आदमी पार्टी की आप का रामराज्य वेबसाइट लॉन्च

नईदिल्ली। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए आज वेबसाइट आपका रामराज्य लॉन्च कर दी है। आप सांसद संजय सिंह आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वेबसाइट लॉन्च की। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी देने के लिए आपका रामराज्य वेबसाइट शुरू की गई। रामराज्य की अवधारणा को हम दिल्ली और पंजाब में लागू कर रहे हैं। हम इस वेबसाइट के जरिए आम आदमी पार्टी के जनहित के कार्यों को देश और दुनिया में पहुंचाना चाहते हैं। वहीं, आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के रामराज्य की अवधारणा में कोई भेदभाव नहीं है, कोई छोटा-बड़ा नहीं है और सभी के हित में काम करने का विचार है। इसी को ध्यान में रखते हुए रामनवमी के अवसर पर आप की लोकसभा अभियान वेबसाइट आपका रामराज्य लॉन्च की गई है।

### चूड़ी की थोक दुकान में लगी आग, पहुंची दमकल



पटना सिटी। खाजेकलां थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा मनिहारी की थोक मंडी में चूड़ी के थोक विक्रेता विनोद अग्रवाल की दुकान के ऊपर आग लग गई। हालांकि उस वक्त श्री रामनवमी शोभायात्रा निकल रहा था और लोग उसे रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान आग लगने की घटना घटी। मौके पर सिटी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार, खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना मौजूद होकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे। सूचना मिलते ही सिटी फायर स्टेशन से तीन छोटी मिक्सड नैनो टेक्नोलॉजी की गाड़ी पहुंची है और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने की घटना रात करीब 8.30 बजे की है।

**लोस चुनाव : चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत**

# पहला चरण : 102 सीटों पर कल होगा मतदान, थम गया प्रचार का शोर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/ पटना। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिये प्रचार बुधवार शाम थम गया। अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। गौरतलब है कि पहले चरण में देश के 21 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में उत्तर प्रदेश की 08, बिहार की 04, पश्चिम बंगाल की 03, राजस्थान की 12, मध्य प्रदेश की 06, उत्तराखंड की 05, असम की 04, मेघालय की 02, मणिपुर की 02, छत्तीसगढ़ की 01, अरुणाचल की 02, महाराष्ट्र की 05, तमिलनाडु की 39, मिजोरम की 01, नागालैंड की 01, सिक्किम की 01, त्रिपुरा की 01, अंडमान एंड निकोबार की 01, जम्मू-कश्मीर की 01, लक्षद्वीप की 01, पुडुचेरी की 01 सीट पर वोट डाले जाएंगे। उत्तर प्रदेश की जिन 08 सीटों पर मतदान होने वाले हैं, उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनोर, नगीना, मोरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीट शामिल हैं। बिहार की चार सीटों पर पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। इन चार सीटों में औरंगाबाद, गया, जमुई और नवादा सीट शामिल है। वहीं पहले चरण के मध्य प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन छह सीटों में छिंदवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, सीधी, और शहडोल सीट शामिल है।

महाराष्ट्र की जिन छह सीटों पर वोट डाले जाएंगे उसमें गढ़चिरौली, चिमूर, रामटेक, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, नागपुर सीट शामिल है। वहीं, तमिलनाडु की सभी की सभी 39 सीटों पर पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। इस बार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दक्षिण भारतीय राज्यों खासकर तमिलनाडु में अपना ध्यान केंद्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक कई बार तमिलनाडु का दौरा कर चुके हैं। तमिलनाडु की 39 सीटों में नीलगिरी, कोयंबटूर, पोलाची, डिंडीगुल, करूर, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलूर, तिरुवल्लुर, चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, नागपट्टिनम, तंजावुर, शिवगंगा, मदुरै, थेनी, श्रीपेरंबदूर, कांचीपुरम, अराक्कोनम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई, अरणी, विलुप्पुरम, कल्लाकुरिची, सलेम, नामक्कल, इरोड, तिरुप्पुर, कुड्डालोर, चिदंबरम, मयिलादुथुराई, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, थूथुकुडी और तेनकासी सीट शामिल है।

**बिहार की चार सीटों पर डाले जाएंगे वोट:** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी। 19 अप्रैल को पहले चरण में बिहार के चार सीट नवादा, जमुई, गया और औरंगाबाद में मतदान शुक्रवार को होगा। चुनाव आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। भारी संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति मतदान केंद्रों पर की गयी है। बता दें कि नवादा से एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर और महागठबंधन के श्रवण अग्रवाल में मुख्य मुकाबला है तो वही जमुई में एनडीए के अरुण भारती और महागठंबधन के अर्चना रविदास, गया में एनडीए प्रत्याशी जीतनराम मांझी और महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत तो वही औरंगाबाद में एनडीए के सुशील कुमार और महागठबंधन के अभय कुशवाहा के बीच सीधी टक्कर है। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# दूसरे चरण की पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार 24 प्रतिशत पर दर्ज है आपराधिक मामले

## बिहार में दूसरे चरण में भाजपा का कोई उम्मीदवार नहीं, 26 अप्रैल को होगा मतदान

प्रात : किरण

पटना। बिहार में दूसरे चरण का मतदान 5 लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों पर राजग की तरफ से भाजपा का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। इन पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें से 12 उम्मीदवार यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की पांच सीटों पर मैदान में उतरे 50 उम्मीदवारों में से 12 यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



इनमें 9 यानी 18 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कुल उम्मीदवारों में 14 उम्मीदवार (28 प्रतिशत) करोड़पति हैं। दूसरे चरण में उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.96 करोड़ रुपये है। दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल चुनावी हलफनामा के अनुसार जदयू के दो उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि इसमें एक पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजद और कांग्रेस के 1-1 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें जदयू के मुजाहिद आलम व दुलालचंद गोस्वामी, राजद की बीमा भारती, कांग्रेस के अजीत शर्मा, एआईएमआईएम के अख्तरुल ईमान के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक 41 मामले पूर्णिया के निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव पर दर्ज हैं। करोड़पति उम्मीदवारों की पार्टीवार स्थिति देखें तो जदयू के सभी 5, कांग्रेस के सभी 3 और राजद के दोनों उम्मीदवार करोड़पति हैं। हालांकि, पार्टी के आधार पर उम्मीदवारों की औसत संपत्ति को देखें तो जदयू के सभी 5 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3 करोड़ 31 लाख 84 हजार, कांग्रेस की 30 करोड़ 2 लाख 94 हजार और राजद के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6 करोड़ 38 लाख 53 हजार रुपये है। सबसे अधिक संपत्ति वाले उम्मीदवार की बात करें तो पहले नंबर पर भागलपुर लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अजीत शर्मा हैं, जिन्होंने 54 करोड़ 51 लाख 51 हजार रुपये की संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की है। दूसरे नंबर पर कटिहार से तारिक अनवर की घोषित संपत्ति 19 करोड़ 60 लाख 57 हजार तथा तीसरे नंबर पर किशनगंज के मोहम्मद जावेद की संपत्ति 15 करोड़ 96 लाख 75 हजार रुपये है। सबसे कम संपत्ति वाले तीन उम्मीदवारों में कटिहार से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के मरंग हंसदा हैं, जिन्होंने 8 हजार 878 रुपये की संपत्ति दिखाई है। इन उम्मीदवारों की शैक्षणिक स्थिति पर नजर डालें तो 50 में 16 उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 12वीं के बीच है। 26 की योग्यता स्नातक और इससे अधिक है। सिर्फ एक की योग्यता डिप्लोमा और एक ने डॉक्टर तथा सात उम्मीदवारों की योग्यता सिर्फ साक्षर है। इसके अलावा सिर्फ 3 उम्मीदवारों की आयु 25 से 30 वर्ष के बीच है। 9 की 31 से 40 वर्ष और 20 की 41 से 50 वर्ष के बीच है।

# गोपालगंज से चंचल पासवान होंगे वीआईपी के उम्मीदवार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। इंडिया गठबंधन के घटक दल विकासशील इंसान पार्टी ने गोपालगंज से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने बीजेपी नेता ई. सुदामा मांझी के बेटे प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान को महागठबंधन का प्रत्याशी बनाया है। एनडीए प्रत्याशी व सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन को अब प्रेमनाथ चंचल सीधी टक्कर देंगे। चंचल पासवान को वीआईपी ने गोपालगंज से टिकट दिया है। वीआइपी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बालगोबिन्द बिंद ने इस बात की जानकारी दी है। विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी के



परामर्श से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गोपालगंज से प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान को वीआईपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। महागठबंधन ने चंचल पासवान को चुनाव के मैदान में उतारा है, जिनका सीधा मुकाबला एनडीए प्रत्याशी व सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन से होगा। प्रेमनाथ चंचल के महागठबंधन प्रत्याशी घोषित होते ही गोपालगंज की राजनीतिक हलचल तेज हो गई।

# छपरा में रोहिणी के प्रचार में उतरे राजद सुप्रीमो, भाजपा पर कसा तंज

## बोलें-सारण के विकास में मेरा अहम योगदान रहा

प्रात : किरण

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आज छपरा से चुनाव प्रचार का आगाज किया। रोहिणी आचार्या के प्रचार में शामिल होने पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू यादव ने अपने पुराने दिनों को याद किया और कहा कि सारण के विकास में उनका अहम योगदान है। जबकि यहां के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने सिर्फ झूठ बोला है। अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील करने पहुंचे लालू यादव ने कहा कि यहां के तमाम जनप्रतिनिधि और कार्यकताओं के आग्रह पर उन्होंने अपनी बेटी को यहां से चुनाव मैदान में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने यहां विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया। जो भी विकास के



काम दिख रहे हैं वह उनके कार्यकाल में ही किए गए हैं। लालू यादव ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी ने छपरा में चीनी मिल खोलने का वादा किया था। लेकिन मिल नहीं खुला और खेतों में लगा किसानों का गन्ना बर्बाद हो गया। वहीं लालू यादव ने कहा की रेलमंत्री मंत्री रहते उन्होंने छपरा के मढ़ौरा में रेल इंजन बनाने का कारखाना खोला। जिसके लिए जमीन खरीदा गया। इससे इलाके के लोग मालामाल हो गए। यहीं नहीं लालू यादव ने कहा की लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर उन्होंने छपरा में यूनिवर्सिटी खोला, जो अभी चल रहा है। रोहिणी आचार्य के सारण से उम्मीदवार बनाये जाने को लेकर कई बार सवाल उठे। इसको लेकर भाजपा ने भी कई बार इस मुद्दे पर अलग अलग बयान भी दिए। इन सब के बीच राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सारण से रोहिणी को उम्मीदवार बनाने की वजह बताई है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि सारण से मेरा लगाव मेरा स्नेह है। सारण जिला के लोगों ने ही मुझे राजनीति में पैर रखने का मौका दिया। सारण के लोगों का मुझ पर कर्ज है, जिसको मैं कभी भी उतार नहीं सकता। लोग मुझे अपने परिवार से (सारण से) उम्मीदवार देने के लिए कह रहे थे।

# भाजपा के लोगों की ठीक नहीं है मंशा : तेजस्वी

प्रात : किरण



पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। बुधवार को चुनावी सभा से लौटने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के लोगों की मंशा ठीक नहीं है। ये लोग संविधान बदलने की बात कह रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान देश की सबसे पवित्र किताब है। बीजेपी के नेता और प्रत्याशी इस पवित्र किताब को नष्ट करने के लिए एक स्वर में बोल रहे है। प्रधानमंत्री जी उन नेताओं पर कारवाई करने की बजाय उनके लिए वोट माँग रहे है। अगर कोई संविधान बदलने की बात करता है तो समझ लीजिये की वह आपके अधिकारों का हनन करना चाहता है। संविधान बदलने पर ये वंचित, उपेक्षित, उत्पीड़ित और गरीब वर्ग के लोगों का आरक्षण छिन लेंगे। संविधान बदलने पर जनकल्याणकारी योजनाओं, नौकरियों एवं छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा। भाजपा के लोगों की मंशा ठीक नहीं है। 10 वर्षों में इन्होंने महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी का अंधेरा पहले ही फैला रखा है और अब संविधान बदलने का संकल्प ले रहे है। आपसी भेदभाव भूल तथा एकजुट होकर बीजेपी को हराना अब देश की जरूरत है अन्यथा ये लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर देंगे।

# राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिया इस्तीफा

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को पत्र लिखकर पार्टी को अलविदा कह दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि राजद की नीति से वह अब सहमत नहीं हैं। राजद में केवल राज के लिए नीति चल रही है, जबकि राज और नीति में सामंजस्य जरूरी है। उन्होंने आगे लिखा है कि सिद्धांत के बिना राजनीति का मतलब आत्मा के बिना शरीर है। इसलिए मेरी अंतरात्मा कह रही है कि राजद में एक क्षण भी नहीं रहना चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव की नाराजगी झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधान पार्षद और वर्तमान में विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार सुमन महासेठ को बनाने को लेकर है। उन्होंने कहा कि झंझारपुर से यदि किसी समाजवादी विचारधारा वाले कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाया जाता तो जीत आसानी से मिल सकती थी। देवेंद्र प्रसाद यादव ने पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ झंझारपुर ही नहीं, बल्कि छह-सात अन्य लोकसभा सीटों पर भी उम्मीदवारों का आयात किया गया है।

# इलेक्टोरल बॉन्ड योजना दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट : राहुल

प्रात : किरण



गाजियाबाद/नई दिल्ली/एजेंसी। इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए मोदी को भ्रष्टाचार का चैंपियन बताया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन का गीत भी जारी किया। देशवासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल ही में बहुत लंबा साक्षात्कार दिया था। इस स्क्रिप्टेड और फ्लॉप साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पारदर्शिता के लिए लाई गई थी। उन्होंने पूछा कि अगर यह योजना पारदर्शिता के लिए लाई गई थी तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द क्यों किया। भाजपा को हजारों करोड़ रुपये का चंदा देने वालों के नाम क्यों छुपाए गए, चंदा देने की तारीखें क्यों छुपाई गईं? कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट मिलते हैं, फिर वही कंपनियां भाजपा को चंदा देती हैं। जाँच एजेंसियां पहले कंपनियों पर छापेमारी करती हैं और फिर जाँच शुरू होने के 10-15 दिन बाद वही कंपनियां भाजपा को चंदा देती हैं। भाजपा को चंदा मिलने के बाद कंपनियों की जाँच बंद हो जाती है। इसे वसूली कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट है। प्रधानमंत्री मोदी कुछ भी कहें, मगर देश जानता है कि मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा का चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ भाजपा और आरएसएस संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। आज देश के सबसे बड़े मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी हैं।

**चुनाव** | **पीएम मोदी ने असम में चुनाव प्रचार को किया संबोधित, विपक्ष पर बोला हमला**

# जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, हमने 10 साल में कर दिखाया : मोदी

प्रात : किरण

नलबाड़ी/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए असम के नलबाड़ी पहुंचे। यहां रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं- 4 जून, 400 पार! फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा, ह्लआज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नार्थ ईस्ट को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उसे भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया।

मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वो मोदी ने 10 साल में कर दिखाया। क्योंकि मेरा



लिए आपका सपना ही मेरा संकल्प है।ह्व पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी जब आया एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सियासी फायदे के लिए इन क्षेत्रों को अपने पंजे में फंसा कर रखा था। कांग्रेस के पंजे ने नॉर्थ ईस्ट को इसलिए जकड़ कर रखा था ताकि उनके लिए भ्रष्टाचार और लूट के दरवाजे खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है तो असम में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र लागू हुआ है। असम आज केवल दूसरे राज्यों की बराबरी नहीं कर रहा, बल्कि विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिस असम में सड़के नहीं होती थी, वहां 10 साल में 2,500 किलोमीटर नेशनल हाईवे बने हैं, आज देश का सबसे बड़ा ब्रिज भूपेन हजारिका सेतु असम में है, आज देश का सबसे लंबा बोगीबील ब्रिज असम में है, अब गुवाहाटी में असम का अपना एम्स खुल चुका है। असम के पांच जिलों में कैंसर अस्पताल खोलने की योजना में भी तेजी से काम चल रहा है। चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं, कांग्रेस के युवराज यूपी में चुनाव हारने के बाद अपनी इज्जत बचाने के लिए केरल भाग गए थे। इन दिनों केरल के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के युवराज के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। इससे नाराज होकर कांग्रेस के युवराज ने कहा है कि केरल के सीएम भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उनको जेल में डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा केंद्रीय एजेंसियों को गाली देने वाले युवराज अब जांच एजेंसी से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं यानी किसी ने कांग्रेस के युवराज की आलोचना की तो वह चाहते हैं कि उसे जेल में बंद कर दिया जाए। भ्रष्टाचार का दोषी कोई भी व्यक्ति छोड़ा नहीं जाएगा। ये हमारा संकल्प है। मैं जब केरल की भ्रष्ट सरकार का सच लोगों के सामने लाता हूं, तब कांग्रेस की बोलती बंद हो जाती है। अब कांग्रेस के युवराज की आलोचना हुई तो कांग्रेस केरल के सीएम को जेल में डलवाना चाहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य उत्सव अनुष्ठान आज

पटना सिटी (प्राकि) दीवान मुहल्ला नौजर घाट स्थित आदि श्री चित्रगुप्त मंदिर में गुरुवार को भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान धार्मिक आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिहर प्रसाद सिन्हा, प्रगतिशील कायस्थ समाज के अध्यक्ष लाला प्रकाश व महासचिव प्रमोद सिन्हा व पंकज सिन्हा ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना के बाद शाम को मंदिर में दीप प्रज्वलन होगा। इसके बाद प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया जाएगा।

### रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

फतुहा। बुधवार को युवा सहयोग मंच के सहयोग से फतुहा नगर में रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसके संयोजक सुरजीत कुमार रहे। शोभायात्रा में सक्रिय सदस्य के रूप में मुकुल कुमार, अनुराग कुमार, करण कुमार, समीर कुमार, गोलू कुमार, मोहित कुमार का योगदान महत्वपूर्ण रहा। शोभायात्रा में फतुहा नगर के भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, आरएसएस प्रमुख रामचंद्र जी, शारदा देवी सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में जय श्री राम के नारों के साथ पूरा शहर गूंज उठा।

### ट्रेन के जनरल बोगी से अंग्रेजी शराब बरामद



दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत जीआरपी पुलिस के द्वारा विशेष चेकिंग के दौरान दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी गाड़ी डाउन लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के पिछला जनरल बोगी से लावारिस हालत में एक संदिग्ध थैला रेल पुलिस ने बरामद किया। रेल पुलिस ने थैला से 180 एम एल के 60 पीस अंग्रेजी शराब ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक बरामद किया। जिस पर फॉर सेल इन उत्तर प्रदेश अंकित था। इस संबंध में प्रा.अ.नि. सतीश कुमार सिंह के आवेदन के आधार पर रेल थाना मे धारा 30ए बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### रामनवमी पर शोभा यात्रा निकाली गई



दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत रामनवमी के अवसर पर बुधवार को नगर के विभिन्न स्थानों से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मोती चौक से निकली महावीर मंदिर शोभायात्रा में शामिल युवकों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए महाबीरी ध्वज के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया। ढोल-झाल, नगाड़े के थाप के बीच नाचते-गाते, झूमते भगवान राम की भक्ति में लीन रहे। संस्था के अध्यक्ष अनामिका सिंह अतिथि रणवीर नंदन नर्मदा आनंद ने शोभा यात्रा के नेतृत्व में शामिल संघ के कार्यवाहिका भारत पोद्दार अशोक नागवंशी अर्जुन प्रसाद चंद्र प्रिंस आशीष अग्रवाल सर्वम अग्रवाल रंजन कुमार सिंह सुजीत कुमार सिंह शत्रुघ्न प्रसाद सिंह मोनू बॉस विकास कुमार विश्वास कुमार उर्फ मुन्ना दीपक कुमार उर्फ जुड़वा आकाश कुमार रजनीश प्रभाकर एवं अन्य भगवा वस्त्र पहना स्वागत किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु कतार वद्ध होकर शोभा यात्रा में शामिल हुए।

# एक ही परिवार के तीन लोगों के गंगा नदी में सुसाइड की सूचना से पुलिस हलकान

## मोबाइल लोकेशन व अनेक लोगों से कर्ज ले रखने की बात से मामला संदिग्ध

- महावीर घाट पर मिल बाइक, तीन जोड़ी चप्पल व सुसाइड नोट, एसडीआरएफ को सफलता नहीं



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के महावीर घाट पर एक ही परिवार के तीन सदस्यों के द्वारा गंगा नदी में सुसाइड किए जाने की सूचना परिजनों के द्वारा पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस रात में घाट पर गई, तो वहां एक मोटरसाइकिल, तीन जोड़ी चप्पल और एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध है। तीनों परिवार के सदस्य लोगों से अधिक कर्ज ले रखा है। संभवतः इससे बचने के लिए ही उसने यह खेल किया है। बावजूद इसके एसडीआरएफ की टीम को बुधवार को लगा कर शव को खोजने का प्रयास किया गया। इस संबंध में आलमगंज थाना की पुलिस का कहना है कि परिजनों को मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे मोबाइल पर मेसेज मिला कि वह सब गंगा नदी में खुदकुशी करने जा रहे हैं। परिजनों ने इस घटना की जानकारी रात करीब 11.30 बजे आलमगंज थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को महावीर घाट से एक मोटरसाइकिल, तीन जोड़ी चप्पल और एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने तीनों सामान को बरामद कर थाना ले आई। उस वक्त जो कोई भी दुकान खुली थी, उन दुकानदारों से बात भी पुलिस ने की, लेकिन कुछ स्पष्ट तौर पर जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस का कहना है कि जांच में यह बात सामने आई है कि जिस मोबाइल नंबर से घर वालों को मैसेज किया गया है, उसका लोकेशन बख्तियारपुर मिल रहा है। इस कारण से पुलिस मामले को पूरी तरह से संदिग्ध मानकर चल रही है। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार की सुबह आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने एसडीआरएफ की टीम लीडर को कॉल कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम महावीर घाट पहुंच कर शव की खोजबीन करने में जुट गई। हालांकि एसडीआरएफ के सब-इंस्पेक्टर का कहना था कि उन्होंने यहां पर पूजा का सामान, गैलन आदि बेचने वालों से बात की। कारण कि वह सब सुबह चार बजे ही यहां दुकान लगा लेते हैं। उन लोगों ने ऐसी कोई घटना होने से इनकार किया। बाद में कहा गया कि मामला मंगलवार की रात की है। उन्होंने रात 11 बजे तक दुकान खोलने वाले दुकानदारों से भी बात की, मगर उन सबों ने भी इस तरह की कोई घटना होने से इनकार किया। हालांकि एसडीआरएफ की टीम ने शाम में अंधेरा होने तक गंगा नदी में सर्च अभियान चलाया है। लेकिन कुछ भी बरामद नहीं हो पाया। इसके बाद टीम वापस लौट गई। पुलिस के मुताबिक लापता तीनों में स्व अनिल कुमार सिन्हा की पत्नी गीता देवी, उनका बेटा गौरव कुमार और बेटी शिखा कुमारी है। लापता इन तीनों के परिजनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह सब अनेक लोगों से अधिक कर्ज ले रखा था। इस मामले पर भी पुलिस जांच कर रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में लापता लोगों का मोबाइल लोकेशन बख्तियारपुर मिला है। यहां तक कि स्व अनिल सिंह की पत्नी गीता देवी के मोबाइल का व्हाट्सएप सुबह चार बजे तक चालू था। ऐसे में पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। तीनों लापता आलमगंज थाना क्षेत्र के गुड़ की मंडी में रहते थे हालांकि उन तीनों के कार्यकलाप थाना। हालांकि उनतीनों के खाजेकलां थाना क्षेत्र के जग्गी के चौराहा में भी रहने की बात कही जा रही है।

# जिलेवासियों, गर्व से वोट डालें: डीएम की अभिभावकों एवं मतदाताओं से अपील

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना ' शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे जिला में नॉक-द-डोर, नो-योर-बूथ तथा कास्ट-योर-वोट अभियान चलाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का ध्येय लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत को कम से कम राष्ट्रीय औसत के अनुरूप अर्थात 68 प्रतिशत करना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन के सभी विभाग यथा कल्याण विभाग, आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, नगर निकाय के कर्मी घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज जीविका कर्मियों के द्वारा अभियान में भी हिस्सा लिया गया। साथ ही साथ जीविका दीदियों के द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों की साप्ताहिक बैठकों में लोकतंत्र में मतदान की उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। इस अभियान में आईसीडीएस के कर्मी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया तथा जिलाधिकारी के द्वारा मतदाताओं एवं अभिभावकों के नाम जारी अपील पत्र सौंप कर उन्हें मतदान के दिन स्वयं तथा अपने सगे संबंधियों के साथ वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही नगर निकाय के कर्मियों द्वारा भी अभियान में हिस्सा लेकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। कल्याण विभाग के द्वारा भी भेद्य टोला/ वार्ड में जाकर मतदाताओं को मत प्रयोग हेतु जागरूक किया गया। अभियान के रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए हिन्दी भवन में ऑल-वीमेन डेडिकेटेड स्वीप नियंत्रण कक्ष क्रियाशील है। नियंत्रण कक्ष से अभियान में संलग्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों से रिपोर्ट ली जाती है तथा उनसे गृह-भ्रमण के बारे में विस्तृत सूचना ली जाती है ' नियंत्रण कक्ष से मतदाताओं से भी संपर्क किया जाता है तथा उनसे फीडबैक लिया जाता है। साथ ही मतदाताओं को पोलिंग स्टेशन का लोकेशन, बूथ पर एएमएफ की उपलब्धता, हेल्पलाइन नं 1950, सिविजिल, सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन एप एवं अन्य तथ्यों की जानकारी दी जाती है 'स्वीप कार्यक्रम के तहत अत्यधिक पहुँच स्थापित करने हेतु तथा व्यापक पहुँच बनाने के ध्येय से 2 महीने का कैलेंडर तैयार किया गया है। इसके माध्यम से स्वीप के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के ध्येय से डीएम ने सभी एआरओ को निदेश दिया है कि वह शहरी क्षेत्रों के अपार्टमेंट एवं मोहल्लों में कैंप लगाकर मतदाताओं को उनके बूथ एवं मतदाता सूची के बारे में जानकारी दें और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित करें।

# ध्वज पूजन व हनुमान चालीसा पाठ के बाद रामभक्तों ने निकाली शोभायात्रा





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का अवतरण पर्व रामनवमी श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के द्वारा मंगल तालाब स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन से निकाला गया। इसके पूर्व ध्वजा पूजन करने के बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सांसद रविशंकर प्रसाद, नगर निगम की डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी, महापौर सीता साहू के प्रतिनिधि शिशिर कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को सम्मानित किया गया इसके बाद बैंड बाजा, पौराणिक झांकियों व भजन कीर्तन मंडलियों से सजी शोभायात्रा गुरु गोविंद सिंह पथ, पटना साहिब स्टेशन, मुर्चा रोड, पूरब दरवाजा, झाऊगंज, चौक, मच्छहरट्टा, खाजेकलां, पश्चिम दरवाजा, पुरानी सिटीकोर्ट, भद्र घाट होते हुए गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। यहां पर शामिल बैंड बाजा, कीर्तन मंडलियों व झांकियों को पुरस्कृत किया गया। शोभायात्रा में सांसद रविशंकर प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र, मुरारी राय, नरेंद्र कुमार, शिशिर कुमार, मुरारी राय, चुन्नू चंद्रवंशी, विनय कुमार बिट्टू, सुजीर कसेरा, श्रवण कुमार, संतोष सोनू, बाबू भाई, राजेश साह, प्रदीप काश, शंकर महतो, कीर्ति यादव, अनंत अरोड़ा, गंगाधर गिरी, सुजीत कुशवाहा, गौरव राज, मुन्ना सरकार, प्रमोद राज, गौरव सिंह आदि शामिल थे। शोभायात्र में मयार्दा पुरुषोत्तम के जीवन पर आधारित पौराणिक झांकियों व आरकेस्ट्रा पर बजते राम भजन में भक्तों की लंबी कतार से माहौल राममय बन था। झांकियों के दल के साथ महावीरी ध्वज लेकर निकले भक्तों की टोली श्री विष्णु लक्ष्मी, श्री राम दरबार, अयोध्या में विराजित श्री राम की प्रतिमा आदि को दशार्या गया था। इधर श्री बालाजी परिवार सेवा संस्थान की ओर से बेगमपुर स्थित श्री जल्ला महावीर मंदिर से निकाली गयी शोभायात्र में भजन कीर्तन व महावीरी ध्वज लेकर लोग चल रहे थे। इसके पूर्व मंदिर परिसर में बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई। अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल की ओर उषा सिंह, अजय कुमार व रघु यादव, संयोजक मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में मालसलामी के सिमली छोटी मंदिर से शोभायात्र निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के अलावा मजिस्ट्रेट, मालसलामी, चौक, खाजेकलां और आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष, पुलिस पदाधिकारी एवं बल की तैनाती थी शोभायात्रा का वीडियोग्राफी भी कराया जा रहा था।

# परिवार नियोजन साधनों के इस्तेमाल में वृद्धि से अनमेट नीड में आई कमी



- परिवार नियोजन साधनों के इस्तेमाल में दोगुना से अधिक वृद्धि

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः जब कोई योग्य दंपति परिवार नियोजन के साधन अपनाने चाहते हों, लेकिन किसी कारणवश वह परिवार नियोजन के साधन का उपयोग नहीं कर पाते हों तो ऐसी स्थिति को अनमेट नीड कहा जाता है. वर्ष 2015-16 से 2019-20 यानी 5 सालों में बिहार में अनमेट नीड को घटाने में सफलता मिली है. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में बिहार की अनमेट नीड 21.2% थी, जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में घटकर 13.6% हो गयी. वहीं, दो बच्चों के बीच तीन साल का अन्तराल रखने की अनमेट नीड में भी कमी आई है. पिछले सर्वेक्षण में यह 9.4% थी, जो नए सर्वे में घटकर 6.1% हो गयी. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, बिहार में कुल प्रजनन दर (प्रजनन काल में एक महिला की औसतन संतान) 3.4 से घटकर 3 हो गयी है. वहीं परिवार नियोजन के लगभग सभी सूचकांकों में बिहार के सभी जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है. परिवार नियोजन के साधन, महिला नसबंदी, 18 साल से कम उम्र में विवाह एवं कंडोम इस्तेमाल में भी सुधार दर्ज हुआ है. इन सुधारों के पीछे परिवार नियोजन साधनों पर सामुदायिक जागरूकता, परिवार नियोजन काउंसलिंग एवं परिवार नियोजन पर सामुदायिक गतिविधियाँ जिम्मेदार रही है. अनमेट नीड में शेखपुरा में सबसे अधिक कमीः राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, राज्य के तकरीबन सभी जिले में अनमेट नीड में कमी आई है. बिहार के शेखपुरा जिले में अनमेट नीड में सर्वाधिक कमी आई है. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के अनुसार, शेखपुरा में अनमेट नीड 19.8% थी, जो घटकर 3.2% हो गयी. इस तरह कुल 16.6% की कमी आई है जो पूरे बिहार में सबसे अधिक है. दूसरे स्थान पर शिवहर एवं नालंदा है, जहाँ अनमेट नीड में 15.6% की कमी आयी है. तीसरे स्थान पर कैमूर जिला है जहाँ 15.5% की कमी आई है. वहीं, 15% की कमी के साथ नवादा चौथे एवं 14.5% की कमी के साथ समस्तीपुर पांचवे स्थान पर है जहाँ अनमेट नीड में महत्वपूर्ण कमी आई है. पीएमसीएच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रीता झा ने बताया कि परिवार नियोजन के साधनों का इस्तेमाल परिवार को छोटा एवं सीमित रखने का सबसे सरल जरिया है. दो बच्चों में कम से कम तीन साल का अंतर रख बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण का पूरा ध्यान रखा जा सकता है और इससे माता के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है. परिवार नियोजन के साधन के इस्तेमाल में दोगुना से अधिक की वृद्धिः परिवार नियोजन के किसी साधन के इस्तेमाल में राज्य में दोगुना से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है. वर्ष 2015-16 में बिहार में 24.1% लोग ही परिवार नियोजन के किसी साधन का इस्तेमाल करते थे, जो वर्ष 2019-20 में बढ़कर 55.8% हो गयी. इसमें मुजफ्फरपुर ने सर्वाधिक बढ़ोतरी दर्ज की है. पिछले सर्वेक्षण में जहाँ मुजफ्फरपुर में केवल 9.2% लोग ही परिवार नियोजन के किसी साधन का इस्तेमाल करते थे, अब वह बढ़कर 66.1% हो गयी. इस तरह मुजफ्फरपुर में पाँच सालों में लगभग 57% की बढ़ोतरी हुई है. दूसरे स्थान पर 50.7% की बढ़ोतरी के साथ समस्तीपुर, तीसरे स्थान पर 48.3% की बढ़ोतरी के साथ गोपालगंज, चौथे स्थान पर 46.9% की बढ़ोतरी के साथ शिवहर एवं पांचवें स्थान पर 46.2% के साथ शेखपुरा जिला है. कंडोम इस्तेमाल में बढ़ी रूचिः परिवार नियोजन में महिलाओं के साथ पुरुषों की समान भागीदारी से ही परिवार नियोजन का सपना साकार हो सकता है. इसलिए कंडोम इस्तेमाल में भी लोगों की रूचि बढ़ी है. वर्ष 2015-16 में राज्य में सिर्फ 1% लोग ही कंडोम का प्रयोग करते थे जो 2019-20 में बढ़कर 4% हो गया. कंडोम इस्तेमाल में भागलपुर पूरे राज्य में अव्वल रहा है. पिछले सर्वेक्षण में भागलपुर में कुल 1% लोग ही कंडोम का इस्तेमाल करते थे, जो 5 सालों में बढ़कर 9.1% हो गया. इस तरह भागलपुर में पांच सालों में 8.1% की बढ़ोतरी हुई. वहीं 6.9% की बढ़ोतरी के साथ मुंगेर दूसरे स्थान पर, 6.4% की बढ़ोतरी के साथ कैमूर तीसरे स्थान पर, 6.3% की बढ़ोतरी के साथ नवादा चौथे स्थान पर एवं 6.1% की बढ़ोतरी के साथ सीवान पांचवें स्थान पर है।

# सिद्धिदात्री की हुई उपासना, हवनव कुंवारी पूजन के साथ नवरात्र संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चैत्र नवरात्र के अवसर पर बुधवार को भगवती के नवम स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा और आराधना की गई। इस दौरान विभिन्न मंदिरों और घरों में श्री दुर्गा सप्तशती पाठ के श्लोक और हवन के मंत्र गुंजायमान रहे। इस दौरान भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी एवं श्री छोटी पटनदेवी के अलावा अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर से लेकर अन्य भगवती मंदिरों में भी देखा गया। वहीं काली मंदिर में भी भक्तों की द्वारा पूजा-अर्चना की गई। श्री दुर्गा सप्तशती के पाठ के विश्राम के बाद हवन-पूजन का काम किया गया। इसके बाद कुंवारी कन्याओं को पूजा कर उन्हें भोजन कराने के बाद वस्त्र और उपहार भी प्रदान कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने का काम किया गया। गुरुवार की सुबह कलश विसर्जन गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर किया जाएगा। दोपहर के बाद से भगवती दुर्गा देवी की स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा।

# हवलदार से सर्विस पिस्टल व कारतूस छीनकर फरार होने वाला अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत विगत 9 अप्रैल को दानापुर स्टेशन के पास बाइक सवार बदमाशों ने घर से लौट रहे एक हवलदार से सर्विस पिस्टल व कारतूस छीनकर फरार होने वाला अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए एएसपी दीक्षा ने बताया कि हवलदार के पद पर रूप सिंह मीणा नौबतपुर में प्राइवेट गार्ड के रूप में प्रतिनियुक्ति है। कुछ दिन पूर्व वे राजस्थान अपने घर गए थे। वापस लौट के क्रम में मंगलवार को ट्रेन से उतरने के बाद रूप सिंह मीणा एक युवक के साथ मोटरसाइकिल से बैठकर पटना सिटी जा रहे थे। इसी दौरान में दो अपराधी उनके पास पहुंचे और उनका बैग छीन फरार हो गए। बैग में उनका सर्विस रिवॉल्वर, 35 पीस कारतूस के साथ ही कुछ जरूरी कागजात मौजूद थे।इस संबंध में पीड़ित हवलदार द्वारा खगौल थाना में लिखित आवेदन दिया था। पुलिस एक टीम गठीत कर तकनीकी अनुसंधान की मदद से उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी शाहपुर थाना के हेतनपुर निवासी राजन तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर सर्विस पिस्टल, जिंदा कारतूस को बरामद कर लिया गया।

# 14 अप्रैल का गंगाघाट कार्यक्रम चैती छठ के कारण स्थगित, अब होगा 21अप्रैल को

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। प्रत्येक रविवार को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक पटना के गंगा किनारे निर्मित पवित्र महात्मा गांधी घाट पर (आरएसएस के शाखा की तरह) पटना में रहने वाले मित्रों/ सदस्यों/ जिला व विधानसभा क्षेत्र के प्रभारियों का मिलन होगा।( पहले यह 14 अप्रैल से शुरू होना था। परन्तु गंगाघाट पर चैती छठ होने और पर्व में साथियों के व्यस्त होने के कारण इसे 21 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है)। व्यायाम एवं राष्ट्रभक्ति के उद्घोष के बाद प्रभारी गण अपने-अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी का आदान-प्रदान कर बिहार के संगठन को आगे बढ़ाएंगे। उपलब्ध जिम्मेदार पदाधिकारी वहां रजिस्टर लेकर पहुंचेंगे, जिसमें जानकारी का विवरण अंकित होगा तथा नई जिम्मेदारियां भी वही तय की जाएगी। प्रत्येक रविवार की सुबह सभी लोग मिलकर इस योजना को सफल बनाने की कृपा करें तथा यह सूचना एक दूसरे को प्रेषित करने का कष्ट करें। बिहार के अन्य जिलों के निवासी यदि रविवार को पटना में है, तो कृपया इस मिलन में शामिल होने का हमारा अनुरोध स्वीकार करें। इसे पटना गंगा घाट सर्वजन पवित्र मिलन कहा जाएगा। 21 अप्रैल 2024 को आयोजित इस प्रथम पवित्र मिलन में निम्न कार्य होंगे :- (1) व्यायाम एवं राष्ट्रभक्ति का उद्घोष, (2) जिलों / विधानसभा क्षेत्र के लिए पटना में रहने वाले व्यक्तियों को प्रभारी के रूप में उनके नाम की घोषणा, (3) सभी क्षेत्रों में जनता मांग सत्याग्रह समितियों के गठन पर विचार, (4) आगामी चुनाव उम्मीदवार एवं कोष संग्रह पर विचार ।

# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला, श्री राम व हनुमान के लगे जयकारा

## मंदिरों से लेकर घरों में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, हनुमत ध्वजा लहराया






पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। अल सुबह से ही बेगमपुर स्थित श्री जल्ला महावीर मंदिर, श्री काले हनुमान मंदिर, संकट मोचन मंदिर से लेकर विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी। करीब 400 साल से अधिक पुराने श्री जल्ला हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की खासा भीड़ देखी गई। यहां पुजारी के द्वारा अल सुबह तीन बजे हनुमान लला की पूजा-अर्चना, भोग अर्पण करने के बाद आरती उतारी गई। इसके बाद 3.30 बजे हनुमान जी का पट भक्तों के दर्शन-पूजन के लिए खोल दिया गया। सुबह छह बजे के बाद से भक्तों की लंबी कतार देखी गई। हालांकि अपराह्न तीन बजे के बाद भीड़ में कमी आई। यहां मंजू जैन के द्वारा संगीतमय सुंदर कांड पेश किया गया। वहीं भक्तों के सुलभ दर्शन के लिए पुलिस प्रशासन, मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के साथ ही निजी सुरक्षा बल की तैनाती देखी गई। भक्तों को शरबत और पानी की व्यवस्था कराई गई थी। मंदिर न्यास से जुड़े प्रदीप जैन व बालाजी ने बताया कि इस बार सबामणि प्रसाद के टोकन की खासा लोगों ने खरीदारी की और हनुमान जी के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की है। नैवेद्यम की बिक्री भी होती रही। हालांकि अपराह्न चार बजे तक कुछ किलो ही नैवेद्यम बचा था। यहां आयोजन को सफल बनाने में मिथिलेश जायसवाल, रमन केडिया, सुनील केसरी, प्रफुल्ल पांडेय, शिव गोप, शिवकुमार तिवारी रवींद्र शुक्ला, नागेश्वर सिंह, रवि रोशन मेहता, वार्ड पार्षद तारा देवी, सुनीता देवी, मनोज कुमार, शिव मेहता आदि सक्रिय थे। मच्छरहट्टा स्थित श्री काले हनुमान मंदिर में पिछले नौ दिनों से चल रहे श्री रामचरित मानस पाठ की पूणार्हूति हुई। इसके बाद सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। पंडित राजेश मिश्रा ने बताया कि सुबह से ही भक्तों की भीड़ श्री काले हनुमान जी के दर्शन-पूजन को लेकर लगा रहा। अपराह्न में शोभायात्रा भी निकाला गया। महावीर स्थान पानदरिवा गली, महावीर घाट, संकट मोचन मौरी गली, घघा घाट महावीर मंदिर, शिवपुर शनिचरा मंदिर, सुल्तानगंज मेन रोड, शाहगंज बजरंग बली मंदिर, चौक सब्जी बाजार स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में ध्वजा रोहन व पूजा पाठ का अनुष्ठान किया गया।

# सुलतानगंज थाना क्षेत्र में भी निकला रामनवमी पर शोभायात्रा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से रामनवमी की शोभायात्रा विभिन्न क्षेत्र से निकाली गई। हिन्दू समाज कल्याण समिति, शिव मंदिर, महेंद्रू रिक्शा पड़ाव के अध्यक्ष राकेश सिह, रामनवमी कल्याण क्लब पूजा समिति, मोहम्मदपुर महेन्द्रू के अध्यक्ष मनोज चौधरी, श्री नवयुवक संघ रामनवमी शोभायात्रा गांधी चौक महेन्द्रू, रामनवमी शोभायात्रा समिति, बालकिशुनगंज के अध्यक्ष हर्ष चौधरी के तत्वावधान ने ऊंट, घोड़ा, बैंड बाजा के साथश्री राम, माता सीता, हनुमान जी की झांकी के साथ सुल्तानगंज, ट्रेनिग स्कूल, महेंद्रू पोस्ट आफिस, गांधी चौक एवं एनआईटी से वापस होते हुए पत्थर की मस्जिद, त्रिपोलिया, बालकिशुनगंज , आलमगंज होते हुए गायघाट स्थित गौरी शंकर मंदिर तक जाकर समाप्त हुआ। इसमें एसडीओ गुंजन सिंह, एएसपी शरथ आरएस, सुलतानगंज थानाध्यक्ष अजय कुमार के साथ शांति समिति के सदस्य पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, प्रिंस पाठक, बसी अख्तर, मधुरंजन कुमार चुन्नी एवं अंजुम आलम शोभायात्रा के साथ मौजूद थे। एसडीओ और एएसपी पुलिस बल के साथ शोभायात्रा की निगरानी कर दिशा-निर्देश देते नजर आए।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि से निकली प्रभातफेरी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बजरंगपुरी स्थित श्री ब्रह्मा कुमारी पाठशाला से रामनवमी को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई। प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बड़ी पटनदेवी पंचवटी कॉलोनी की ओर से यह निकाली गई थी। यह गुड़ की मंडी, चैली टाल श्री प्राणामी मंदिर होते हुए दिव्य प्रकाश भवन पहुंची। यहां पर धार्मिक आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व सेंटर इंचार्ज बीके रानी दीदी ने किया। आयोजन में डॉ एनसी माथुर, कमल भाई, मनीष भाई, बीके चंचल कुमार, निर्मल बहन, आरोही बहन, ज्योति बहन, रिचा बहन आदि शामिल थीं।

# युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना एनडीए की प्राथमिकता : सम्राट

## भाजपा अध्यक्ष ने की अपील, एनडीए के प्रत्याशियों को करें वोट

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पहले चरण के मतदान वाली बिहार के सभी 4 सीटों के मतदाताओं से विकसित भारत और विकसित बिहार बनाने के लिए एनडीए के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्रों में आज चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा और 19 अप्रैल को वहां के मतदाता वोट करेंगे। उन्होंने वहां के मतदाताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को श्रेष्ठ बनाने का सपना देखे है। आज एनडीए प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में विकसित भारत का सपने को साकार करने के लिए आगे बढ़ रहा है, इस कारण आपका एक -एक वोट इस सपने को साकार करेगा। भाजपा मीडिया सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिए गए हैं और आगे 3 करोड़ गरीबों के घर बनाये जायेंगें। इसी तरह गरीबों को मुफ्त पांच किलो अनाज प्रति महीने दिए जा रहे हैं, इन सभी लोगों को पांच लाख रुपये तक का इलाज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने के कार्य हो रहे हैं। कई एक्सप्रेस वे बनने का कार्य शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी और रोजगार दिए जा रहे हैं। मुद्रा लोन के जरिये युवाओं को रोजगार देने वाला भी बनाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने आगे राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज लोग केवल नौकरी की बात कर रहे हैं, लेकिन उनके पास पर्यटन, स्वास्थ्य, नगर विकास, पथ निर्माण जैसे पांच विभाग थे, इनमे एक वेकेंसी नहीं निकली। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि 2021 -22 में एनडीए की सरकार ने शिक्षा विभाग मे 1.75 लाख शिक्षकों की बहाली का निर्णय लेते हुए पॉलिसी बनाई थी। उसी वेकेंसी पर यह अब बोल रहे। इनके माता पिता 15 साल तक प्रदेश में सरकार चलाई लेकिन 1 लाख युवाओं को भी नौकरी नहीं दे सके। दूसरी तरफ 2005 से 2020 तक नीतीश कुमार की सरकार ने 7.50 लाख लोगों को नौकरी दी और उसके बाद 2020 से 2025 तक 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का वादा किया था। अब तो रोजगार के लिए 94 लाख लोगों को दो -दो लाख रुपये भी दिए जा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि एनडीए की प्राथमिकता युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि बिहार में अब माफियाओं को ठंडा करने का समय आ गया है। तेजस्वी यादव के बयान भाजपा द्वारा तलवार बांटने पर भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि राजद गुंडों की पार्टी है। राजद की ओर से जो प्रत्याशी मैदान में है उनमें कोई नाखून उखाड़ने वाला है, कोई अपहरण कर हत्या करने वाला। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आप नाम बताईये जो तलवार बांटने का काम करता हो। उन्होंने आगे कहा कि पहले हम अपने धर्म को पूजते हैं फिर दूसरों का सम्मान करते हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि राजद की गुंडागर्दी भी ठंडा की जाएगी। राजद के संविधान बचाने की लड़ाई लड़ने वाले बयान पर श्री चौधरी ने बेबाकी से कहा कि सबसे ज्यादा कानून तोड़ने वाले नेता का नाम है लालू प्रसाद। सारे गुंडे, अपराधी उनकी पार्टी से ही संबंधित है। लालू प्रसाद बिहार में अपराधियों के प्रतीक हैं। लालू प्रसाद पहले नेता हैं जो पंजीकृत अपराधी होकर सजायाफ्ता है और संविधान की बात कर रहे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री जी खुद कह चुके है कि अब बाबा साहब भी आ जाएं तो संविधान नहीं बदल सकते। इसके बाद बचता क्या है। लोकतंत्र में लोकलज्जा होता है, वही मुख्यधारा में खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि लालू जी के लिए आरक्षण का मतलब अपना परिवार है, भाजपा के लिए समाज है। पूरे देश मे प्रदेश में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को कैसे मिले इसकी चिंता भाजपा को है, और लालू प्रसाद की चिंता टूरिस्ट बेटी को एमपी बनाने की है। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश भाजपा के महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, राजेश वर्मा, विधान पार्षद अनिल शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश और प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल उपस्थित थे।

# संविधान बचाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा:मनोज झा

## कहा-भाजपा के नेता संविधान बदलने की कह रहे हैं बात




**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता सह राजसभा सांसद प्रोफेसर मनोज कुमार झा ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। बुधवार को राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा श्री झा ने कहा कि 2015 में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 9 बर्ष पहले संविधान की समीक्षा तथा आरक्षण व्यवस्था को परिवर्तन करने की बात कही थीं और उस समय जो बातें कही गई थी तब उन बातों को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद ने बंच ऑफ थौड किताब में लिखी बातों का जिक्र किया और जो बातें उसमें वर्णित थी उन बातों को लोगों तक पहुंचाया ।और जो बातें उस किताब में थी उसमें संविधान को नही मानने वाली बात थी। लालू जी ने उस किताब की बातों को बिहार के कोने कोने तक पहुंचाई थी और एक संदेश दिया था । आज पुनः वैसी ही स्थिति बनाई जा रही है और भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। भारत का संविधान दिखाते हुए प्रो मनोज झा ने केंद्र सरकार पर हमला बोला उन्होने कहा की वो संविधान बदलने की बात करते है जबकि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का ये संविधान सबको हक और अधिकार की गारंटी लेता है जिसमें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और हर स्तर पर सम्मान सहित सभी मुद्दो की गारंटी देती है। जबकि मोदी जी के लोग इसको बदलने की बात करते है। संविधान में संशोधन हो सकता है आप इसे बदल नही सकते हैं। ये लोग आरक्षण खत्म करने वाले लोग है और गरीबों, शोषितों ,वंचितों,पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों , आदिवासीयों और अल्पसंख्यकों के अधिकार को समाप्त करने वाली बातें करते हैं। देश की जनता इसका ख्याल रखें। क्या सचमुच संविधान बदल जाएगा यह सब लोग पूछ रहे हैं लेकिन भाजपा के नेता साफ-साफ जवाब देने की जगह लोगों को भ्रम में रख रहे हैं। आज अच्छी नियत वाले सत्ता में नहीं है। उन्होंने कहा कि ये संविधान एक बेहतरीन दस्तावेज है और हम सबको बेहतर ढंग से जीने का अधिकार देता है। संविधान बदलने वाले देश में नागपुर का विधान लाना चाहते हैं। आज देश की जनता को संविधान बचाना है। हमारा संकल्प नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सब कुछ संविधान से लिया गया है। संविधान बदलने वालों पर प्रधानमन्त्री क्यूं नही बोलते है। अपने लोगो से क्यों नही कहते इसपर कोई कुछ नही बोलेगा । और जो इस तरह से बोल रहे हैं ,उन पर कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं उन्हें चुनाव लड़ने से रोकते क्यों नहीं हैं। प्रो मनोज झा ने कहा कि काम का अधिकार हमारा मौलिक अधिकार है तेजस्वी जी इसका जिक्र कर रहे है । संविधान बचाने का यह चुनाव है और इसके लिए लोगों को एक साथ आना होगा और वैसे लोगों को मजबूती से जवाब देना होगा । हम समानता की बात करते है। ये उत्पीड़न वाले है इनको उत्पीड़न पसंद है। मनोज झा ने कहा कि यही प्रधानमन्त्री हर साल 2 करोड़ नौकरी की बात कर रहें हैं,और लोगो ने इसी वादे पर वोट किया लेकिन हुआ क्या ।इनकी बातों पर कौन भरोसा करेगा ।मोदी जी अभी भी वक्त है जो बयान दे रहें है उनके टिकट काट दीजिए । आपके बयान देने पर कौन विश्वास करेगा ,क्योंकि आपने हमेशा दो तरह की बातें की है। प्रो मनोज झा ने कहा कि बिहार में नौकरी का मतलब तेजस्वी है और यहां प्रधानमन्त्री इस पर बात नही कर रहें है। हमे प्रचारमंत्री मिले है ।मोदी जी को आइना लेकर चलना चाहिए , रोजगार और मणिपुर के मुद्दे पर क्यों नही बोल रहें है। आईना इनको सच दिखाएगा । इन्होंने सभी से संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़े होने और वैसे लोगों को जवाब देने की अपील की जो आज संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ,मृत्युंजय तिवारी ,अरुण कुमार यादव ,प्रमोद कुमार सिन्हा ,प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह , डॉ कुमार राहुल सिंह, प्रमोद कुमार राम एवं प्रदेश राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

# रोहिणी के प्रचार के लिए निकले राजद सुप्रीमो पर जदयू ने कसा तंज

## कहा-दलितों, अति पिछड़ों का अपमान करना इनका स्वभाव

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा,अरविंद निषाद और डॉ हुलेश मांझी ने परिवारवाद को लेकर आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव पर जमकर निशाना साधा। मीडिया को जारी एक बयान में पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आज जब सिंगापुर से पलायन कर छपरा चुनाव लड़ने आयी बेटी रोहिणी आचार्य के चुनाव प्रचार की बारी आयी तो लालू प्रसाद यादव राजनीतिक नजरबंदी से बाहर निकल आए। वहीं लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीटों में दलित और कुशवाहा समुदाय से चुनाव लड़ रहे आरजेडी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की याद लालू प्रसाद यादव को क्यों नहीं आयी ? इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने लालू प्रसाद यादव से कुछ अहम और गंभीर सवाल पूछेः क्या ये सही नहीं है कि लालू प्रसाद यादव अपने बेटी रोहिणी आचार्य के चुनाव प्रचार के लिए तो स्वस्थ हो गए, लेकिन चूंकि इनके मन में दलित, पिछड़ा और अति पिछड़ा समुदाय के लोगों का राजनीतिक संहार करना है, इसलिए वो जमुई से दलित समुदाय की अर्चना रविदास, औरंगाबाद से चुनाव लड़ रहे कुशवाहा समाज के अभय कुशवाहा और नवादा सीट से चुनाव लड़ रहे कुशवाहा समुदाय के श्रवण कुशवाहा का चुनाव प्रचार करने नहीं गए? क्या ये सही नहीं है कि लालू प्रसाद यादव राजनीति के सामंत हैं और दलितों, अति पिछड़ों का अपमान करना इनका स्वभाव है? क्या ये सही नहीं है कि चुनाव लड़ने के लिए आप उम्मीदवारों को सिंबल तो खुद दे रहे हैं लेकिन चुनाव प्रचार केवल अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के लिए कर रहे हैं? आखिर ये कैसा दोहरापन है? क्या ये सही नहीं है कि लालू प्रसाद यादव को तो राजनीतिक तौर पर नजरबंद कर दिया गया था? लेकिन रोहिणी आचार्य ने इन्हें उस राजनीतिक नजरबंदी से बाहर निकाला? पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि वंशवादी और परिवारवादी पार्टी आरजेडी दरअसल अपने परिवार तक ही सीमित है और उसे अपने समर्पित कार्यकताओं की भावना से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता आरजेडी के क्रिया कलापों को अच्छे तरीके से पहचान रही है और चुनाव के दिन ईवीएम का बटन दबाकर वो उसका हिसाब करेगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुचिता की राजनीति की परंपरा को वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी कैसे बरकरार रखेंगे? जबकि राजनीति की उस सुचिता को बरकरार रखने का यक्ष प्रश्न बिहार की जनता के सामने खड़ा है?

# अबकी बार दो सौ पार करना एनडीए के लिए मुमकिन नहीं : शिवानंद

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर लिया है। श्री तिवारी ने बयान जारी कर कहा है कि मोदी जी के राम राज में गरीबों की खैर नहीं है। भगवान राम तो वचन के पक्के थे। लेकिन उनके परम भक्त होने का दावा करने वाले प्रधानमंत्री मोदी वचनभंगी हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय देश को उन्होंने जो वचन दिया था वह सबकी स्मृति में है। विशेष रूप से प्रति वर्ष दो करोड़ युवाओं को काम देने, किसानों की आमदनी को दोगुना करने, 2022 तक हर गरीब के घर की छत पक्का होने जैसे वादे किए गए थे। क्या इनमें कोई एक भी वचन मोदी जी पूरा कर पाए ? अब उनकी गारंटी युवा कैसे भूल जाएँ। उस गारंटी पर यकीन कर मोदी जी की सभाओं में नौजवान उन्मादी की तरह मोदी मोदी का नारा लगाया करते थे। उस गारंटी का क्या हुआ? मोदी जी के शासनकाल में बेरोजगारी और बढ़ी है। बेरोजगारी बढ़ने का अर्थ है गरीबी का बढ़ना। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस अनुपात में गरीबी बढ़ी है उसी या उससे ज्यादा अनुपात में देश में अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। 2023 में देश में 1,319 अरबपति हैं। यानी इतने लोगों के पास 1,000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा की संपत्ति है। एक साल में अरबपतियों में 216 नये अरबपति जुड़े हैं। पिछले पाँच साल में इस संख्या में 76 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिस अनुपात में अरबपतियों की संख्या बढ़ी है उसी अनुपात में गरीबी बढ़ी है। देश में चिंताजनक रूप में गैर बराबरी बढ़ी है। इतनी गैरबराबरी अंग्रेजों के राज में भी नहीं थी। हमारे प्रधानमंत्री जी पूजा पाठ वाले देश में भगवान राम के नाम पर लोगों को अपने चुनावी जाल में फँसाते हैं। रामजी को तुलसीदास ने गरीबनवाज कहा था पर मोदी जी के राम राज में गरीबों की खैर नहीं। इन्हें राम जी समझ गये हैं। इसलिए अबकी बार दो सौ पार करना मोदी जी के लिए मुमकिन नहीं है।

# बिहार की सभी सीटों पर महागठबंधन की होगी जीत :भाकपा

- कॉ अवधेश कुमार राय बेगूसराय में आज करेंगे नामांकन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बेगूसराय लोकसभा सीट से कॉमरेड अवधेश कुमार राय के नामांकन की पूरी तैयारी कर ली गई है। अवधेश कुमार राय गुरूवार को बेगूसराय में नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर आईटीआई मैदान बेगूसराय में एक सभा आयोजित की गयी है। सभा को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कॉ बी के कांगों, कॉ नागेन्द्र नाथ ओझा, पूर्व सांसद, महागठबंधन के वरिष्ठ नेता व बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, विकास शील इंसान पार्टी के संयोजक मुकेश सहनी सहित कॉंग्रेस, सीपीआईएम, सीपीआईएमएल और आप पार्टी के नेता संबोधित करेंगे। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार की जनता नरेंद्र मोदी की झांसे में नहीं आने वाली है। बिहार की सभी सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी और केंद्र से भाजपा सरकार की विदाई तय है। कहा कि गांव-गांव में लोगों में उत्साह है। पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सीपीआई और इन्डिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टी के नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। यह लड़ाई लोकतंत्र और संविधान बचाने की है। सभी मोर्चे पर विफल केंद्र की भाजपा सरकार की विदाई तय हो गई है। गया और पूर्णिया की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर बौखलाहट साफ दिख रही थी। प्रधानमंत्री अपनी उपलब्धियों को बताने के बजाए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद पर हमला करते रहे। प्रधानमंत्री चुनावी चंदे पर नहीं बोलते हैं। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अर्थिक विषमता पर भी प्रधानमंत्री को बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में अडानी-अंबानी की संपत्ति बढ़ी तो गरीब और गरीब हो गए हैं।

# राजद को धमकी का जवाब बिहार की जनता देगी : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर जोरदार हमला बोला है। श्री गगन ने कहा कि पहले चरण के रुझानों से वे काफी हतोत्साह और निराश हो गए हैं। इसी हतोत्साह और निराशा में उन्हें अब विपक्ष गुंडा नजर आने लगा है। हालांकि उनकी भाषा और धमकी हीं यह बताने के लिए काफी है कि सही अर्थों में गुंडा कौन है। ऐसे उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जिस पार्टी को वे गुंडों की पार्टी कह रहे हैं उन्हें राजनीतिक पहचान भी उसी पार्टी ने दी थी। और जिन लोगों के साथ आज वे हैं उन लोगों ने उन्हें किस विशेषण से नवाजा था। ऐसे इनके धमकी का जवाब भी बिहार की जनता हीं देगी। ज्ञातव्य है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आज संवाददाता सम्मेलन में राजद को गुंडों की पार्टी कहते हुए सरकार बनने के बाद ठीक कर देने की धमकी दी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज चार लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार कार्य थम गया है और 19 अप्रैल को इन क्षेत्रों में मतदान होने वाला है। मिल रहे रुझानों से यह स्पष्ट है कि इन चारो क्षेत्रों में राजद उम्मीदवारों को जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है और इनमें भारी मतों के अन्तर से राजद उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित है। इससे भाजपा और एनडीए घटक में भारी बेचैनी देखी जा रही है। प्रधानमंत्री जी , गृहमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी द्वारा इन क्षेत्रों में किए गए सभाओं का भी कोई असर नहीं पड़ा बल्कि उनके जाने से मतदाताओं की नाराजगी हीं बढ़ी है।

# लोकतंत्र विरोधियों के मंसूबों को चकनाचूर कर देना है : उमेश

- जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कटिहार एवं भागलपुर लोकसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को कटिहार और भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ लोकसभा चुनाव तैयारियों के निमित्त अतिमहत्वपूर्ण बैठक की एवं उन्हें कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपने संबोधन में उमेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि बंद मुट्ठी लाख की, खुल गई तो खाक की एनडीए के पांचों दल हाथ की पांच ऊँगलियां हैं और जब ऊँगलियां एक-दूसरे से जुड़ जाती हैं तो मुट्ठी बन जाती है। इस मुट्ठी की क्या ताकत होती है, यह हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं। हम सभी को मुट्ठी बनकर रहना है और इसके प्रहार से लोकतंत्र विरोधियों के मंसूबों को चकनाचूर कर देना है। इस बार हमलोगों का लक्ष्य बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत दर्ज करने का संकल्प लिया है। जिसे हर हाल में पूरा करना है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे उम्मीदवार की जीत केवल एनडीए की जीत नहीं होती। ये जीत होगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की करिश्माई जोड़ी की, ये जीत होगी जीतनराम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा और चिराग पासवान की, ये जीत होगी सामाजिक न्याय की, ये जीत होगी नए बिहार और नए भारत की और ये जीत होगी हमारे उज्जवल भविष्य की। बिहार में एक ओर वे हैं जिन्हें केवल अपने परिवार की चिन्ता है। दूसरी ओर नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है और सेवा ही इनके जीवन का पर्याय है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले का बिहार कैसा था और आज का बिहार कैसा है। राजद की सरकार में बड़े-बड़े अधिकारी भी सुरक्षित नहीं होते थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न सिर्फ बिहार को जंगलराज और गुंडाराज से मुक्ति दिलाई बल्कि बीते 18 वर्षों में उन्होंने विकास की लंबी लकीर खींचने का भी काम किए हैं। यह लड़ाई स्पष्टतौर पर परिवारतंत्र बनाम लोकतंत्र और विकास बनाम विनाश की है।

# लालू यादव के चुनाव प्रचार में आने से इंडिया गठबंधन की राह होगी आसान : सहनी

नई दिल्ली। विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बिहार की राजधानी पटना रवाना होने से पहले मीडिया से रूबरू हुए। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा अपनी बेटी के चुनाव प्रचार करने पर वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि लालू यादव चुनाव प्रचार के लिए निकले हैं। इसे इंडिया गठबंधन और हम लोगों के लिए और राह आसान हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। मुकेश सहनी ने कहा कि देश का गरीब परेशान है और आप हर जिले में आलीशान होटल जैसे दफ्तर बना रहे हैं। पीएम मोदी के बयान, संविधान के निर्माण के समय 80 से 90 प्रतिशत सनातन के लोग थे, पर मुकेश सहनी ने कहा कि हम लोग इस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, किसने बनाया इस पर बात करने की जरूरत नहीं है। बात इसपर होनी चाहिए कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए तो आप क्या वादा करके आए। हर साल 2 करोड़ युवाओं से रोजगार का वादा किया था, क्या आप वो पूरा कर रहे हैं, आपने कहा था कि विदेश से काला धन लाएंगे। किसान की आय दोगुनी करने की बात कही थी, आपने कहा था कि 2022 तक पूरे देश में जितने गरीब हैं, उन्हें घर बनाकर देंगे। क्या आपने बनाकर दिया? मुकेश सहनी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में 16,000 करोड़ रुपए इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा ले लिया। आपने ईडी और सीबीआई का धौंस दिखाकर कैसे चंदा ले लिया। आपने कैसे बड़े-बड़े टेंडर देकर उसके बदले में उनसे चंदा लिया। देश का विकास नहीं हो रहा है। गरीब परेशान है और आप हर जिला में आलीशान होटल जैसा कार्यालय बना रहे हैं। आखिर इतना पैसा कहां से ला रहे हैं, केंद्र में 400 करोड़ रुपए खर्च कर बड़े-बड़े कार्यालय बना रहे हैं। इससे पहले जरूर देश के युवाओं को नौकरी देना। इस पर कोई डिबेट नहीं कर रहा है कि सनातन क्या है, संविधान किसने बनाया, हम संविधान के साथ खड़े हैं। संविधान को बदलने की बात करेंगे, हम उससे पहले उस व्यक्ति को बदल देंगे।

## पूर्व सीएम मांझी तीसरी बार तो पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत पहली बार चुनावी मैदान में

# गया सुरक्षित सीट : जीतन राम मांझी व कुमार सर्वजीत के बीच रोचक मुकाबला

**रामाधार प्रसाद**



बिहार की हाईप्रोफाइल गया सुरक्षित सीट पर एनडीए की ओर से हम सेक्यलूर के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी व इंडिया गठबंधन की ओर से राजद प्रत्याशी पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों ही गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा रामबिलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान सहित एनडीए के कई दिग्गज नेता चुनावी सभा कर चुके हैं। वहीं,इंडिया गठबंधन की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अकेले ही मोर्चा संभाले रखा। कई सभा में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी का साथ तेजस्वी यादव को मिला। ताबड़तोड़ चुनावी सभा के बाद मतदाताओं की खामोशी ने दोनों गठबंधन की बेचैनी बढ़ा दी है। मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। एक तरफ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं एनडीए उम्मीदवार जीतनराम मांझी की प्रतिष्ठा भी दाव पर लगी है। वहीं, पूर्व मंत्री वे राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत पर पिता राजेश कुमार की सियासी विरासत को आगे ले जाने की चुनौती है। दोनों राजनेता जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत का राजनीतिक कद काफी बड़ा है और दोनों ही एक-दूसरे को कांटे की टक्कर देने में लगे हुए है। जीतन राम मांझी विधायक से लेकर मंत्री होते हुए मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच चुके हैं, वहीं, कुमार सर्वजीत विधायक से लेकर पर्यटन मंत्री तक रहे हैं। इस संसदीय सीट में गया के छह विधानसभा क्षेत्र शेरघाटी, बाराचट्टी, बोधगया,गया टाउन, बेलागंज और वजीरगंज शामिल है। शेरघाटी,बोधगया और बेलागंज पर राजद का कब्जा है। गया टाउन और वजीरगंज में भाजपा जबकि बाराचट्टी में हम का कब्जा हे। इन छह विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 16 हजार 815 है, जिनमें पुरुष मतदाता की संख्या 09 लाख 44 बाजार 230 है, जबकि महिला मतदाता की संख्या 08 लाख 72 हजार 565 है।

**निर्दलीय समेत 14 प्रत्याशी मैदान में ठोक रहें ताल :**

गया संसदीय क्षेत्र में हम, राजद, बहुजन समाज पार्टी और सात निर्दलीय समेत 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच देखा जा रहा है। हम के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी इससे पहले गया सु पर तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं और उन्होंने अबतक जीत का स्वाद अब तक नहीं चखा है। मांझी की गया सीट पर अग्निपरीक्षा है। जीतन राम मांझी पहली बार राजग के साथ गया सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जीतन राम मांझी को भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा का पूरा समर्थन उनके साथ है। चौथी बार चुनाव मैदान में उतरे जीतनराम मांझी के सामने मोक्षनगरी गया में अपनी नैया को पार लगाने की चुनौती है, वहीं राजद उम्मीदवार कुमार सर्वजीत पर अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने की चुनौती है। कुमार सर्वजीत के पिता राजेश 33 साल पहले जीतन राम मांझी को धूल चटा चुके हैं। इसलिए इस बार गया सीट पर मुकाबला बेहद कड़ा होने की उम्मीद है। हम उम्मीदवार जीतन राम मांझी और राजद उम्मीदवार दोनों वर्तमान में विधायक हैं और लोकसभा चुनाव में सांसद बनने के इरादे से जोर-आजमाइश में लगे हुये हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या चौथी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे जीतन राम मांझी जीत हासिल करते हैं या फिर लोकसभा चुनाव में डेब्यू कर रहे कुमार सर्वजीत जीत का सेहरा अपने नाम कर पिता की विरासत को आगे ले जाते हैं। इस वर्ष19 अप्रैल को होने वाले इन 14 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में लॉक हो जायेगा।

**तीन बार मांझी को मिली है करारी हार :** बताते चलें कि गया सीट से श्री मांझी ने तीन बार पहले भी अपनी किस्मत आजमायी थी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में गया संसदीय सीट से जीतन राम मांझी ने कांग्रेस के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था। इस सीट पर जीतन राम मांझी को जनता दल उम्मीदवार राजेश कुमार ने पराजित किया। श्री मांझी ने 2014 में जदयू के टिकट पर दूसरी बार इस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद श्री मांझी को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में गया सु सीट पर राजग में शामिल जदयू उम्मीदवार पूर्व सांसद भगवती देवी के पुत्र विजय कुमार मांझी ने महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा प्रत्याशी जीतन राम मांझी को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में जीतन राम मांझी महागठबंधन का साथ छोड़कर राजग के साथ हो गये हैं। राजग में सीटो मे तालमेल के तहत गया सीट हम प्रत्याशी को मिली है। वहीं, इंडिया गठबंधन में शामिल राजद प्रत्याशी और बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत चुनावी रणभूमि में ताल ठोक रहे हैं। कुमार सर्वजीत स्व. राजेश कुमार के पुत्र हैं, जिन्होंने जीतनराम मांझी को वर्ष 1991 के गया सीट पर हुये लोकसभा चुनाव में पराजित किया था। इस तरह 33 वर्षो के बाद जीतन राम मांझी पिता के बाद पुत्र से मुकाबला कर रहे हैं। गया इस बार के लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट है, जहां दो विधायक जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच मुकाबला होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में जदयू को यहां से जीत मिली थी, लेकिन इस बार जदयू ने यह सीट श्री मांझी के लिए छोड़ दी। ऐसे में इस सीट पर जीतन राम मांझी के साथ ही नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा भी दाव पर है।

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

- कहा - इस रामनवमी में प्रभु श्रीराम टेंट से निकलकर अपने धाम में विराजे



पटना। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में स्थापित होने के बाद पहली रामनवमी धूमधाम से मनाई जा रही है। रामनवमी के अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य पटना के डाक बंगला चौराहा पहुंचे और रामनवमी शोभा यात्रा में लोगों का अभिवादन और स्वागत किया। इस मौके पर वे शोभा यात्रा राम जुलूस में भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद इस रामनवमी प्रभु श्रीराम टेंट से निकलकर अपने धाम में विराजे हैं। देशभर में हर्षोल्लास का माहौल है। आज राजधानी पटना में रामनवमी के अवसर पर आयोजित भव्य राम जुलूस में सम्मिलित हुआ और राम भक्तों के साथ प्रभु की स्तुति की। इस दौरान पूरा डाक बंगला जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। रामभक्तों की यह खुशी अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के कारण भी नजर आ रही थी। यह पहली बार है जब राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी का आयोजन किया जा रहा है। बताते चलें कि पटना में इस वर्ष रामनवमी के मौके पर शाम को शोभायात्रा निकाली गई। सभी 54 शोभायात्राएं विभिन्न इलाकों से डाकबंगला चौराहे पहुंची, जहां इनका स्वागत किया जाएगा। आयोजन में आदर्श चुनाव आचार संहिता का भी खास ख्याल रखा गया है। रामनवमी को लेकर सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं। राजधानी के सभी मुख्य मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे के जरिए निगरानी की जा रही है तथा जगह-जगह पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है ।पटना के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रामनवमी के मद्देनजर पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। इधर, राज्य के सभी मंदिरों को फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पटना जंक्शन के पास स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में रामनवमी को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। महावीर मंदिर का पट अहले सुबह दो बजे खोल दिया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। राजवंशी नगर स्थित महावीर मंदिर, बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर, राजापुर, दीघा, बोरिंग रोड, कदमकुआं, कंकड़बाग, मीठापुर, यारपुर, रामनगरी सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### अगलगी में 6घर जले ,लाखों की सम्पत्ति नष्ट

मुजफ्फरपुर।गर्मी का मौसम आते ही जिले में अगलगी की घटना भी बढ़ने लगी है। आज जिले के औराई प्रखंड के महुआरा गांव में अचानक आग लगने से 6घर जल कर नष्ट हो गये। लाखों रुपए मूल्य के संपति जल कर नष्ट होने का अनुमान है। दो बच्चों के झुलस कर घायल होने की बात कही जा रही है।घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी। आग आज दिन में करीब दो पहर में लगी बताई जा रही है।जिसके बाद पलक झपकते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते इस अगलगी की घटना में आधा दर्जन से ज्यादा घर जल कर राख हो गए। अगलगी की इस घटना में सकलदेव सहनी, दिलीप सहनी, अनिल सहनी, मोहित सहनी, ज्वाला सहनी समेत आधा दर्जन लोगों की घर जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में दो बच्चे भी झुलसकर घायल हो गए हैं।जिनका इलाज परिजन के द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया जा रहा है।

### हथियार के बल पर मारपीट का रुपया छीना, दिया आवेदन

विभूतिपुर हथियार के भय दिखाकर मारपीट करने व रुपया छिनने को लेकर केराई सरपत्ती निवासी स्वर्गीय रामदुलार सिंह के पुत्र सुनील कुमार ने विभूतिपुर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि मैं श्री कृष्णा ऑटो एजेंसी कल्याणपुर में काम करता हूं।17 अप्रैल बुधवार की सुबह 9:00 बजे रसीदपुर से श्री कृष्णा ऑटो एजेंसी कल्याणपुर में काम पर बाइक से जा रहा था। तभी कल्याणपुर कोल्ड स्टोरेज से आगे ब्लू कलर की पल्सर बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति ओवरटेक कर मेरी बाइक रोका और बोला तुम पंकज लाल के टोटो एजेंसी में काम करते हो।हां कहने पर मारपीट करने लगा एवं जेब से 850 रुपया निकाल लिया और बोला जिंदा रहना चाहते हो तो वहां कब करना छोड़ दो।मलिक को बोल देना होश में रहने के लिए और मेरा बाइक छिनने लगा।शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आते देख तीनों हथियार लहराते हुए फरार हो गया।

### विभूतिपुर में धूमधाम के साथ मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर्व

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी कस्बों, गांवों में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।बुधवार सुबह से ही मंदिरों में रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं का भीड़ लगा हुआ है। श्रद्धालु ह्यजय श्री रामह्न, ह्यजय हनुमानह्न का उद्घोष कर रहे हैं। कल्याणपुर महावीर मंदिर, चकहबीब ठाकुरबारी, सिंधिया घाट, नरहन, भुतहा चौक, चकविद्दुलिया सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों को सजाया गया है। वहीं भजन कीर्तन, ध्वजारोहण, कहीं-कहीं अष्टयाम महायज्ञ के साथ-साथ सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की जा रही है।वहीं कुछ जगहों पर जुलूस भी निकला गया है।हर्ष उल्लास व धूमधाम के साथ प्रखंड क्षेत्र रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार वारंटी की पहचान परतापुर गांव के हीरा महतो पुरुषोत्तमपुर के संतोष शर्मा एवं अकबरपुर के रघुनाथ सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर समस्तीपुर भेज दिया गया।

### रामनवमी के अवसर पर निकला शोभा यात्रा

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा लदौरा के महावीर स्थान के परिसर से सैकड़ो युवाओं ने बैंड बाजे के साथ रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाला गया। यह शोभा यात्रा क्षेत्र के मिल्की, रमोली, लदौरा, कल्याणपुर चौक प्रखंड मुख्यालय पहुंची।वहां से वापस महावीर मंदिर लदौरा पहुंचकर शोभा यात्रा समाप्त किया गया।जिसका नेतृत्व राजन कुमार वर्मा कर रहे थे।मौके पर सभी युवा भगवाधारी झंडा लेकर जय श्रीराम का नारा लगाते हुए चल रहे थे।वहीं मौके पर रवीश कुमार सिंह, राजा कुमार, प्रकाश कुमार एवं अभिषेक सिंह सहित सैकड़ों युवा समाजसेवी शोभा यात्रा में मोजूद थे।

# पुलिस कार्रवाई के विरुद्ध अनिश्चितकालीन अनशन प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाने की पुलिस के कार्यशैली व प्रशासनिक उदासीनता नाराज लोग आमरण अनशन पर बैठे गये हैं। आक्रोशित लोगों ने कहा जब तक आरोपी थानेदार पर कार्रवाई नहीं होगी। तब तक आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे।

विदित हो कि गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी गांव में होली के दिन शराब के खिलाफ गायघाट थाना की पुलिस पहुंची थीं। जहां ग्रमीण व चौकीदार के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद एएसपी पूर्वी सहरियार अख्तर समेत कई थाने की पुलिस मैठी गांव पहुंचे, और लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया। उसके बाद गांव के 14 नामजद व 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध थानेदार ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

इसके बाद सभी लोग पुलिस के भय से गांव छोड़ फरार हो गए। इसके बाद बीते 3 अप्रैल की रात करीब दो बजे में नामजद आरोपी संतोष कुमार उर्फ भिखारी सिंह को पकड़ने गई थी। इस दौरान वहां के महिलाओ ने गायघाट थाना प्रभारी पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाया था। महिलाओं का आरोप था कि घर में कोई पुरुष नहीं था। इसके बावजूद गायघाट थाना प्रभारी कई गाडी से उनके यहां बिना महिला सिपाही के देर रात उनके घर पर छापेमारी करने पहुंचे।

छापेमारी के दौरान घर के महिला और एक लड़की की पुलिस ने जमकर पिटाई कर दी गई। जिसमे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद कई दलों के नेता पीड़ीत परिवार से मिलने पहुंचे और संबंधित थाना प्रभारी पर कारवाई का आश्वासन भी दिया। लेकीन आज तक कोई कार्रवाई नही हुई।

पीड़ित परिवार के दरवाजे पर ही पीड़ित परिवार के साथ सामाजिक कार्यकर्ता आनंद कौशल सिंह व सुरेंद्र प्रसाद सिंह अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। आमरण अनशन पर बैठे लोगो ने कहा है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा। थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं होगी। आमरण अनशन जारी रहेगा।

## चौसा के अंचल अधिकारी ने यूपीएससी परीक्षा में हुए सफल, लोगों ने दी बधाई



प्रात: किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) मधेपुरा जिले के पुरैनी अंचल में अंचल अधिकारी के रूप तैनात ताबिश हसन का बुधवार को चौसा ब्लॉक परिसर में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हे बधाई दी गई। विदित हो की वो यूपीएससी की परीक्षा में 374 रैंक लाया जिसे लेकर पुरैनी सहित विभिन्न ब्लॉक में उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी कड़ी में चौसा सीओ शशिकांत यादव के नेतृत्व में बुधवार को स्वागत कार्यक्रम का अयोजन कर उन्हे बधाई दिए।इस दौरान बीडीओ ब्रजेश कुमार दीपक ने कहा कि ताबिश हसन युवा अंचल अधिकारी होने के साथ साथ यूपीएससी की तैयारी कर सफलता हासिल किए जिससे यह साबित होता है इन्होंने कड़ी मेहनत किया है।

## सुक्की साईफन पूर्वी छोड़ पर पुलिस ने जांच वाहन चेकिंग अभियान चलाया



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली लोक सभा चुनाव को लेकर सुक्की साईफन पूर्वी छोड़ पर स्थापित चेक पोस्ट पर बुधवार को एएसआई व्यास देव कुमर एव मजि स्टेट गणेश प्रसाद दीपक द्वारा लगभग एक दर्जन से ज्यादा दो पहिया वाहन चार चक्का वाहन को रोककर डिक्की चालक की शरीर की तलासी सहित अन्य कागजात की जांच पड़ताल किया गया.जांच के दौरान वाइक की कागजात,हेलमेट, ऑनर बुक एव हेलमेट,ड्राईवर की लाइसेंस सहित अन्य कागजात की जांच कर वाहन का गाड़ी नंबर नोट किया गया.इस दौरान एएसआई व्यासदेव कुमर ने बताया कि लोक सभा चुनाव को मद नजर रखते हुए सुक्की चेक पोस्ट पर 24 घंटे वाहन की जांच पड़ताल की जा रही है. उन्होंने कहा कि यह जाँच पड़ताल 8 मई तक निरंतर चालू रहेगा.इस जांच के मौके पर थाना पुलिस पदाधिकारी मजिस्टेट सहित पुलिस बल शामिल थे.

# कलम की स्वतंत्रता के लिए आजीवन संघर्षरत रहे कवि नेपाली : चंद्रभूषण सिंह चंद्र



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गीतों के राजकुमार गोपाल सिंह नेपाली कलम की स्वतंत्रता के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। उनकी कविताओं में राष्ट्रवादी चेतना कूट-कूट कर भरी है।नेपाली की कविताएं सरसता व सहजता के साथ लोक-संस्कृति से परिपूर्ण है। उन्होंने देश प्रेम,प्रकृति प्रेम व मानवीय भावनाओं का सुंदर वर्णन किया है। साहित्य भवन कांटी में बुधवार को आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने यह बाते कही। उन्होंने कहा कि नेपाली की रचनाओं में समर्पण की भावना भी है व मिलन की कामना भी, रूप का आकर्षण भी है,मन की विह्वलता भी,प्रतीक्षा की पीड़ा भी है व स्मृतियों का दर्द भी है। श्रृंगार भी है भक्ति भी है,शांति भी है क्रांति भी है,कल्पना भी है और यथार्थ भी है। उत्तर छायावाद के जिन कवियों ने अपनी कविताओं व गीतों की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया,उनमें नेपाली का नाम अगली पंक्ति में शामिल है। तुझ सा लहरों में बह लेता,तो मैं भी सत्ता गह लेता.,मेरा धन है स्वाधीन कलम.., बदनाम रहे बटमार मगर,घर तो रखवालों ने लूटा.. जैसी रचनाएं उन्हे अमरत्व प्रदान करती हैं। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि नेपाली को आग व राग का कवि कहा जाता है। जानकी वल्लभ शास्त्री ने उनके बारे में कहा है कि मिल्टन, कीट्स और शेली जैसे त्रय कवियों की प्रतिभा नेपाली में त्रिवेणी संगम की तरह उपस्थित है।परशुराम सिंह ने कहा कि नेपाली ने जीवन के तमाम संघर्षों से दो दो हाथ किए मगर कभी अपने लेखनी से समझौता नहीं किया। चंद्रकिशोर चौबे ने कहा कि नेपाली ने चार दर्जन फिल्मों के लिए 400 से अधिक गीत लिखें। सफल संपादक व सफल गीतकार होने के बाद भी उन्हें वह सम्मान नही मिल सका, जिसके वे हकदार थे। कार्यक्रम में पिनाकी झा,रामेश्वर महतो,नंदकिशोर ठाकुर,महेश कुमार आदि ने भी नेपाली की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## छपराढी कुआर में चैती दुर्गा पूजा नवमी को श्रद्धालु भक्तों की उमड़ी भीड़



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के छपराढी कुआर गांव स्थित श्री श्री 108 चैती दुर्गा पूजा के नवमी दिन माँ दुगार्माता की पट खुलने पर पूजा दर्जनों महिलाएं एव पुरुष माता रानी की पूजा अर्चना की.पूजा समिति के अध्यक्ष विजय कुँवर ने बताया कि वर्ष 2003 से लगातार चैती दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना करके विद्वान पंडितों द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना की जा रही है.आज नवमी के दिन महिलाएं श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा मातारानी की खोइछा भरकर मातारानी से दुआए मांगे. नवरात्रा के नवमी दिन दुर्गा मंदिर में जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह,समाजसेवी नरेश यादव सहित अन्य श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण के लिए दुआ मांगी.वही चैती दुर्गा पूजा समिति के सचिव राघवेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष नरेश यादव ,आलोक कुँवर, सतन यादव सहित अन्य पूजा समितियों द्वारा नवमी पूजा के अवसर पर कुँवारी कन्याएं को भोजन कराया गया.इस चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर समस्त पूजा समिति के सदस्य सहित समस्त छपराढी एव कुआर ग्रामवासी पूजा में शामिल थे।

## सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सहरसा से नई दिल्ली एवं धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 05557/05558 सहरसा-नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल (बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 05557 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल 18 अप्रैल को सहरसा से 07 बजे खुलकर अगले दिन 07 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05558 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल 19 अप्रैल को नई दिल्ली से 10 बजे खुलकर अगले दिन 10 बजे सहरसा पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 19 अप्रैल को धनबाद से 18 बजे खुलकर अगले दिन 15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 20 अप्रैल को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी । इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 एवं शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे ।

## सेक्टर पदाधिकारी की हुई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय के परिसर में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी की बैठक बीडीओ देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। वहीं बैठक में मत मतदाता पर्ची का वितरण के बारे में जानकारी दिया गया। वहीं मतदाता को मतदाता पर्ची में अपना सीरियल नम्बर देख सकें। मतदान के बारे में भी जानकारी दिया गया। वहीं बूथ पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया।साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र विभिन्न बुथ पर मूलभूत सुविधा की कमी होने पर इसकी जानकारी अभिलंब प्रखंड मुख्यालय को देने की बात कही। मौके पर लोकेश नाथ, मनोरंजन प्रसाद, रामप्रवेश राम, सुजीत कुमार सुमन सहित दर्जनों सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे।

## खोइछ भरने को लेकर महिला श्रद्धालुओं की मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड के मलंगिया गांव में चैती नव दुर्गा पूजा मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं की खोइछा भरने को लेकर काफी भीड़ देखने को मिला महिला श्रद्धालुओं ने माता रानी को हर्षोल्लास के साथ खोइछ भरकर माता रानी को प्रसन्न करने में जुट गए, तो वही कुछ भक्तों ने अपने अपने बच्चे को मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मुंडन करवाएं साथ कुमारी कन्या एवं बटूको को भोजन मंदिर परिसर में कराएं। आपको बता दें कि चैती नवरात्रि में मां दुर्गा के चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को यानी आठवें दिन देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का पूजन किया जाता है।धार्मिक मान्यता है कि अष्टमी तिथि पर सच्चे मन से मां महागौरी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मां महागौरी को ममता की मूरत कहा जाता है। मलंगिया के चैती नवदुर्गा पूजा 34 वर्षों से होते आ रहा है यहां पर देवी भक्तों का काफी भीड़ रहती है पूजा में मेले में काफी भीड़ देखने को मिलता है,तथा संध्या में भजन सकीर्तन कार्यक्रम किया जाता है।संध्या में माता रानी की आरती में काफी महिला पुरुष बच्चे लोग मंदिर परिसर पहुंच आरती में भाग लेते है। देवी भक्तो ने कहा माता रानी सच्चे दिल से आराधना करने वालों की मनोकामना पूरी करती हैं।

# बेहतर उत्पादन हेतु फल छेदक कीट से आम की फसल का बचाव जरूरी : डाक्टर एसके सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। आम के बाग में फल टिकोला के आकार का हो चुका है। ऐसी अवस्था में टिकोले पर लाल पट्टी वाले फल छेदक कीडों के आक्रमण से बिहार में विगत दो -तीन सालों से बागवानों को बड़ा नुक्सान उठाना पड़ा है।इस साल भी किसानों को डर सता रहा है कि कहीं ये खतरनाक कीट आम की फसल को फिर न नुकसान पहुंचाए।डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डाक्टर एस के सिंह ने प्रातः किरण को बताया कि इस कीट का प्रकोप बारिश और वातावरण में अत्यधिक नमी होने की वजह से देखा गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। वे कहते हैं , हालांकि . अभी तक बिहार के किसी भी जिले से इस कीट के आक्रमण की खबर नहीं है।. लेकिन नुकसान से बचने के लिए जरूरी है कि आम के बाग की नियमित निगरानी की जाए।. अगर समय से इस कीट का प्रबंधन नहीं किया गया तो भारी नुकसान होने की संभावना रहती है।उन्होंने बताया कि यह कीट लार्वा के रूप में आम के फलों पर आम का जो भाग सटा हुआ होता है उसी पर लगता है।. शुरूआत में ये आम के फल पर काला धब्बा जैसा दाग बना देता है। अगर समय से इसकी रोकथाम नहीं की गई तो ये फल को छेद कर अंदर से सड़ा देता है और. कुछ ही दिनों में आम के फल गिर जाते हैं.इस कीट को रेड बैंडेड मैंगो कैटरपिलर के नाम से जाना जाता है।. यह आम के लिए एक गंभीर खतरा है।. इस कीट से 10 से 50 फीसदी के बीच हानि पहुंचा सकती है. इस कीट के अंडे का रंग दूधिया सफेद होता है, लेकिन 2-3 दिनों के बाद क्रिमी रंग में बदल जाता है. शुरू में इस कीट के लार्वा बहुत छोटे होते हैं. इनका रंग गुलाबी होता है और काले सिर पर क्रीम रंग होते हैं. जैसे ही लार्वा बढ़ते हैं, वे चमकीले, गहरे लाल और सफेद रंग के बैंड के साथ चमकदार हो जाते हैं. लार्वा के सिर के पास एक काला ह्यकॉलरह्न होता है. यह लंबाई में 2 सेमी तक बढ़ सकता है।रेड बैंडेड मैंगो कैटरपिलर आम के फलने के मौसम में और सबसे अधिक आम के फल में गुठली बनने के दौरान की एक बड़ी समस्या है।ये कीट आम के फल के छिलके और फल के अंदर सुरंगें बनाता है और फल के गुठली को भी खाता है।इससे 60फीसदी तक फलों की हानि हो सकती है।डाक्टर सिंह ने इस कीट से बचाव के लिए बागवानों को सलाह देते हुए बताया कि कीट के प्रबंधन के लिए क्लोरीनट्रानिलिप्रोएल (कोरिजन) 0.4 मिली प्रति लीटर पानी या इमामेक्टिन बेंजेट 0.4 ग्राम या डेल्टामेथ्रिन 28 ई.सी.1 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से इस कीट की उग्रता में कमी लाई जा सकती है.इसके अलावा क्वीनलफास या क्लोरपैरिफोस 2 मिली प्रति लीटर या लैम्डा साइहलोथ्रिन 5 ईसी 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से घोलकर छिड़काव कर सकते हैं।. यह कीट सुबह ज्यादा सक्रिय रहता है, इसलिए छिड़काव सुबह के समय करना अच्छा रहता है।

## रामनवमी पर्व पर विजय पताका फहरा श्रद्धालुओं ने किया ध्वजारोहण



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के पतसंडा, कोल्हुआ,सेवा,रतनपुर,मौरा,गंगरा, कुंधुर,पूर्वी गुगुलडीह आदि पंचायतों के विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की पूजा कर अपने अपने घरों में विजय पताका का ध्वजारोहण किया। इस पावन पर्व के अवसर पर गिद्धौर के राजमहल रोड अवस्थित प्राचीन बजरंग बली मंदिर के प्रांगण में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने राम नवमी पर्व पर लाल विजय पताका फहरा ध्वजारोहण कर संकटमोचन हनुमान की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री श्री 1008 महावीर दल व्यायाम शाला समिति के सदस्यों की अगुआई में ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में लाल पताका फहराया व संकट मोचन हनुमान की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख, समृद्धि एवं कल्याण हेतु रुद्रावतार हनुमान से मंगलकामना की।

# अगले 5 दिनों तक तापमान पहुंचेगा 40 डिग्री

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले 5दिनों तक उत्तर बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की सम्भावना है।इस, अवधि में मुख्यतः आसमान के साफ रहने और लू चलने का अनुमान है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 17 सए21अप्रऐल छक्के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 36.9 एवं 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 76 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 39 प्रतिशत, हवा की औसत गति 14.3 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.8 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 7.0 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 26.5 एवं दोपहर में 37.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। 17से 21अप्रैल की अवधि में अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जिसके चलते दोपहर में लू की स्थिति बन सकती है। न्यूनतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है।पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 10 से 12 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि मौसम के शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए तैयार गेहूँ, अरहर एवं मक्का फसल की कटनी तथा दौनी करें। गेहूँ एवं मक्का के दानों को अच्छी तरह धूप में सूखाने के बाद भंडारण करें। विगत माह में बोयी गई मूंग व उरद की फसलों में निकाई-गुराई एवं बछनी करें। इन फसलों में सघन रोमोवाली सुंडिया की निगरानी करें। इनके सुंडियो के शरीर के उपर काफी घने बाल पाये जाते है। यह मूंग एवं उरद् के पौधों के कोमल भागों विशेषकर पत्तियों को खाती है। इनकी संख्या अधिक रहने पर कभी-कभी केवल डण्ठल ही शेष रह जाती है। इस प्रकार इस कीट से फसल को काफी नुकसान एवं उपज में काफी कमी आती है। रोक-थाम हेतु फसल में मिथाइल पैराथियान 50 ई०सी० दवा का 2 मि०ली०प्रति लीटर पानी में या क्लोरपाईरिफॉस 20 ई०सी० दवा का 2.5 मि०ली०। प्रति लीटर पानी मे घोल बनाकर फसल में छिडकाव करें। लीची के पेड़ में फल बेधक कीट के शिशु जो उजले रंग के होते हैं। यह फलों के डंठल के पास से फलो में प्रवेश कर गुदे को खाते हैं जिससे प्रभावित फल खाने लायक नहीं रहता।

## दो जगह आग लगने से तीन घर जलकर राख



कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग अगलगी की घटना में तीन घर जलकर राख हो गया। वहीं खरसंड पश्चिमी पंचायत के गोबर सिठा गांव में पंकज कुमार एवं गागो राय के फुस के घर में बुधवार की दोपहर अचानक अगलगी की घटना में दो घर जलकर राख हो गए। वहीं आग लगी की घटना में घर में रखा अनाज कपड़ा सहित सभी सामान जलकर राख हो गया। आग पर काबू निजी पंप सेट से पाया गया। वहीं दूसरी ओर अंजना पंचायत के वार्ड सात में मंगलवार की देर रात एक फुस के घर में अचानक आग लगी की घटना में स्व. तपेशवर साह के पुत्र पवन साह के घर जलकर राख हो गया। घर में रखा कपड़ा, अनाज व शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं पांच हजार रुपए नकद सहित सारा सामान जल कर राख हो गया। निजी पंप सेट एवं ग्रामीण के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। आग कैसे लगा यह पता नहीं चल पाया है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो और पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार मुन्ना ने घटना की पुष्टि किया है। वहीं अंचलाधिकारी शशि रंजन कुमार ने हल्का कर्मचारी द्वारा स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही है।

## रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला बाइक मार्च

प्रात: किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा) थाना क्षेत्र के पुलिस ने रामनवमी को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक मार्च निकाल कर लोगों से शांति पूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मानने का अपील किया। थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस कर्मियों ने अपने पूरी लाव लश्कर के साथ थाना क्षेत्र के बस स्टैंड, अस्पताल चौक, चौसा बस्ती, केलाबाड़ी, घोषई, कलासन, धुरिया, अरजपुर, चद्रसुरी टोला, सोनवर्षा टोला, भटगामा, लौआलगान सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जा जाकर लोगों से बिना हो हल्ला किए आदर्श आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए शांति पूर्ण तरीके से रामनवमी का पर्व मानने का अपील किया। फ्लैग मार्च के दौरान अवर निरीक्षक श्रीधर मुकुंद, संजीव कुमार, विनय शंकर प्रसाद, पीटीसी शैलेंद्र कुमार, सहित अन्य ग्रामीण पुलिस मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उप कोषागार भवन में चल रहा है अनुमंडलीय न्यायालय

महनार। महनार के उप कोषागार भवन में अनुमंडलीय न्यायालय चल रहा है और इस कारण महनार में उप कोषागार स्थापित नही किया गया। विदित हो कि महनार में 25 वर्ष पूर्ण अनुमंडल की स्थापना की गई थी एवं इसी के मद्देनजर उप कोषागार खोलने हेतु एक भवन बनाया गया था किंतु इसमे उप कोषागार नही खोल कर अनुमंडल कार्यालय खोल दिया गया। बाद में अनुमंडल कार्यालय का अपना भवन बनने के बाद यह कार्यालय वहां चला गया किन्तु इसमे उप कोषागार नही खोल कर अनुमंडलीय न्यायालय खोल दिया गया जो अब तक चल रहा है। उप कोषागार नही रहने के कारण यहां के मुद्रांक बिक्रेता हाजीपुर स्थित जिला कोषागार जा कर मुद्रांक लाते है। 35 किलोमीटर दूर जा कर मुद्रांक लाने का खर्च जोड़ कर महंगे दाम में टिकट व स्टाम्प पेपर बेचते है जिस कारण अधिवक्ता एवं आमजनता को भारी परेशानी होती है तथा उप कोषागार होने से महनार के विकास हेतु 2 प्रति शत की राशि कुल प्राप्त राजस्व आय से मिलता किन्तु यहां तो उप कोषागार है ही नही जिस कारण महनार इससे भी वंचित है।

### 12 घंटे का दो गोला अखंड संकीर्तन आयोजित

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड के मोथा पंचायत के संसारडिहरी गांव में मां काली मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ 12 घंटे का दो गोला अखंड संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिस में प्रभु श्री राम मां सीता, राधे-कृष्णा गायन से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। दो गोला कार्यक्रम में कौपा बनाम बेरई गांव के बीच हुआ सुर संग्राम। जिसमें कौपा कीर्तन टीम के व्यास रजनीश पांडेय और बेरई कीर्तन मंडली टीम के व्यास चंद्रवंश तिवारी ने अपने-अपने संकीर्तन से श्रोता के भाव विभोर किया। मौके पर पुस्कर पांडेय,कृष्णा पाण्डेय, रामाकांत पांडेय,अभिनय पांडेय, मुन्ना पांडेय, बड़क बाबा, रामानुज पांडेय, पूर्व सैनिक मनोज कुमार पांडेय, पूर्व सैनिक अखिलेश पांडेय, दिनेश पांडेय,रजनी कान्त पाण्डेय,रविकांत पांडेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने वाला हो अपना सांसद

प्रात : किरण, संवाददाता





जमुई/गिद्धौर लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। इसको लेकर प्रातः किरण अखबार की टीम ने क्षेत्र के कुछ युवाओं से उनकी राय ली गई कि आखिरकार पहली बार वे सभी वोटर किसको वोट देने वाले हैं। कैसे उम्मीदवार को चुनकर अपने क्षेत्र में लाना चाहते हैं। जहां उन युवाओं का कहना है कि हम सभी वैसे सरकार को देखना चाहते है, जो हर एक जनता को परिवार की तरह सुख-दुख में साथी हो तथा स्वास्थ्य व शिक्षा की ओर काफी विकासशील और परिवर्तन लाने का प्रयास करें। युवाओं का कहना था कि कुछ ऐसे सरकारी अस्पताल है। जहां बिना सिफारिश के मरीज को भर्ती तक नहीं ली जाती है। इसलिए व्यवस्था ऐसा बने की बिना सिफारिश के किसी भी मरीज को अस्पताल में भर्ती लेकर आसानी से उसका इलाज शुरू हो सके।बता दे की लोकसभा चुनाव की रणभेदी बज चुकी है ।और देश के तमाम दल अपने-अपने क्षेत्र में घूमना शुरू कर दिए हैं।वहीं पहली बार वोट देने वाले युवाओं पर पहली नजर रहती है। युवाओं को अपने पक्ष में रखना चाहते हैं। इस लोकसभा चुनाव में युवाओं की सोच हर पांच साल में हमें एक बार सरकार चुनने के लिए वोट देने का मौका मिलता है,इस बार लोकसभा चुनाव में मैं पहली बार मतदान करुंगी इसको लेकर काफी उत्सुकता है। मैं वैसे व्यक्ति को अपना वोट दूंगी जो स्वास्थ्य विभाग में परिवर्तन ला सके। वहीं शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो खुशबू कुमारी रतनपुर गिद्धौर मैं चुनाव में अपना मत का उपयोग पहला बार करूंगा,वैसे हम सभी के वोट से किसी को सत्ता दी जा सकती है तथा सत्ता को वापस भी ली जा सकती है। ऐसे में सोच समझकर वोट करना चाहिए ताकि साफ छवि के लोग जनप्रतिनिधि बने -अमित कुमार पासवान भौराटांड़ गिद्धौर लोकसभा चुनाव में पहली बार अपना मताधिकार का प्रयोग करूंगा मेरा मत भ्रष्टाचार बेरोजगारी और स्वास्थ्य के मुद्दे पर निर्भर करेगा। जो पार्टी इन मुद्दों पर खरा उतरेगी,उसी को मेरा समर्थन होगा -प्रवीण कुमार पासवान रतनपुर लोग बिना सोचे समझे मतदान कर ऐसे व्यक्ति को सत्ता में पहुंचा देते हैं, जो लोग सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं,लोगों को साफ छवि के व्यक्ति के पक्ष में अपना वोट करना चाहिए।

# प्रखंड क्षेत्र में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी पर्व

## रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन रहे अलर्ट



प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया।रामनवमी के दौरान क्षेत्र में शांति बना रहे लोग भाईचारा के साथ रामनवमी पर्व मनाए इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए थे। वहीं क्षेत्र में सादे लिबास में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल को तैनात की गई थी साथ ही क्षेत्र में लगातार गस्ती दल के द्वारा गस्ती किया गया। प्रखंड क्षेत्र के कुंजोरी पंचायत स्थित हरिहरपुर बजरहा गांव में स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रतवारा पंचायत के रतवारा बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में रामनवमी को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ परा। श्रद्धालुओं की जय घोष से पूरा क्षेत्र भक्ति में हो गया। रतवारा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा आराधना किया वही कुंजौरी पंचायत के बजराहा गांव स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में सुबह से हीं श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन कर चैती नवरात्रा में मां दुर्गा का पूजा आराधना किया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के नगरपंचायत आलमनगर स्थित वार्ड नंबर 13 ब्राह्मण टोला में मां दुर्गा मंदिर परिसर में 24 घंटा अखंड राम धुन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसी दौरान प्रखंड के आलमनगर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर, थाना चौक स्थित बजरंगबली मंदिर, आलमनगर मुख्य बाजार स्थित सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर, लदमा स्थित सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव में बजरंगबली मंदिर परिसर में या अपने अपने घर में रामनवमी को लेकर ध्वजारोहण किया गया। संकट मोचन महावीर मंदिर में राम सीता लक्ष्मण एवं हनुमान जी का भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया जिसके दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। इस बाबत थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में रामनवमी के अवसर पर शांतिपूर्ण पर्व मनाने के लिए पुलिस पदाधिकारी को थाना क्षेत्र के सभी मंदिरों पर तैनात किया गया। साथ ही मंदिर कमेटी के लोगों को आचार संहिता के तहत इस बार संक्षिप्त रूप से ही पूजा करने की आग्रह किया गया।

# गिद्धौर के मौरा पंचायत में चार घरों में लगी आग



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई /गिद्धौर :- थाना क्षेत्र के मौरा पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले गौरमजरूआ गांव में अचानक खाना बनाने के क्रम में चिंगारी उड़ने से चार घरों में भीषण आग लग गयी। जानकारी के अनुसार मौरा पंचायत के टोला गौरमजरूआ गांव निवासी लखन मांझी के परिजन अपने घर मे खाना बना रहे थे कि इसी क्रम में चिंगारी उड़ने से लखन मांझी के घर मे भीषण आग लग गयी वही इस घटना में आग के लपटों के चपेट में आकर बगल के पड़ोसी टूना मांझी, मुकेश मांझी, प्यारे मांझी के घर फुश के घर रहने के कारण आग लग गयी। हालांकि ग्रामीणों के अनुसार इस अगलगी के घटना में अब तक किसी भी घरवालों के परिजनों के हताहत होने की बात नही बताई जा रही है। वहीं ग्रमीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया समाचार सम्प्रेषण तक अगलगी के घंटों बित जाने पर दमकल विभाग की टिम घटनास्थल तक पहुंच गया है। वही आग लगी की घटना में पांच बकरी और चार सूअर जिंदा जलकर राख हो गया वही घटनास्थल पर पंचायत के मुखिया धनराज यादव और पंचायत समिति सदस्य दुखन यादव पहुंचकर लोगों को राहत बचाब किया जा रहा है।

# सम्राट अशोक का जयंती एवं कामरेड नागा पहलवान का 32 वां पुण्यतिथि मनाया गया

- सत्य अहिंसा परम धरम, बुद्धम शरणम गच्छामि का किया उद्घोष



प्रात : किरण संवाददाता

हथवन अलौली। सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में महान सम्राट अशोक का जयंती एवं कम्युनिस्ट नेता नवल किशोर प्रसाद उर्फ नागा पहलवान का 32 वां पुण्यतिथि बंधेर हथवन में मनाया गया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन याद किया गया तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वहीं सम्राट अशोक अमर रहे , नागा पहलवान अमर रहे, नारों को बुलंद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि महान सम्राट अशोक का जन्म ईसा पूर्व 304 ई से 232 ई में पटना बिहार में हुआ था। वे मगध साम्राज्य के राजा बिंदुसार के पुत्र थे। वे प्रसिद्ध एवं शक्तिशाली राजवंश मौर्यवंशी प्रथम भारतीय महान सम्राट थे। वे कलिंग युद्ध में काफी रक्तपात एवं जानमाल की क्षति होने पर अत्यंत दुखी होकर हृदय परिवर्तन होने से अहिंसा का पुजारी बन गए एवं बौद्ध धर्म अपनाकर सत्य अहिंसा परम धरम, बुद्धम शरणम गच्छामि, के सिद्धांत का महान प्रचारक बन गए। वे सत्य अहिंसा करुणा दया शांति के मार्ग पर चलकर पथ-प्रदर्शक बन गए। वहीं मिशन के सचिव लालमणि सदा ने कहा कि नागा पहलवान सच्चे अर्थों में कम्युनिस्ट थे जो बंधेर गांव को बसाने का काम किया, वे फरकिया के प्रसिद्ध पहलवान थे। जिनका सैकड़ों शिष्य आज भी पहलवानी में महारत हासिल किये हैं। महादलित नेता राजेश सदा ने कहा कि नागा पहलवान के विचारों, जीवन व्यक्तित्व कृतित्व से आज के पहलवानों को सीख लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में महादलित नेत्री मनोरमा देवी, फूलो देवी, चंचल देवी, रंजू देवी , उपमुखिया मीरा देवी, विजय किशोर, संजय यादव, मदन मोहन, कृष्ण मोहन, दुखहरण केवट, चंद्र देव केवट आदि दर्जनों समाजसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कामरेड नागा पहलवान का प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

# चैत्र नवरात्र की नवमी पर गायत्री मंदिर में हवन पूजन आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ गिद्धौर चैत्र नवरात्र को लेकर प्रखंड क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में भक्तिमय माहौल बना रहा। स्थानीय गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र की नवमी पर हवन पूजन कार्यक्रम हुआ। श्रद्धालु सुबह से ही पूजा की सामग्री लेकर गायत्री मंदिर परिसर पहुंचने लगे थे। सभी अपनी बारी का इंतजार करते हुए पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर अपने परिवार एवं समाज में सुख शांति की कामना की। इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार को सदस्यों ने भाग लिया। हवन पूजन कार्यक्रम सुखदेव बरनवाल एवं महेश लाल बरनवाल ने संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन किया।हवन समापन के बाद कन्या जिमाया गया और सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में गायत्री परिवार की रेणु देवी, संजू देवी, भगवान दास केशरी सहित अन्य श्रद्धालुओं का योगदान रहा।

# जयश्रीराम के उद्घोष से गूँजा आरा शहर

प्रात : किरण संवाददाता

श्रीरामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में आज आरा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।इस भव्य शोभायात्रा की शुरूआत रामगढिा में भगवान श्रीराम और संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज की महाआरती से हुई।महाआरती के बाद संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज ने रामगढिा में शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीरामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम की गंगा बहाते चलो। रामजी का रुप दिखाते चलो। रामजी का जन्मदिन मनाते चलो। रामजी के नाम को जगाते चलो संतश्री ने आगे कहा कि ने भगवान राम एक ऐसे शासक थे जो अपने प्रजा का औरस पुत्रों की तरह पालन करते थे।उनके राज में सभी जीव सुख पूर्वक और प्रेमपूर्वक रहते थे।भगवान राम का आदर्श और चरित्र यदि जीव थोड़ा सा भी अपना लें तो उसका जीव का उद्धार हो जाएगा। तुलसीदास कहते हैं कि श्री राम के समान शील के भंडार स्वामी और कहीं भी नहीं हैं। अतः यह हमारा सौभाग्य है कि हमें भगवान राम का जन्मोत्सव मनाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। संतश्री ने आगे कहा कि एक लकड़ी हृदय है और एक लकड़ी भगवान राम का नाम। जैसे दो लकड़ियों के परस्पर रगड़ से अग्नि प्रज्वलित हो जाती है ठीक उसी तरह से भगवान राम का नाम लेते रहने से राम प्रकट हो जाते हैं।भगवान राम बाद जयश्रीराम के गगनभेदी उद्घोष के साथ यह भव्य शोभायात्रा रामगढिा से बडी चौक,गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, बडी मठिया, महादेवा,धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, रमना रोड, महावीर टोला, करमन टोला, नवादा, स्टेशन रोड, एसपी कोठी, ब्लॉक रोड, कतिरा, पकडी चौक, जज कोठी होते हुए रमना मैदान पहुंची ।वहीं इस दौरान समिति के सचिव सुधीर जी,रथ सजावट प्रमुख अनिल जी,उपाध्यक्ष सह ग्रामीण अध्यक्ष सन्नी पांडे, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, शहर सजावट प्रमुख बादल जालान, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, अशोक तिवारी, बच्चूजी,उदय आनंद, नवीन प्रकाश, हर्ष राज मंगलम, स्टार प्रचारक सरोज पांडेय,सहित समिति के सभी सदस्य थे। जयश्रीराम, हर घर भगवा छायेगा राम राज फिर आयेगा की भक्ति गीतों पर रामभक्त थिरकते रहे ।वहीं सड़क के दोनों किनारों पर खडे होकर महिला-पुरुष पुष्प वर्षा करते रहे ।वहीं पर जगह-जगह रामभक्तों ने भगवान श्रीराम की आरती कर रहे थे। जगह-जगह रामभक्तों के सेवार्थ विभिन्न जगहों पर पानी-शरबत, मिठाई, हलुआ आदि का प्रसाद रामभक्तों को खिला रहे थे ।वहीं समिति के महासचिव शंभू प्रसाद चौरसिया ने कहा कि हमलोग मयार्दा पुरुषोत्तम राम का जन्मोत्सव मना रहे हैं ।इस बार की शोभायात्रा में पिछले वर्षों की तुलना में काफी रामभक्त शामिल हुए हैं ।इसके लिए मैं सबको धन्यवाद देता हूँ ।साथ ही साथ मैं प्रशासन और मीडिया बंधुओं को धन्यवाद देता हूँ। वहीं शोभायात्रा में शामिल हुए केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राजकुमार सिंह, विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ।इन दोनों ने संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज के चरणों को स्पर्श कर अपने और समस्त जनता के लिए आशीर्वाद मांगा।

# आग में करीब तीन दर्जन घर जल कर राख



प्रात : किरण संवाददाता

लालगंज। लालगंज के शाहदुल्लापुर गांव में अचानक आग लगने से करीब तीन दर्जन घर जलकर राख हो गए। इस घटना में लाखों रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शाहदुल्लापुर गांव के वार्ड नम्बर 02 में बुधवार को अचानक एक घर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दर्जनों घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयावह रूप ले चुका था कि लोग घर से कुछ भी सामान नहीं निकाल सके। इस कारण घर में रखा नकद, जमीन का कागजात, बर्तन पंखा, मोटरसाइकिल, साइकिल, अनाज, आधा दर्जन बकरी, चापाकल समेत कई सामान जलकर बर्बाद हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक एक घर में आग लग गई हवा तेज रहने से करीब तीन दर्जन घरों को आग ने अपनी आगोश ले लिया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो आपपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों ने पम्पिंग सेट, बालू, मिटी से जैसे तैसे आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच तीन गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से मौके पर भगदड़ मच गई। लोग जान बचाकर भागने लगे। हालांकि फिर लोग हिम्मत जुटा कर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। फिर वैशाली ,लालगंज, हाजीपुर से चार दमकल की टीम पहुंची। जिसकी मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया गया कि मनोज पासवान के पुत्र राजन कुमार का कल यानी 18 अप्रैल को बरात जाने वाला था। वहीं 24 अप्रैल को मनोज पासवान की बेटी सीमा की शादी होने वाली थी जिसको लेकर घर में हर्ष छाया हुआ था। अचानक आग लगने से सब कुछ बर्बाद हो गया। वही पंचायत के मुखिया प्रथनिधि जयमंगल साह, रामकांत साह, उमेश पासवान पहुँचकर परिजनों को लालगंज अंचलाधिकारी को फोन कर सूचना दिया और परिजनों को सान्तवना दिया।

# मधेपुरा मे निकाली गयी कड़ी सुरक्षा के बीच राम नवमी की शोभा यात्रा




प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के सभी प्रखंड सहित ग्रामीणों इलाको में अचारसंहिता के बीच कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई। मधेपुरा में श्री राम नवमी शोभायात्रा में काफी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। इस शोभा यात्रा में सैंकड़ों लोगों के साथ प्रभु श्री राम और हनुमान सहित अन्य भगवान की झांकी विभिन्न संस्थाओं के द्वारा निकाली गई। जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा को लेकर सभी चौराहों पर कैमरे पुलिस बल कि व्यवस्था किया गया। वही मधेपुरा के भाजपा नेता अंकेश गोप ने कहा कि आज रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा मधेपुरा में निकाला गया जो मधेपुरा के पुरे शहर के विभिन्न मोहल्ले होते हुए मधेपुरा कोलेज चौक पर संपन्न हुआ।

# भगवान राम लाला की निकली शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



पातेपुर। पातेपुर की रामजानकी मठ से बुधवार को गाजे - बाजे के साथ निकाली गई भगवान रामलला की शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में साधु संत भाग लिये ।रामजानकी मठ पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ,विधायक लखेन्द्र पासवान भी पूजा अर्चना किया ।शोभा यात्रा निकलने से पहले भगवान की आरती और पूजा की गई ।महंथ विश्वमोहन दास और मंत्री श्री राय ने मठ से भगवान राम लाला की पालकी को कंधे पर उठाकर शोभा यात्रा में शामिल हुए ।शोभा यात्रा को देखने के लिये दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग पहुचे हुए थे ।शोभायात्रा प्राचीन रामजानकी मठ से होकर पातेपुर बाजार स्थापित मंदिर में भगवान को विराजमान किया गया ।शोभायात्रा में शांति कायम रखने के लिये बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी के रूप में डीसीएलआर खुशबू पटेल और बीडीओ मनोज कुमार राय मुस्तैज रहे ।इस अवसर पर मधुकांत दास,अमित कुमार उर्फ मिंटू सिंह, राजकुमार सिंह,रीता कुमारी,महेश राम,पंडित अभिराम दास,चुचु मिश्रा, रामनरेश राय आदि शामिल हुए।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वोट की बात पर चर्चा आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक में ह्लमहास्वीप दिवसह्व कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न राजस्व ग्रामों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ह्लवोट की बात ह्व पर चर्चा आयोजित की गई। इस आयोजन में जिला स्तरीय पदाधिकारियो, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मियों, विकास मित्र, आंगनबाड़ी सेविका ,आशा कार्यकर्ता, एवं अन्य प्रतिनियुक्ति कर्मियों ने घर घर जाकर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया` इसी क्रम में भगवानपुर प्रखंड के वफापुर बानथू, फैजपुरा,जानकीपुर, बिदुपुर प्रखंड के फूलपूरा,इस्माइलपुर, धर्मपुर, सुल्तानपुर, कुतुबपुर, देसरी प्रखंड के लखनपुर ताल, रामपुर माधौल, गोरौल प्रखंड के मखदुमपुर, गोरौल भगवानपुर, रामदासपुर,हाजीपुर प्रखंड के दौलतपुर चांदी,रामपुर डुमरी, चाकसामा, जंदाहा प्रखंड के बहसी सैदपुर, कजरी बुजुर्ग, सलहा, लालगंज प्रखंड के सररिया, मानिकपुर पकड़ी, महनार प्रखंड के पानापुर, रूपनारायणपुर, हरगोविंदपुर, शाहपुर, महुआ प्रखंड के अलीपुर मुकुंद, समसपुरा, शेरपुर छतवारा,पटेढ़ी बेलसर प्रखंड के मुजा पकरी, पटेढ़ी खुर्द, रामपुर अनिरुद्ध,चकवाजा पातेपुर प्रखंड के चकफातमा, पोखरा, सतकुरवा,हरलोचनपुर सुक्की,राघोपुर प्रखंड के सुकुमारपुर,वरियारपुर सैदपुर हुलास, जाफराबाद डीह, रुस्तमपुर, राजापाकर प्रखंड के रामपुर रत्नाकर, विलन्दपुर, सरमास्तपुर,सहदेई प्रखंड के मजरोही, ताल चतरा, सराय धनेश, पहाड़पुर तोई, नायगांव एवं वैशाली प्रखंड के मतैया, इब्राहिमपुर भागवतपुर, राघवापुर, पहाड़पुर हौजपुरा गाँवों में भी महा स्वीप दिवस पर मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस कार्यक्रम में प्रतिनियुक्ति सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया` बुनियाद केंद्र बिदुपुर महनार एवं पातेपुर के कर्मियों द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं सपना मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

# एनडीए समेत 4 निर्दलीय प्रत्याशियों ने अब तक किया नामांकन दाखिल



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा दरअसल मधेपुरा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 13-मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अभी तक 5 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं 12 प्रत्याशियों ने अपना एन आर कटाया है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी निकिता ने बताया कि अभी तक एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव, समझदार पार्टी के उचेश्वर पंडित, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के जवाहर लाल जायसवाल, आदर्श मिथिला पार्टी के सुरेश्वर पौद्यार, भारतीय जन क्रांति दल (डेमोक्रेटिक) के कामेश्वर यादव ने नामांकन दाखिल कर चुके हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थी के सुविधा हेतु हेल्पडेस्क बनाया गया है। ज्ञात हो कि नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है एवं नाम निर्देशन की संविक्षा की तिथि 20 अप्रैल निर्धारित किया गया है। साथ ही अभ्यर्थियों वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निधार्रित है।

# रामनवमी के अवसर पर महनार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता



महनार ।रामनवमी के अवसर पर महनार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।जय श्री राम के गगनभेदी नारे के बीच निकली भव्य शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल रहे ।साथ ही गंगा जमुनी तहजीब का नजारा देखने को मिला। रामनवमी के अवसर पर महनार के शुक्र पेठिया से रामनवमी शोभायात्रा निकल कर महनार बाजार के मदन चौक होते हुय,सुलतानपुर,नयागांव से होते चांदपुरा पहुंची ।वहां से वापस मुरौवतपुर से होते हुये शुक्र पेठिया पर आकर समाप्त हो गया ।भारी सुरक्षा इंतजामो के बीच निकली शोभायात्रा में अयोध्या में स्थापित श्रीराम लला की बाल स्वरूप प्रतिमा की प्रतिकृति के साथ भगवान राम,बजरंगबली की मूर्ति के साथ भव्य राम दरबार से सजा रथ एवं विभिन्न तरह की झाकियां आकर्षण का केंद्र रही ।शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में बाइक आदि सहित अन्य छोटे बाहन आदि पर सवार होकर लोग शामिल हुय ।शोभायात्रा में गंगा जमुनी तहजीब का नजारा भी दिखा ।बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में शामिल होते हुय जुलूस का स्वागत किया ।मुरौवतपुर अंबेडकर चौक के पास शोभायात्रा का मुस्लिम समुदाय के युवकों ने जसीम खान के नेतृत्व में पेयजल के साथ स्वागत किया ।महनार बाजार में मो0 आबिद हुसैन एवं कलीम असरफ आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया ।बजरंगदल के कार्यकर्ता ठाकुर विवेक सिंह ने मुरौवतपुर में मुस्लिम समुदाय के लोगों को भगवा वस्त्र पहना कर उनका अभिनन्दन किया ।रामनवमी शोभायात्रा के दौरान बहुत ही बेजोड़ प्रशासनिक समन्वय एवं व्यवस्था का नजारा देखने को मिला। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रीतिश कुमार,थाना अध्यक्ष महनार विश्वरंजन सिंह,देशरी सुनील कुमार,चांदपुरा थानाध्यक्ष,प्रखंड विकास पदाधिकारी महनार वसन्त कुमार सिंह,सहदेई प्रिया कुमारी,देशरी प्रशन कुमार प्रशुन आदि के साथ बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान तैनात रहे ।इस दौरान मेडिकल टीम के साथ डॉ हर्षबर्धन तैनात रहे। शोभायात्रा में ठाकुर विवेक सिंह,मनोज मेहता,मनोज कुमार सिंह,धीरेंद्र कुमार सिंह,भूपेंद्र सिंह,गणेश सिंह,प्रियरंजन दास,कुमार वेद प्रकाश,टाइगर सिंह,प्रकाश राज,बच्चन यादव,मंटू सिंह,अविनाश मोदी,सरबिन्द कुमार,किशन शर्मा,आदित्य कुमार सिंह आशु,आनंद यादव,नितेश सिंघानिया,पंकज कुमार,शीनु राज,रोहित सिंह आदि के साथ मो0 आबिद हुसैन,कलीम अशरफ आदि सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

सम्पादकीय

# मायावती का अलग राज्य

बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिमी उप्र को एक अलग, स्वायत्त राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। जब मायावती 2007-12 के दौरान उप्र की मुख्यमंत्री थीं, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थीं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बाद भी इसी भूक्षेत्र को हरित प्रदेश नामक राज्य बनाने को आंदोलन और अभियान छेड़े गए थे। हरित प्रदेश राष्ट्रीय लोकदल के महत्वपूर्ण मुद्दों में एक था। चूंकि पश्चिमी उप्र जाट, किसान, गुर्जर बहुल आबादी का क्षेत्र है, जिनका बुनियादी पेशा कृषि है, लिहाजा हरित प्रदेश नाम देने की बार-बार बात कही गई, लेकिन अब मायावती ने जो मुद्दा उठाया है, उसकी भावुकता हरित प्रदेश से न जुड़ कर राजनीतिक और चुनावी अधिक है। बसपा को आम चुनाव, 2024 में कोई बड़ा फायदा मिलेगा, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि मायावती राजनीतिक तौर पर उतनी सक्रिय भी नहीं हैं। किसी भूखंड, क्षेत्र का पुनर्गठन कर नया, अलग राज्य बनाना आसान नहीं है। अलग राज्य के लिए संस्कृति, भाषा और जन-आंदोलन का होना बेहद अनिवार्य है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का सिलसिला 1953 में शुरू हुआ, जब आंध्रप्रदेश को प्रथम भाषायी राज्य बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तत्कालीन मैसूर राज्य और मद्रास राज्य के हिस्सों को अलग कर आंध्रप्रदेश नए राज्य का पुनर्गठन किया गया। 2013-14 में आंध्रप्रदेश का विभाजन किया गया और तेलंगाना नया, अलग राज्य बनाया गया। राज्य पुनर्गठन आयोग भारत सरकार का एक संस्थान है, जो नया, अलग राज्य बनाने की प्रक्रिया सम्पन्न करता है। आयोग राज्यों के विभिन्न विवादों का भी निपटान करता है। अलग राज्य बनाने के पीछे राजनीतिक समर्थन ही पर्याप्त नहीं, एक स्वतंत्र प्रशासनिक ईकाई स्थापित करना ही मकसद नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति अहम कारक होते हैं। आंध्रप्रदेश को भाषायी आधार पर अलग राज्य बनाने के बाद ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग ने इसी मुद्दे का व्यापक अध्ययन किया और 1955 में निष्कर्ष दिया कि अलग राज्य बनाने के लिए भाषायी ही सबसे सशक्त आधार है। राज्य सिर्फ एक प्रशासनिक ईकाई, एक अलग, स्वतंत्र सरकार ही नहीं है, वहां लोकतांत्रिक संस्थानों की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली भी भावनात्मक हो। भाषा इस संदर्भ में इसका माकूल जवाब हो सकती है। प्रशासन के प्रभावों का भी सवाल है। कभी प्रभावशीलता प्रशासनिक ईकाई के आकार से भी तय होती है। करीब अढाई दशक पहले ह्यहरित प्रदेशह्न रालोद का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था। आज नहीं है। इसी दौर में भाषायी आधार और क्षेत्रीय इतिहास, संस्कृति के आधार पर अलग राज्यों की मांगें मुखर होने लगीं। नतीजतन झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ राज्य बनाए गए। उनके मूल राज्य-बिहार, उप्र और मध्यप्रदेश इतने विशाल राज्य थे कि विभाजन होने के बावजूद कुछ और अलग राज्यों की मांगें गूंजती रहती हैं। आवास और शहरी मामलों की संसदीय कमेटी की एक रपट में अनुमान लगाया गया था कि राष्ट्रीय जीडीपी में शहरी भारत की हिस्सेदारी 65 फीसदी है, लिहाजा शहरी प्रभुत्व राज्य में राजनीतिक आयामों और गतिशीलता को बदल सकता है। राज्य सरकार को जो टैक्स मिलता है, उस पर भी स्वायत्त नियंत्रण इसी वर्चस्व से तय होगा।

## क्या नेता यूपीएसी के जरिये चुने जाएँ?....

राकेश अचल

चूंकि मै किसी राजनीतिक दल का प्रचारक नहीं हूँ इसलिए मुझे केंचुआ रंजीत सिंह सुरजेवाला की तरह 48 घंटे के लिए बैन नहीं कर सकता। मै रोजाना आपके लिए लिखता हूँ और आज भी लिख रहा हूँ। आज मैंने संघ लोकसेवा आयोग के नतीजों की खबर पढ़ी तो मुझे ख्याल आया कि क्यों न देश में सांसदों के चयन के लिए संघ लोकसेवा आयोग को ही मुकर्रर कर दिया जाए। यूपीएससी यानि संघ लोकसेवा आयोग वैसे भी लोक सेवक ही तो चुनता है, फिर नेताओं को क्यों नहीं चुन सकता? आखिर नेता भी तो लोकसेवक ही होते हैं?

यूपीएससी का इतिहास काफी पुराना है। ये संगठन 1854 से देश के लिए लोक सेवक चुनता आ रहा है। पहले ये आईसीएस चुनता था लेकिन 1922 से आईएएस चुन रहा है। पहले यूपीएससी का नाम एफपीएससी था लेकिन भारत की आजादी के बाद जैसे ही देश में नया संविधान बना इसका नाम यूपीएससी हो गया। यूपीएससी को मै केंचुआ से ज्यादा महत्वपूर्ण मानता हूँ, क्योंकि केंचुआ तो देश के लिए पांच साल में एक बार 543 लोक सेवक चुनता है लेकिन यूपीएससी तो लगातार ये काम करता है। इस साल भी यूपीएससी सीएसई 2023 के परिणामों में 1143 रिक्त पदों के मुकाबले 1016 के चयन की सूची जारी की गई है. इन सभी को आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, ग्रुप ए और ग्रुप बी सर्विस में सरकारी नौकरी मिलेगी। यदि संघ लोकसेवा आयोग को ये काम सौंपा जाये तो संसद में जाने से पहले सभी नेताओं को एक नहीं बल्कि दो-दो इम्तिहान देना पड़ें। मजेदार बात ये हो कि भावी लोकसेवकों को न टिकिट पाने के लिए किसी की चिरौरियाँ करना पड़ें और न नोट देना पड़ें। किसी हाईकमान की, किसी संसदीय बोर्ड की जरूरत ही न पड़े। कम से कम न्यूनतम योग्यता वालों को ही संसद में जाने की पात्रता तो होगी। अभी तो संसद में जाने की कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय ही नहीं है। अभी तो बस आपकी उम्र 25 साल के ऊपर होना चाहिए। आपकी योग्यता का पैमाना आपकी शिक्षा, चाल-चलन नहीं है आपका पुलिस से चरित्र सत्यापन भी जरूरी नहीं है। आप खुद अपने ऊपर चले रहे मामलों की जानकारी दे दें तो आपकी कृपा है। आपने नेता बनने से पहले कितना, क्या और कैसे कमाया? कोई नहीं पूछता। ईडी, सीबीआई तो बाद में आपके पीछे लगती है। वो भी तब जब आप सत्ता के साथ नहीं बल्कि आश्रम के साथ खड़े होते हैं तब।

केंचुआ को संसद सुनने से पहले आदर्श आचार संहिता लगना पड़ती है जो उसके हिसाब से नहीं सत्ताधीशों के हिसाब से काम करती है। केंचुआ किसी को भी चुनाव से पहले और चुनाव के बाद एडवायजरी जारी कर सकता है, किसी को भी चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। केंचुआ किसको कितनी आजादी दे ये सत्ता तय करती है, केंचुआ नहीं। यूपीएससी में ये सब झंझट नहीं है। निर्धारित अहर्ता है तो पहले प्रिलिम्स में उत्तीर्ण होइए और फिर मुख्य परीक्षा में अपनी योग्यता का मुजाहिरा कीजिये। अगर योग्यता नहीं है तो चाहे चाय बेचिये या पकौड़े। कोई रोकने वाला नहीं। सांसद बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता नहीं है। चाय बेचने वाला हो, मजदूर हो, हत्याभियोगी हो, जेबकतरा हो, संसद के लिए चुनाव लड़ सकता है। केवल सजायाफ्ता नहीं होना चाहिए। हो भी तो दो साल से कम की सजा वाला हो।

मुमकिन है कि आप मेरी कल्पना पर हँसे, मुझे मूर्ख भी कहें, आपको ये छूट भारतीय संविधान ने दी है। सत्ता आपको ये छूट नहीं देती, लेकिन चूंकि मै संविधान के विधान को मानता हूँ इसलिए मै आपको ये आजादी देता हूँ। मै आजादी का परम उपासक भी हूँ और समर्थक भी। मैंने 1975 में भी आजादी पर हमलों का विरोध किया था और पचास साल बाद 2024 में भी कर रहा हूँ। मुझे जब से मतदान का अधिकार मिला है मै नेता की सूरत देखकर मतदान नहीं करता। मै पार्टियों का चल, चरित्र और चेहरा देखता हूँ। मै मंदिर-मस्जिद, मजहब के नारे देने वालों को भूलकर भी वोट नहीं देता। मै वोट देने से पहले उम्मीदवार की जाति या छाती का आकार भी नहीं देखता। अनेक मौकों पर ऐसा हुआ कि मुझे अपने इलाके में कोई उम्मीदवार समझ नहीं आया तो मैंने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मेरी इस मूर्खता की वजह से बज्जर मूर्ख उम्मीदवार जीत गए। इसका अफसोस मुझे आजतक है।

भारत में यदि सब कुछ संविधान के मुताबिक चले और सांसद चुनने का काम भी यदि संघ लोकसेवा आयोग जैसे किसी संस्थान को सौंप दिया जाये तो मै अपना मताधिकार तक समर्पित करने को राजी हूँ। मेरा वोट खरीदने वाले देश में ढेरों है। मान लीजिये कि यदि मै अपना वोट न भी बेचूँ तो खरीदार मेरे वोट से चुने सांसद और विधायक को खरीद लेते हैं। वे तो पूरी की पूरी सरकार ही खरीद लेते हैं। आपका लोकसेवक यदि किसी आयोग द्वारा तय परीक्षा से चुना जाएगा तो कम से हाल के हाल तो नहीं बिकेगा ! उसे भ्रष्ट होने में कुछ वक्त लगेगा। वो थोड़ा-बहुत तो नैतिक होगा। वो आपने हाथ से अपने वेतन-भत्ते नहीं बढ़ा पायेगा। वो संसद में पहूंचकर केवल मेजें नहीं थपथपाएगा। केवल अपने नेता के नाम की माला नहीं जपेगा। उसे जिस काम के लिए भेजा गया है, वो काम भी करेगा। अभी तो मै देखता हूँ कि आप केंचुआ की देखरेख में चुनते हैं, उसका कोई खाड़ा[ भरोसा ] नहीं। चुनाव के बाद वो आपको मिल ही जाये इसकी कोई गारंटी नहीं है। न राहुल बाबा इसकी गारंटी दे सकते हैं और न मोदी बाबा। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा चुने जाने वाले लोकसेवकों को ये आजादी नहीं है। वे निलंबित किये जा सकते है। बर्खास्त किये जा सकते हैं। उनका तबादला किया जा सकता है। उनके वेतन-भत्ते रोके जा सकते हैं। उनके खिलाफ आय से ज्यादा सम्पति रखने पर कार्रवाई हो सकती है। केंचुआ की देखरेख में चुने जाने वाले लोकसेवक परम स्वतंत्र होते हैं।

# नारा चार सौ पार का, सामना बहिष्कार का?

सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह खबरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किये जा रहे हैं। कई जगह तो ग्राम वासियों ने बाकायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल सहित कई अन्य राज्यों में हो रहे इस तरह के बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज एक चुनावी शगूफा है? अभी गत 30 मार्च को ही मुज़फ़्फ़र नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के काफिले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। खबरों के अनुसार इस पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गये। सभास्थल के समीप की छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई। समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान के विरुद्ध नारे बाजी भी की। इस पथराव में हमलावरों द्वारा खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षति ग्रस्त कर दिया गया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साजिश करार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुदार्बाद के नारे लगाये। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगाये गये।





**निर्मल रानी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

देश में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। सत्ताधारी भाजपा जहाँ अब की बार चार सौ पार के नारे के साथ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रही है वहीं संयुक्त विपक्ष इण्डिया गठबंधन भाजपा की सत्ता में वापसी रोकने के लिये एड़ी छोटी का जोर लगाये हुये है। सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह खबरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किये जा रहे हैं। कई जगह तो ग्राम वासियों ने बाकायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल सहित कई अन्य राज्यों में हो रहे इस तरह के बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज एक चुनावी शगूफा है?

अभी गत 30 मार्च को ही मुज़फ़्फ़र नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के काफिले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। खबरों के अनुसार इस पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गये। सभास्थल के समीप की छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई। समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान के विरुद्ध नारे बाजी भी की। इस पथराव में हमलावरों द्वारा खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षति ग्रस्त कर दिया गया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साजिश करार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुदार्बाद के नारे लगाये। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगाये गये। उनके रथ को स्थानीय लोगों ने जबरन रोक भी लिया। प्रदर्शनकारी भाजपा व अरुण गोविल के विरुद्ध नारेबाजी करते समय अपने हाथों में चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर रथ के आगे खड़े हो गये। और कई जगह चुनाव बहिष्कार के पोस्टर चिपका दिये गये। प्रदर्शनकारी महिलाएं चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रचार रथ के आगे आईं और गुस्साये लोगों ने प्रचार रथ पर चढ़ने का भी प्रयास किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ही भाजपा के और भी कई उम्मीदवारों के विरोध व उनके बहिष्कार की खबरें प्राप्त हुई हैं।

इसी तरह मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराजगी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाजियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी खिलाफ है। राजपूत उत्थान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम तो साफ तौर पर घोषणा कर चुके हैं कि हम भाजपा और मुज़फ़्फ़र नगर लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान का खुलकर विरोध करेंगे। उनके अनुसार जब ठाकुरों को प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया जा रहा तो राजपूत भाजपा को वोट क्यों दें? केवल राजपूत ही नहीं बल्कि त्यागी और सैनी जैसा इस क्षेत्र का प्रमुख समाज भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने कम प्रतिनिधित्व से असंतुष्ट होने की बात कर रहा है। गांव गांव इस आशय के पोस्टर लगे हैं कि पूरे पश्चिमी यूपी में इस बार ठाकुर भाजपा से आर पार करेंगे। इसी तरह सहारनपुर-दिल्ली हाईवे पर स्थित ननौता गांव में गत 7 अप्रैल को हजारों की संख्या में राजपूत बिरादरी के लोग इकठ्ठा हुये। इस से भाजपा के भीतर खलबली मच गई। ह्यक्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति की ओर से नानौता में आयोजित इस सम्मेलन को क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ का नाम दिया गया जिसमें पश्चिमी यूपी के कई जिलों सहित राजस्थान और हरियाणा से भी ठाकुर समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। यहाँ तक कि भीड़ ने हाइवे को भी पूरी तरह से जाम कर दिया। इस सभा में वक्ताओं का कहना था कि उनके इतिहास के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। राजनीतिक द्वेष की भावना से राजपूत समाज को कमजोर किया जा रहा है। इस महाकुंभ में सम्राट मिहिर भोज और लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे का मुद्दा जोर शोर से उठाया गया। गौर तलब है कि गुर्जर और ठाकुर समाज के लोग सम्राट मिहिर भोज पर अपनी-अपनी जाति का होने का दावा करते आ रहे हैं। जिसे लेकर दोनों ही समाज में एक दूसरे के प्रति असंतोष है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और भी कई जगह इस तरह की महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। उत्तरांचल में अनेक लोगों ने गंगा किनारे खड़े होकर भाजपा को हारने का संकल्प लिया। उनका असंतोष अंकिता भंडारी को न्याय न मिलने और अग्निवीर योजना लागु करने को लेकर था।

हरियाणा के भी कई क्षेत्रों में न केवल भाजपा का विरोध हो रहा है बल्कि सत्ता में भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार की लगभग चार वर्षों तक सहयोगी रही जननायक जनता पार्टी (जजपा) का भी जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें किसान विरोधी पार्टी के रूप में देख रहे हैं। हरियाणा के जींद जिले के दुराना गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाके में एक साइन बोर्ड लगाया हुआ है जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है कि बीजेपी-जेजेपी नेताओं को इस गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं। उन्हें भी 2020-21 में हुये किसान आंदोलन के दौरान उनके अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति किसानों ने नहीं दी थी। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से तो भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों का विरोध करने का निर्णय लिया जा चुका है। खबरों के अनुसार इसतरह के व्यापक विरोध को देखते हुए पार्टी नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौर भी बंद कर दिए हैं। हरियाणा के ही ग्राम पंचायत खिड़वाली में गांव के प्रवेश द्वारा पर लगे एक बोर्ड पर ग्रामवासियों ने लिखा है कि ग्राम पंचायत खिड़वाली बी जे पी व जे जे पी के नेताओं का बहिष्कार करती है। गांव में घुसने पर जान माल के खुद जिम्मेदार होंगे। पंजाब, हरियाणा सहित और भी कई राज्यों में भाजपा के इसी तरह के खुले विरोध की खबरों के बीच यह खबर भी आ रही है कि जहाँ विरोध नहीं भी हो रहा वहां भाजपा नेताओं को सुनने के लिये भीड़ भी नहीं इकट्ठी हो रही। कई जगह पैसे देकर मजदूरों के हाथों में भाजपा के झंडे थमा कर उन्हें रैलियों में शामिल किया जा रहा है। ऐसे हालात में यह प्रश्न उठना स्वभाविक है कि चार सौ पार का नारा देने वाली भाजपा को आखिर इस तरह के व्यापक विरोध व बहिष्कार का सामना क्यों करना पड़ रहा है?

# सुप्रीम कोर्ट की बाबा रामदेव को फटकार

शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्यसांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी। गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंतत: राम रहीम कानून के पंजे में फँस गया और इन दिनों जेल में है। यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहा मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्वर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय है। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने-अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है। दो अन्य बाबाओं का जिक्र जरूरी है। एक हैं श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस-समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने करियर की शुरूआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है।







**राम पुनियानी**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ है। इसके पहले भी बाबा हुआ करते थे मगर इन दिनों बाबाओं का जितना राजनैतिक और सामाजिक दबदबा है, उतना पहले शायद कभी नहीं रहा। कई बाबा अनेक तरह के काले कामों में लिप्त भी पाए गए हैं मगर उनकी दैवीय छवि के चलते उनके अपराधों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्यसांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी। गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंततः राम रहीम कानून के पंजे में फँस गया और इन दिनों जेल में है। यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहा मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्वर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय है। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने-अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है। दो अन्य बाबाओं का जिक्र जरूरी है। एक हैं श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस-समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने करियर की शुरूआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है। या कम से कम अब तक तो नहीं था। उनके आयुर्वेदिक उत्पादों का जबरदस्त प्रचार-प्रसार हुआ और मीडिया का एक बड़ा तबका उनका गुणगान करने लगा। बाबा और आचार्य की शैक्षणिक योग्यता के बारे में हम बहुत नहीं जानते। इस समय देश में कई आयुर्वेदिक कॉलेज हैं मगर इन दोनों के पास शायद आयुर्वेद की कोई डिग्री नहीं हैं। पड़ताल से बचने के लिए रामदेव ने देशभक्ति का लबादा ओढ़ लिया और यह कहते रहे कि वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला कर रहे हैं। असली खेल शुरू हुआ कोविड-19 महामारी के दौरान। एक ओर सरकार ने पुणे स्थित भारत बायोटेक को कोवक्सीन का विकास और उत्पादन करने हेतु भारी आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई वहीं बाबा रामदेव ने यह दावा किया कि उनकी कंपनी ने कोविड-19 के इलाज और उससे बचाव के लिए एक दवाई विकसित की है जिसका नाम है कोरोनिल। हमें यह भी बताया गया कि कोरोनिल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) का अनुमोदन प्राप्त है। जब आयुष मंत्रालय ने इस दावे को चुनौती दी तो पंतजलि की ओर से यह कहा गया कि कोरोनिल ह्यडब्लूएचओ के मार्गनिदेशों के अनुरूप है। आयुष मंत्रालय ने कोरोनिल के बारे में दावों को सत्यापित करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी कोरोनिल के कांबो पैक को बड़ी धूमधाम से दो केबिनेट मंत्रियों- डॉ। हर्षवर्धन और नितिन गडकरी, की उपस्थिति में जारी किया गया। हर्षवर्धन स्वयं एलोपैथिक डाक्टर हैं। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से यह जाहिर है कि वे भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों के कितने अंधभक्त हैं।

बाबा ने दावा किया कि कोरोनिल का परीक्षण मामूली से लेकर मध्यम श्रेणी के कोविड संक्रमण से पीड़ित लोगों पर किया गया और कोरोनिल का सेवन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उनका कोविड टेस्ट निगेटिव हो गया। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में किसी भी नई दवा को सामान्य उपयोग के लिए जारी करने के पहले उसका जैव रासायनिक विश्लेषण किया जाता है, पशुओं पर उसका परीक्षण किया जाता है और फिर समुचित आकार के नमूनों पर उसकी डबल ब्लाइंड ट्रायल की जाती है। कोरोनिल के मामले में इनमें से कुछ भी नहीं किया गया।

अपनी व्यवसायिक सफलता से गदगद बाबा रामदेव ने गोदी मीडिया की प्रशंसा को कबूल किया। इससे एक कदम आगे बढ़कर उन्होंने एलोपैथी को एक बेवकूफाना विज्ञान बताना शुरू कर दिया। इससे व्यथित होकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने रामदेव के खिलाफ प्रकरण दायर किया जिसकी सुनवाई हाल में हुई। रामदेव ने अदालत में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपमान करन के लिए आईएमए से क्षमायाचना की। यहां पाठकों को यह याद दिलाना श्रेयस्कर होगा कि बाबा रामदेव ने जब भ्रष्टाचार के खिलाफ भूख हड़ताल की थी तब उन्होंने यह दावा किया था कि योग के कारण उनका शरीर इतना मजबूत हो गया है कि वे लंबे समय तक बिना भोजन के रह सकते हैं। मगर उपवास प्रारंभ करने के कुछ ही दिनों के बाद उनकी हालत इतनी पतली हो गई कि उन्हें एक एलोपैथिक अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसी तरह करीब एक वर्ष पहले जब आचार्य बालकृष्ण बीमार पड़े तो वे एक एलोपैथिक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हो गए।

उच्चतम न्यायालय की चेतावनियों के बाद भी बाबा की कंपनी भ्रामक विज्ञापन जारी करती रही। अदालत ने उन्हें बुलाया और बाबा ने गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगी। मगर अदालत ने उनकी माफी मंजूर नहीं की।

अदालत में चल रहे प्रकरण का नतीजा चाहे जो हो सवाल यह है कि देसी चिकित्सा पद्धतियों और आस्था पर आधारित ज्ञान के आधार पर कोई भला किस तरह आधुनिक चिकित्सा पद्धति का मखौल बना सकता है?

# इस गंभीर मसले से सही तरीके से निपटना जरूरी

भगवती प्र. डोभाल

हाल ही में नाबालिग बच्चियों और एक महिला को पुलिस ने मानव तस्करों के गैंग से मुक्त कराया। घटना उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर की है। दक्षिणी परगना (पश्चिमी बंगाल) की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने की प. बंगाल पुलिस तहकीकात कर रही थी, तब उन्हें सूचना मिली कि लड़की दिल्ली में है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से सहायता मांगी। जांच में पता चला कि नाबालिग शाहदरा या उत्तर पूर्व दिल्ली में है। छानबीन में पता चला कि मंजली बीवी और उसका पति हसन इस तस्कर गिरोह के सरगना हैं। इससे पूर्व सीबीआई ने तीन ऐसे नवजात शिशुओं को तस्करों से दिल्ली में मुक्त कराया जो पैदा ही हुए थे और उन्हें बेचने वाले सामने आए। इनमें से दो बच्चे डेढ़ दिन, तीसरा 15 दिन का था और लड़की एक महीने की थी। इसमें सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और पंजाब में छापे मारे। इन तहकीकात से पता चला कि अस्पतालों के कर्मचारी, बिचौलियों और तस्करों का जाल बिछा हुआ है। तस्करों के इन सरगनाओं की भी गिरफ्तारी हुई, जिसमें पुलिस को पता चला कि नीरज सोनीपत हरियाणा और इंदु पवार दिल्ली के पश्चिम विहार के रहने वाले हैं। उनका एक गिरफ्तार साथी असलम पटेल नगर का है। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार मालवीय नगर की अंजली, जो खरीदार की जानकारी देती थी, को भी गिरफ्तार किया गया। तीन और महिलाओं पूजा कश्यप, ऋतु और कविता को भी गिरफ्तार किया गया। इन महिलाओं का काम होता था कि खरीदे हुए बच्चों का तब तक रख-रखाव करना, जब तक बच्चों के खरीदार न मिल जाएं। बच्चों के व्यापार में ऐसे भी लोग पाए गए, जिनकी संतान नहीं है, वे गोद लेने के लिए प्रयास करते हैं। सीबीआई के अनुसार छापेमारी में पता चला कि एक बच्चे की कीमत पांच लाख रुपये तक दी गई। सीबीआई ने उत्तर पश्चिम दिल्ली केशवपुरम से दो बच्चों को छुड़ाया। मानव तस्करों के पास सभी फर्जी कागजात को तैयार करने के तरीके थे। वे गोद लेने के पेपर भी फर्जी बनाते थे। सीबीआई ने उन माता-पिताओं को भी ढूंढा है, जिनके बच्चे चोरी हुए थे, फिर चोरी किए बच्चों को असली माता-पिताओं के हवाले कर दिया। सीबीआई देश के कृत्रिम गभार्धान केंद्रों पर भी नजर रखे हुई थी, इस अभियान में जयपुर में भी रेड डाली गई थी, वहां पर आरती नाम की महिला पैदा हुए बच्चों के व्यापार में संलग्न थी, एक दिन का बच्चा भी उसके पास था। यह बच्चों के व्यापारी पहले नवजात शिशुओं को इकट्ठा करते थे, उसके बाद जरूरतबंद लोगों को खोजते थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार हर वर्ष 40 हजार बच्चों का अपहरण किया जाता है, जिनमें 11 हजार का कोई पता नहीं चल पाता। बाल तस्करी के पीछे कुछ मूल कारण हैं-गरीबी, शिक्षा की कमी और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद करने की जरूरत।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, गुरूवार, 18 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### जिलेभर में रामनवमी का त्यौहार खुशी एवं उमंग के साथ संपन्न

मोतिहारी।जिले भर में रामनवमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम उमंग के साथ बुधवार को मनाया गया। जहां सभी मंदिरों में भक्तों ने दर्शन कर अपने उज्जवल भविष्य की कामना की। वही सभी मंदिरों को साफ सफाई कर बहुत ही आकर्षक रूप से सजाया गया था। जहां भक्तों ने दर्शन कर अपने उज्जवल भविष्य की कामना वही. प्रतिनिधि के अनुसार।

### रक्सौल के रानू गुप्ता नें यू पी एस सी में 536 रैंक लाकर किया नाम रौशन

रक्सौल।रक्सौल कस्टम रोड निवासी रानू गुप्ता नें यू पी एस सी में 536 रैंक लाकर शहर का नाम जिले में रौशन किया है।बता दें कि रानू गुप्ता तमिलनाडु के बेलौर बेटिक वेलौर इंसीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग करने के बाद फिल्हाल बैंगलुरु में जॉब कर रहे थे। और साथ ही साथ यूपीएससी की तैयारी में लगे थे। इसी बीच मंगलवार को जब रिजल्ट प्रकाशित हुआ तो उन्हें 536 रैंक प्राप्त हुआ है। अनुमान है कि इनको आईपीएस रैंक मिल सकता है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के साथ अपने मित्रों को दिया हैं। इस सफलता के बाद रिश्ते में मामा डॉ. हजारी प्रसाद गुप्ता के साथ शहर के हजारों लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामना दी है। वहीं आज फिर एक रक्सौल के होनहार ने अपना लोहा मनवाया है और यह साबित किया है कि आज भी रक्सौल में छात्र के रूप में यहां से हीरे निकलते हैं।

### पताही प्रखंड में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई

पताही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रामनवमी का उत्सव मनाई गई इसमें पुलिस बल चुस्त और दुरुस्त दिखा वही थाना अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्वक रामनवमी मनाने में सरपंच एवं मुखिया भरपूर सहयोग किया है इसलिए हम सब लोगों को एक जिम्मेवारी होती है अपने अपने पंचायत में शांति से हर त्यौहार मनाया जाए ताकि खुशी का माहौल पंचायत एवं प्रखंड में बना रहे वहीं बेलाही राम पंचायत के मुखिया हीरालाल शाह द्वारा पुर पंचायत में भ्रमण कर लोगों को रामनवमी की बधाई।

# एएचटीयू एसएसबी ने 13 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर ले जा रहे तीन को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



रक्सौल। मानव तस्कर रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल, पूर्वी चंपारण बिहार ने मानव तस्करी के रोकथाम करने में लगातार सफलता हासिल की है, इसी क्रम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा को सोर्स ने आसूचना दी थी कि कोई तीन व्यक्ति एक नाबालिग भारतीय लड़की को तमिलनाडु से नेपाल ले जाने सूचना है, तब उनको पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने क्षेत्र में अलर्ट जारी किया और भारत से नेपाल जाने वाले रास्तो पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गयी। टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, उसी दौरान भारत से नेपाल की ओर तीन व्यक्तियों और एक नाबालिग लड़की को देख कर संदेह हुआ और तुरंत रोका गया। जब तीनो व्यक्तियों व लड़की से शक के आधार पर पुछताक्ष व काउसलिंग की गयी तो पता चला कि तेरह वर्षीय नाबालिग लड़की को बिहार के वैशाली जिला के क्षेत्र से बहला-फुसलाकर कर भगा कर लाया है। गिरफ्तार व्यक्ति राजीव रोशन, राकेश रोशन और दिलीप कुमार से पुछताछ के दौरान पता चला कि शादी का झांसा देकर पहले लड़की को तमिलनाडु ले जाया गया था, फिर उसके बाद लड़की को दिल्ली ले जाया गया। अब इसके बाद लड़की को नेपाल ले जाने की तैयारी थी, अब आगे पता लगाया जा रहा है कि लड़की को तमिलनाडु, दिल्ली फिर नेपाल क्यों ले जाया जा रहा था।

जब लड़की के परिवार वालों से फोन द्वारा सम्पर्क किया गया तो उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी। लड़की के माता-पिता ने आग्रह किया कि हमारी बेटी को भारत नहीं जाने दिया जाय। इस प्रकार मानव तस्कर रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47वी वाहिनी रक्सौल ने एक बार फिर मानव तस्करों के चुंगल से एक नाबालिग लड़की के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

मौके पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, दरोगा शिवनाथ मिश्रा, बागी बलिया, हवलदार अरविंद द्विवेदी, सिपाही पम्मी मिश्रा, सिपाही अन्नामनी, हवलदार ओम प्रकाश जाट, प्रयास जुबेनाइल से अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## ब्रह्मकुमारी आश्रम में मनाया गया श्री रामनवमी महापर्व

प्रात: किरण, संवाददाता



रक्सौल। चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के पावन पर्व पर सभी रक्सौल वासियों एवं संपूर्ण भारत को ब्रह्माकुमारी आश्रम की तरफ से एक कार्यक्रम आयोजित करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। नवरात्री और रामनवमी के पर्व के उपलक्ष्य में बड़े ही हर्ष से शहर के नागा रोड, वार्ड-22 स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय संचालिका ज्ञानू दीदी के द्वारा किया गया, जिसमें सभी को श्रीराम जी के उच्चतम जीवन चरित्र और उनके दिव्य मूल्यों से स्वयं और समाज कल्याण का लाभ कैसे हो ये समझाया गया। इसी के साथ ज्ञानू दीदी ने कहा कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र, निष्ठावान पति, उदार राजा, आदर्श भाई और एक श्रेष्ठ मनुष्य थे और अगर इनके जैसा एक भी मनुष्य हो जाए तो समाज सुख, शांति व प्रेम से सुसज्जित हो जाए। फिर ज्ञानू दीदी ने एक रामायण के एक प्रेरणादाई प्रसंग को याद करते हुए कहा कि एक बार रंगभूमि में श्रीराम जी ने जामवंत से कहा की शायद हम ये युद्ध हार जायेंगे, फिर जामवंत जी ने उन्हे शिव और शक्ति मां दुर्गा की उपासना कर उनके वरदान प्राप्त करने को कहा और दूसरी तरफ रावण भी भगवान की पूजा करता था, लेकिन दोनो में क्या विशेष अंतर था जो राम जीते और रावण हारा ? वो था दैवी गुण, जो राम में भरपूर था और रावण में नही, इससे हमे ये सिख मिली की जीत हमेशा सत्य और दिव्यता की होती है। फिर ममता बहन ने भी प्रेरणादाई प्रसंगों से सभी को दिव्य मूल्यों से परिचय करवाया और कहा की कैसे राम एक पुरुषोत्तम व्यक्तित्व थे, उन्होंने कभी भेद भाव नहीं किया चाहे वो सबरी माता के जूठे बेर खाना हो या वानर सेना को दिल से स्वीकार करना हो, फिर एक और प्रसंग को याद किया, जिसमे श्रीराम से वानर सेना कहती है कि कैसे हम जीतेंगे ये युद्ध हमारे पास तो अच्छे शस्त्र भी नही है, रावण के पास तो उत्कृष्ट शस्त्र है तो फिर श्रीराम जी ने कहा की हमारा सबसे बड़ा शस्त्र आभूषण है सहनशीलता और सालिनता, तो इससे हमे ये सिख मिली की जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी कैसे सकारात्मक और पॉजिटिव रहा जाए। इसी के साथ सभी ने बड़े ही प्रेम से श्रीराम के चरित्र को धारण करने का प्रण लिया और एक दूसरे को बधाई दी।

## एसएसबी की कार्रवाई में नेपाली शराब की बड़ी खेप जब्त, संलिप्त कारोबारियों की तलाश जारी



प्रात: किरण, संवाददाता

घोड़ासहन लोक सभा चुनाव के मद्देनजर सीमा पर बरती जा रही चौकसी की कड़ी मे 20 वीं बटालियन अठमोहान एसएसबी के द्वारा नेपाली शराब की बड़ी खेप जब्त कर झरौखर पुलिस को सपूर्द किया गया। थानाध्यक्ष शिवनाथ मांझी ने इसकी पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार बरौखर बोर्डर के पास एसएसबी ने कारवाई करते 1620 बोतल कस्तुरी नेपाली शराब की खेप जब्त कर लिया। अपितु कारोबारी शराब भरे सभी बोरों को छोड़ भाग निकलने मे सफल रहे । शराब की उक्त खेप नेपाल से सीमा पार लाया जा रहा था । सूचना पर कारवाई करते शराब पैक उक्त बोरों को जब्त कर लिया। संलिप्त कारोबारियो की खोजबीन की जा रही है। बहरहाल बढती चुनावी तपीश के बीच शराब की जब्ती एसएसबी की उपलब्धि मानी जा रही है ।

## नर सेवा नारायण सेवा है, संस्था के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का करेंगे कार्य : डॉ उत्तम कुमार

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी।भारत विकास परिषद शाखा शिवम मोतिहारी उत्तर कोसी बिहार प्रांत 16 अप्रैल को क्षेत्रीय महिला एवं बाल विकास संयोजिका पुतुल सिन्हा के द्वारा दायित्व ग्रहण सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया।शिवम शाखा के अध्यक्ष डॉक्टर उत्तम कुमार ,सचिव चंद्रशेखर चौधरी ,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, महिला एवं बाल विकास संयोजिका शकुंतला शर्मा को निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व निर्वहन करने की शुभकामनाएं दी गई। शिवम शाखा के अध्यक्ष डॉ उत्तम कुमार ने कहा कि इसकी स्थापना 27 अगस्त 1963 को हुआ था। इसका मुख्य उद्देश्य संपर्क, सेवा, सहयोग, संस्कार और समर्पण है। इसके उद्देश्य में नर सेवा नारायण सेवा है। साथ ही बताया कि हम सभी लोग मिलकर हम लोगों को जो जिम्मेदारी दी गई है उसकी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। इसके उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचने का कार्य हम सभी साथ मिलकर करेंगे। मौके पर डॉक्टर सच्चिदानंद पटेल,महिला एवं बाल विकास संयोजिका शकुंतला शर्मा, अमरनाथ साहू संरक्षक ,जगत नारायण प्रसाद पूर्व प्राचार्य नवोदय ,राजकुमार सिन्हा,संगठन सचिव राजेश कुमार गुप्ता,अजय कुमार. प्रमोद कुमार लोहिया ,धीरा गुप्ता प्रांतीय महिला संगठन संयोजक , बालेश्वर जायसवाल, सरोज जायसवाल एवं अन्य साथी मौजूद थे' इस आशय की जानकारी भारत विकास परिषद के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार ने दी'

## जंगल की आग बुझाने में सहयोग करें ग्रामीण और गजमित्र

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।वीटीआर जंगल में आग पर काबू पाने के लिए न्यूज संस्था ने ग्रामीणों के साथ गजमित्रों से सहयोग करने का आग्रह व अपील किया है। गजमित्र और जंगल से सटे ग्रामीण जंगल के संरक्षण के लिए आगे आएं और वनकर्मियों के साथ मिलकर जंगल की आग बुझाने में सहयोग करें। न्यूज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि जंगल मे आग लगने से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। कीड़े मोकोड़े जलकर मर जाते हैं,जिससे उस पर निर्भर रहने वाले पक्षी जल जाते हैं या फिर आहार नहीं मिलने के कारण पलायन कर जाते है। पक्षियों के पलायन का असर पर्यावरण पर सीधे पड़ता है, पक्षियों द्वारा बीजो का एक जगह से दूसरे जगह पर ले जाना फूड चेन पर गहरा असर पड़ता है,जो इक्को सिस्टम को प्रभावित करता है। उन्होंने आगे बताया कि आग लगने से सबसे ज्यादा पॉल्यूशन होता है जो वातावरण को दुषित करता है। इस लिए जंगल मे लगी आग को बुझाने में आम नागरिक आगे आएं और वनकर्मियों का सहयोग करें। बतातें चलें कि वन विभाग के कुशल प्रोग्रामिंग के वजह से जंगल मे आग लगने की घटना में कमी आई है। ऊपरी क्षेत्रों में आग लग रहा है,ऊपरी इलाका नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र हैं लेकिन निचले इलाके वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के कुशल व्यवस्थापन की वजह से आग लगने की घटनाएं कम हो रही है।

## दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का विजेता बने सुरेंद्र यादव



प्रात: किरण, संवाददाता

डेहरी (रोहतास) डालमिया नगर ड्रीम हाउस में आयोजित दया निधि श्रीवास्तव उर्फ भरत लाल मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम चक्र में डेहरी चेस क्लब के सुरेंद्र कुमार यादव 5 ने उत्कर्ष गर्ग 4 को हरा और विजेता बनें। जबकि प्रथम बोर्ड पर शीर्ष वरीयता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी आयुष कुमार शर्मा 4.5 एवं विभांशु मिश्रा 4.5 के बीच बाजी बराबरी पर रही। तीसरे बोर्ड पर संदीप कुमार 4 ने माधव मुकुंद 3.5 को हराकर चौथा एवं चार अंकों के साथ शंकर कुमार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज तीन चक्र के मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में डीएवी कटार , डीएवी भड़कुड़िया ,मॉडल स्कूल डालमियानगर , डेहरी चेस क्लब ,औरंगाबाद, सासाराम नासरीगंज एवं राजपुर सहित जिले भर से चार दर्जन खिलाड़ियों ने शिरकत की। पांच मुख्य पुरस्कारों , नगद राशि एवं ट्रॉफी के अतिरिक्त साथ विशेष खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जिसमें 7 वर्षीय प्रियांश कर्ण को बेस्ट यंगेस्ट ब्वॉय , रवी कुमार सिंह को बेस्ट वेटरन एवं लबानी नारायण कश्यप को बेस्ट गर्ल के किताब से नवाजा गया। डेहरी चेस क्लब के विकास कुमार , डीएवी कटार के उत्कर्ष गर्ग एवं अभिनव मिश्रा को बेस्ट उदीयमान खिलाड़ी के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर एक समारोह आयोजित कर मुख्य अतिथि डेहरी चेस क्लब के संरक्षक इंजीनियर विनय चंचल,अभिनव कला संगम अध्यक्ष कमलेश कुमार, बैंक अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, गुड्डू चंद्रवंशी, संयोजक प्रो. रणधीर कुमार सिन्हा ने सभी विजेता प्रतिभागियों के बीच नगद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शतरंज एक माइंड गेम है और इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है। शतरंज बच्चों के आईक्यू लेवल को बढ़ाता है। संरक्षक ने कहा कि खिलाड़ियों की उपस्थिति एवं उनके उत्साह को देखते हुए डेहरी चेस क्लब ने फैसला किया है कि आगामी अक्टूबर माह में एक राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संचालन रोहतास जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष नंदकुमार सिंह ने की। जबकि संयोजक प्रोफेसर रणधीर कुमार सिन्हा ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों बधाई दी। इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका रोहतास जिला शतरंज संघ के सचिव अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी एवं मान्यताप्राप्त आर्विटर वेद प्रकाश सिन्हा की रही।

## रामनवमी को लेकर माता नरदेवी और माई स्थान मदनपुर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया( घनश्याम ) ।रामनवमी को लेकर मदनपुर देवी स्थान और नर देवी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची है। बिहार, यूपी और नेपाल के कई हिस्सों से लोग देवी स्थानों पर अहले सुबह से पहुंचने लगे हैं। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मदनपुर वन रेंज में माता मदनपुर का स्थान है तो वहीं इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकीनगर के वन क्षेत्र में नर देवी माता विराजती हैं। मदनपुर देवी स्थान पर माता पिंडी रूप में विराजमान हैं और यह स्थल 51 वें शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है। भक्तों का कहना है की बिहार यूपी सीमा पर अवस्थित माता मदनपुर के दरबार में हाजिरी लगाने भर से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। यही वजह है की काफी दूर दराज से लोग यहां मन्नतें मांगने और करने पहुंचते हैं और माता को पूरी हलवा बनाकर चढ़ाया जाता है। वहीं जिन भक्तों की मुरादें पूरी हो जाती हैं वे लोग बकरा की बली चढ़ाते हैं। दूसरी तरफ इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकीनगर के वन क्षेत्र में मां नर देवी की महिमा भी काफी अपरम्पार है। लिहाजा यहां भी नेपाल,बिहार और यूपी से भारी संख्या में भक्त पहुंचते हैं और श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना करते हैं। नर देवी माता स्थान के बारे में कहा जाता है की अल्ला और ऊदल के पिता जासर यहां पूजा करते थे और नर की बली दी जाती थी। रामनवमी मेला के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। एएसपी अभियान खुद टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और पूजा स्थलों पर सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एएसपी अभियान ने बताया की मदनपुर देवी स्थान का इतिहास रहा है की यहां काफी भीड़ उमड़ती है। नतीजतन मैं खुद मॉनिटरिंग कर रहा हूं की पुलिस बलों की तैनाती उचित संख्या में हुई है या नहीं। जरूरत पड़ने पर पुलिस बलों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## जिले में धूम धाम से मनाया गया रामनवमी का त्यौहार

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी टीम :मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव पर मनाए जाने वाला रामनवमी के पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक मनाया गया।अवसर पर मोतिहारी प्रसिद्ध मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्रो में स्थापित मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था।मंदिरों में श्रद्धालुओ की भाड़ी भीड़ देखने को मिला।मोतिहारी प्रतिनिधि के अनुसार जिला प्रशासन की पुलिस चौकसी के बीच रामनवमी पर्व पर सार्वधिक भीड़ सोमेश्वर नाथ मंदिर अरेराज में देखा गया।वही मोतिहारी के नरसिंह बाबा,बेलही मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।सुगौली प्रतिनिधि के अनुसार : सुगौली में लोगो ने घूम धाम से रामनवमी पूजा मनाया। सुगौली छपरा बहास रोड मूर्ति माई मंदिर में बड़ी संख्या में लोगो ने पूजा अर्चना की और प्रत्येक साल की भाती मूर्ति रामनवमी के मौके पर मेला का आयो जन होता है। वही रामनवमी पूजा कों लेकर सुगौली में प्रशासन भी मुस्तैद दिखा सुगौली मूर्ति माई मंदिर के पुलिस कर्मी मुस्तैदी के साथ गश्त करते दिखे। वहीमें रामनवमी के पवित्र पर्व शांतिपूर्ण मनाया गया सुगौली के फुलवरिया, सुगौली, बंगरा, सुगांव, भटहा, करमवा , बगही, छपरा बहास, वनस्पति स्थान, छगराहा सहित कई जगहों पर पूजा अर्चना की गई।फुलवरिया के गढ़ी माई स्थान,बंगरा मूर्ति देवी स्थान,वनस्पति स्थान पर भव्य मेला लगा हुआ था।सुबह से ही लोगो की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी।कई जगहों पर रामनवमी में भव्य जुलुश निकाली गई।मेला में कई प्रकार के खेल तमाशे लगे हुए थे। लोगो ने मेला का खुब आनंद लिया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पुलिस बल के साथ जायजा लेते देखे गए। घोड़ासहन प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के चार धाम मंदिर,सपही स्थान व ब्रह्म स्थान पर रामनवमी के अवसर पर भव्य सजावट किये गए थे।सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।शहर में रामनवमी को लेकर झांकी निकाला गया था।जिसे देखने को श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा था। बनकटवा प्रतिनिधि के अनुसार दुर्गा मंदिर बनकटवा,शिव मंदिर बिजबनी व शिवालय जगिरहा में सुबह से ही पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही।मंदिरों के निकट राम जन्मोत्सव पर विविध कार्ययक्रम व नाटक का मंचन किया गया। रक्सौल प्रतिनिधि के अनुसार प्रसिद्ध सूर्य मंदिर सहित अन्य मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था।जहाँ श्रद्धालुओ ने रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना किया।राम जन्मोत्सव को लेकर पूरे शहर में झांकी निकाला गया।

## रामनवमी के पवित्र पर्व शांतिपूर्ण मनाया गया

प्रात: किरण, संवाददाता



सुगौली: सुगौली में आज मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व धूम-धाम के साथ मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म के अनुसार रामनवमी लोगों के लिए महत्वपूर्ण त्योहार है। इस दिन भगवान हनुमान का दर्शन करके लोग प्रसाद चढ़ाते हैं। रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्य मिलता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, रामनवमी के ही दिन त्रेता युग में महाराज दशरथ के घर विष्णु जी के अवतार भगवान श्री राम का जन्म हुआ था। वही आज के दिन सुगौली में लोगो ने घूम धाम से रामनवमी पूजा मनाया। सुगौली छपरा बहास रोड मूर्ति माई मंदिर में बड़ी संख्या में लोगो ने पूजा अर्चना की और प्रत्येक साल की भाती मूर्ति रामनवमी के मौके पर मेला का आयो जन होता है। वही रामनवमी पूजा कों लेकर सुगौली में प्रशासन भी मुस्तैद दिखा सुगौली मूर्ति माई मंदिर के पुलिस कर्मी मुस्तैदी के साथ गश्त करते दिखे। वहीमें रामनवमी के पवित्र पर्व शांतिपूर्ण मनाया गया सुगौली के फुलवरिया, सुगौली, बंगरा, सुगांव, भटहा, करमवा, बगही, छपरा बहास, वनस्पति स्थान, छगराहा सहित कई जगहों पर पूजा अर्चना की गई।फुलवरिया के गढ़ी माई स्थान,बंगरा मूर्ति देवी स्थान,वनस्पति स्थान पर भव्य मेला लगा हुआ था।सुबह से ही लोगो की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी।कई जगहों पर रामनवमी में भव्य जुलुश निकाली गई।मेला में कई प्रकार के खेल तमाशे लगे हुए थे। लोगो ने मेला का खुब आनंद लिया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पुलिस बल के साथ जायजा लेते देखे गए।

## 15 हजार के अंतराजीय अभियुक्त को पुलिस ने देशी कट्टा 4 जिंदा कारतूस 2 मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार

**गिरफ्तार अभियुक्त पर धनहा में 4 व यूपी के विभिन्न थानों में 25 मामले है दर्ज , चल रहा था फरार**




● धनहा थाना पुलिस ने धवहिया गांव से किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। बगहा पुलिस जिला के सीमावर्ती उतर प्रदेश के 15 हजार के इनामी अपराधी को बिहार के धनहा थाना की पुलिस ने धर दबोचा है .बता दे कि गिरफ्तार अपराधी जवाहर यादव पर यूपी व बिहार में के विभिन्न थानों में करीब 29 मामले दर्ज हैं . जिसमें बिहार के धनहा थाना में चार व यूपी के पडरौना,खड्डा,नेबुआ नौरंगिया,सेवरही, हनुमानगंज सहित आधा दर्जन थानों में 25 मामले दर्ज है . एसडीपीओ बगहा कुमार देवेंद्र ने बताया कि 15 मार्च को भारत फाइनेंस कंपनी के एक कुर्मी से 2.86 लाख की लूट धनहा थाना के दहवा के पास हुई थी . जिसमें फाइनेंस कर्मी अर्जुन यादव के द्वारा धनहा थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था . जिसकी जांच को लेकर एसपी बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया था . एसआईटी टीम के द्वारा टेक्निकल सेल के सहयोग से मामले की जांच की जा रही थी . इसी दौरान धनहा थाना के धवहिया निवासी जवाहर यादव का नाम कांड में सामने आया था जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त जवाहर यादव के घर पर मंगलवार यानी 16 अप्रैल को छापेमारी की . इस दौरान पुलिस ने जवाहर यादव को उसके घर से ही गिरफ्तार किया एवं घर की तलाशी ली गई तो एक देसी कट्टा,चार जिंदा कारतूस के साथ दो मोबाइल व 10.50 हजार नगद बरामद हुआ . जिसे पुलीस ने जब्त कर लिया . एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के बाद अभियुक्त ने कांड में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार की है इसके बाद अभियुक्त के अपराधी के इतिहास की जांच पड़ताल की गई . जिसमें पाया गया की धनहा थाने में 4, यूपी के पडरौना में 9, खड्डा में 1, नेबुआ नौरंगिया में 3, सेवरही में 2, हटा में 2, हनुमानगंज में 4,शाहपुर में 1, जटहा में 1, कसया में दोमामले दर्ज हैं .उन्होने बताया कि यूपी पुलिस के द्वारा गोरखपुर के शाहपूर थाना की पुलीस द्वारा जवाहर यादव पर 15 हजार रुपये के इनाम की भी घोषणा की गई है . एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को पूछ ताछ के बाद बुधवार को न्यायिक रियासत में भेज दिया गया है . उन्होने बताया कि पुलीस धनहा थाने में दर्ज विभिन्न मामलों में पूछताछ के लिए जवाहर यादव को रिमांड पर भी लेगी . एसडीपीओ ने बताया कि इस अभियान में धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती, तकनीकी शाखा प्रभारी दीपक कुमार, नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार,चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार, बगहा थाना के पूअनि उत्पल कांत,चौतरवा थाना के ज्योति पुंज,धनहा थाना के पुअनि अनिरुद्ध कुमार, तेजस्वी कुमार,मोनू कुमार महिला सिपाही सुगंधा कुमारी का अहम योगदान रहा।

## बकाया भुगतान और पीएफ प्रूफ को लेकर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन, गए बेमियादी हड़ताल पर

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।शहर में सफाई कर्मियों नें विरोध प्रदर्शन कर बेमियादी हड़ताल शुरू कर दिया है। दरअसल पीएफ प्रूफ मांगने समेत बकाया भुगतान को लेकर हड़ताल पर गए सफाई कर्मियों नें नगर पालिका परिषद प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एनएच 727 गोरखपुर-बेतिया मुख्य सड़क पर उतर कर सिस्टम के प्रति नाराजगी जताते हुए सफाई कर्मियों नें कूड़े कचरे सड़कों पर फेंक कर आक्रोश जताया है। जिसके बाद शहर में साफ सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। लिहाजा सड़कों पर आने जाने वाले दैनिक यात्रियों समेत आम आवाम को बदबू से होकर गुजरने में भारी दिक्कते आ रहीं हैं इतना हीं नहीं चिलचिलाती धुप में मुख्य सड़क पर पसरी गंदगी के कारण बीमारियों के संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। आरोप है की एक तो सही तरिके से नियमित साफ सफाई नहीं होती है और ऊपर से कूड़ा कचरा मुख्य सड़क पर शहर के बिचोबीच जमा करना कितना उचित है...! बतादें की आज रामनवमी का त्यौहार है ऐसे में चैत रामनवमी पर नगर परिषद गंदगी के अम्बार में मानों नरक में तब्दील हो गया है। शहरवासी और दैनिक यात्रियों नें साफ सफाई की मांग किया है तो वहीं हड़ताली कर्मियों नें अविलंब पीएफ स्टेटस दिखाने समेत कई महिनों के बकाया मानदेय भुगतान करने की बात कही है नहीं तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## चाय बनाने के दौरान लगी आग से 50 घर जलकर राख ट्रैक्टर ट्रॉली समेत लाखों का सामान राख में तब्दील



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।बगहा में अचानक आग लगने से करीब 50 घर जलकर राख हो गए हैं। आग में ट्रैक्टर ट्राली समेत लाखों के सामान भी जलकर खाक में तब्दील हो गया है। घटना पिपरासी थाना क्षेत्र के भैसहिया श्रीपतनगर की है जहाँ अगलगी की भीषण घटना के बाद अफरा तफरी मच गईं। दरअसल चाय बनाने के दौरान लगी आग नें तेज पछिआ हवाओं के कारण भयावह रूप धारण कर लिया, और आग की विकरालता देख गाँव में अफरा तफरी मच गईं। हालांकि सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी नें ग्रामीणों की सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । इधर पटखौली के नरवल बरवल और बथवरिया समेत पिपरासी में हुईं अगलगी के बाद सैकड़ों घर व आधा दर्जन पुंज जलकर राख हो गए हैं लिहाजा बेतिया डीएम दिनेश कुमार राय ने अग्नि पीड़ितों को सरकारी स्तर पर राहत और मदद देने का सभी बीडीओ को दिशा निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा पर्यावरण संरक्षण का झांकी



बिहिया। मे निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा यात्रा में शिव तांडव झांकी, श्री राम दरबार झांकी, मसाने की होली वाली झांकी और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की झांकी निकाली गईजिसमें पर्यावरण कार्यकर्ता रमेश कुमार सुदामा ने मुंह पर ऑक्सीजन मास्क और पिठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लिया था और पीछे से दर्जन भर पर्यावरण कार्यकर्ता पौधा और पर्यावरण संरक्षण की लिखी हुई तख्तियां लिए हुए थे जो पूरे रामनवमी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र था। इसमें पर्यावरण कार्यकताओं ने पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का नारा लगाते हुए श्री राम जानकीमंदिर पोखरा से नवोदय चौक होते हुए स्टेशन रोड हनुमान मंदिर ओवर ब्रिज होते हुए राजा बाजार सब्जी मार्केट और डाक बंगला होते हुए पुनः चौक पर समापन हुआ।

### चैता गायन सुर पर देर रात झूमे श्रोता



नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के तराढ़ गांव स्थित चैता गायन का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ राम जी व्यास ने सुर होख न सहईया ए राम राग छेड़ कर किया। जिस आयोजन में देर रात तक विभिन्न चैता गीत पर श्रोता झूमते रहें। अवसर पर चैता टीम के सभी कलाकारों को फूल माला पहना अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर विजय कुमार, देव कुमार, पवन कुमार, रवि कुमार, ललन सिंह, उपप्रमुख कैलाश पासवान, समाजिक कार्यकर्ता विजय सेठ, अमित कुमार सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।

### नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में राम डिहरा की टीम बनी विजेता

तिलौथू (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के राम डिहरा गांव स्थित खेल ग्राउंड पर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आयोजन। अवसर पर आयोजनकर्ता विशाल कुमार ने विभिन्न टीमों के सभी खिलाड़ियों से मिलते हुए टूनार्मेंट का फीता काट शुभारंभ किया। जिसका फाइनल मुकाबला कृपा गांव बनाम राम डिहरा के बीच खेला गया। जिस मुकाबले में राम डिहरा की टीम टूनार्मेंट विजेता बनी। अवसर पर मुख्य अतिथि आशुतोष सिंह व विशाल कुमार ने विजेता टीम को ट्रॉफी देते हुए सभी खिलाड़ियों को मेडल पहना सम्मानित किया। साथ ही उपविजेता टीम के भी सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया विनोद चंद्रवंशी, परशुराम सिंह, भूतपूर्व सब इंस्पेक्टर रणजीत सिंह, संजय रविदास, अमित पाठक, बीडीसी राकेश रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

### रामनवमी के अवसर पर दुर्गावती में श्री राम की झांकी के साथ निकली शोभा यात्रा

दुर्गावती। प्रखंड के दुर्गावती बाजार में बुधवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में राम भक्तो ने हिस्सा लिया। डीजे पर प्रतिबंध होने के कारण ढोल नगाड़े के साथ यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दुर्गावती बाजार से निकलकर दरौली, सारंगपुर, दुर्गावती स्टेशन, दहियाव, सावठ गेट होते हुए दुर्गावती बाजार में आकर संपन्न हुई। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋचा मिश्रा, अंचलाधिकारी दुर्गावती सदानंद कुमार एवं थाना अध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में तैनात रहे।

### कूड़ा कचरा में लगी आग अग्निशमन विभाग की गाड़ी पाया आग पर काबू

अरवल। कूड़ा- कचरा में लगी आग अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने आग पर पाया काबूमिली जानकारी के अनुसार जिले के मेहंदिया बाजार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 139 किनारे ढेर सारे कूड़ा कचरा फेंका हुआ था जहां सामाजिक तत्वों के लोगों ने उस कूड़ा कचरा में आग लगा दी पछुआ हवा के कारण आग कि लेपटा इतना तेज थी कि आग पर काबू नहीं पाया जा रहा थो हालंकि स्थानीय लोग अपने स्तर से आग बुझाने का भरपूर कोशिश कर रहे थे, आगलगी कि सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशामक विभाग को दी सूचना के उपरांत अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया यदि समय पर अग्निशमन गाड़ी नहीं पहुंचती तो ट्रांसफार्मर के अलावे गेहूं के खेत में भी आग लग सकता था, लोगों को काफी नुकसान भी पहुंच सकता थो लेकिन मेहदिया थाने में स्थापित अग्निशामक विभाग की गाड़ी सही समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, और बड़ीं आगलगी होने से बचा लिया।

# आरा में भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई, आकर्षण का केंद्र बना झांकी

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। श्री रामनवमी शोभायात्रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी रथ पर सवार थे। राम की आरती के पक्षात यह भव्य शोभायात्रा रामगड़िया से 12बजे। यह भव्य शोभायात्रा रामगड़िया से शुरू होकर बड़ी चौक, गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, रमना रोड, महावीर टोला, करमन टोला, नवादा, स्टेशन रोड, एसपी कोठी रोड, ब्लॉक रोड, कतिरा रोड, पकड़ी चोक, जज फोठी रोड़ होते हुए रमणा मैदान में जाकर एक विशाल सभा में तब्दील हो गई रामनवमी शोभायात्रा यात्रा में शिव तांडव झांकी, श्री राम दरबार झांकी, मसाने की होली वाली झांकी और श्री राम नवमी शोभा यात्रा का श्री राम रथ रामगढ़िया में पूजा एवं महा आरती किया गया फिर उसके बाद रथ को आगे की ओर बढ़ाया गया सभी राम भक्तों को भागवत झंडा तलवार जय श्री राम के नारा लगाते हुए झूमते गाते हुए राम भक्तों को देखा गया शोभा यात्रा में नगर विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह अपने समर्थन के साथ जय श्री राम का नारा लगातेहुए केंद्रीय मंत्री सह सांसद आरके सिंह भी अपने समर्थ को के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए राम भक्तों के लिए जगह-जगह पानी मिठाई हलवा शरबत एवं प्रसाद का वितरण विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लगाया गया इस शोभा यात्रा में शंभू प्रसाद चौरसिया सोनालाल इंद्रभान सिंह संजू कुमार मनीष कुमार चंदन कुमार विशाल सिंह हजारों राम भक्तों ने इस शोभा यात्रा में शामिल हुए वहीं जिला प्रशासन की तरफ से मजिस्ट्रेट पुलिस पदाधिकारी जिला पुलिस बल महिला पुलिस बल जगह-जगह लगाया गया था यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु भी अपने दल बल के साथ हर पोस्ट पर अपने पदाधिकारी को समझाते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी एएसपी नवादा थाना अध्यक्ष नगर थाना अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शोभायात्रा निगरानी बना हुए थे।

## दो गोला चैता मुकाबला में रोहतास-बक्सर के बीच हुआ सुर संग्राम



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड के नोनहर गांव के मां काली मंदिर प्रांगण में मंगलवार की शाम दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। आजाद कला मंदिर नोनहर के तत्वावधान में संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर मंगलवार की शाम दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह, राजद प्रदेश महासचिव श्रीनिवास सिंह, रामचन्द्र नट, नंदजी सिंह, पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह, मुखिया मनोज राम, पूर्व मुखिया जवाहर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अवसर पर आयोजक मंडल ने सभी कलाकारों और अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता बक्सर और रोहतास के टीम के बीच हुआ। बक्सर टीम की ओर से व्यास के रूप में अंसारी गांव अमरेश भारती थे। जबकि रोहतास टीम की ओर से दिनारा प्रखंड के गौरा निवासी व्यास नारद मुनि पासवान थे। मुकाबला में दोनों व्यासों ने एक से बढ़कर एक चैता गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरबिंद पासवान, मुन्ना पासी, डब्लू पासवान, हिरदया पासवान, प्रेमचंद पासवान, सुरेन्द्र पासवान, अनिल पासवान सहित कमिटी अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह कर्मयोगी ने किया। मौके पर मंटू राय, सुशील भारती, उमेश कुमार सिंह, जितेन्द्र पासवान, रामाधार पासवान, सुरेश पासवान, रासबिहारी पासवान, मुन्ना पासवान, राहुल सिंह, उमाशंकर साह, जयप्रकाश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जय श्रीराम जयघोष के साथ निकला भगवान राम का भव्य शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता





बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के शहरी व गांवों में बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में अनुमंडल प्रशासन की देख रेख में श्रीराम शोभायात्रा संपन्न हुई। रामनवमी पर्व के मौके पर एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम एवं जय माता दी के उद्घोष से पूरा शहर गूंज उठा। शहर के पूजा समिति के तत्वावधान में लगभग 3 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ तेंदुनी चौक काली मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण किया। जिस यात्रा में हजारों की संख्या में भगवाधारी महिला, पुरुष व बच्चे उत्साहित होकर गाजे-बाजे के साथ भगवा श्री राम का झंडा लिए राम भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष लगा रहे थे। साथ ही रथ पर सवार भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण जी सहित पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की भव्य झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में दर्जनों घुड़सवार भक्तों ने भी कला का कर्तव्य दिखाया। वहीं जगह-जगह पर लोगों के द्वारा शर्बत, पेयजल का व्यवस्था किया गया था। शोभायात्रा के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए अनुमंडल प्रशासन की ओर से ड्रोन कैमरा से भी नजर रखी गई । प्रत्येक चौक-चौराहे पर तैनात मुस्तैदी से सभी पुलिस बल को लगाया गया था ।

**सुरक्षा व्यवस्था में चौकस दिखा प्रशासन :** शोभायात्रा के दौरान अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था चौकस दिखा। वही चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी ,पुलिस अफसर एवं जवान ड्यूटी में मुस्तैद देखे गए। यात्रा शुरू होने से पूर्व एसडीएम अनिल बसाक और एसडीपीओ कुमार संजय ने स्वयं रुट में घूमकर विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही साथ सभी जगहों पर पुलिस बल मुस्तैद दिखी।

**दूसरी तरफ शोभायात्रा देखने के लिए:** सड़कों पर राम भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। जिसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी इलाकों से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

## रामडिहरा तिलौथू में किया गया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट



प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम। नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट रामडिहरा तिलौथू में किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आशुतोष सिंह यंग स्टार समिति रामडिहरा तिलोथु के द्वारा नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, मुख्य आयेजन कर्ता थे बिशाल कुमार, बड़े धुम धाम से नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया विशाल कुमार के नेतृत्व में आज रात्रि में किया गया, जिस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, आशुतोष सिंह शाखा अध्यक्ष जिला व्यवहार न्यायालय सासाराम, बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति, इस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन संयुक्त ग्रुप से आशुतोष सिंह शाखा अध्यक्ष जिला व्यवहार न्यायालय सासाराम, बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति एवं रामडिहरा पंचायत के मुखिया विनोद चंद्रवंशी ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे परशुराम सिंह भूतपूर्व सब इंस्पेक्टर, रणजीत सिंह, संजय रविदास, अमित पाठक बीडिसी, राकेश रंजन उप सरपंच, पांच रंजू देवी, राजेश राम, रविंद्र शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, बसंत सिंह, मन्टु सिंह भिशरा, मुकेस कुमार, रवि राज लोग सामिल इस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का इनपायर सनी कुमार और सांसद कुमार थे, और विजेता हुये कृपा गांव के और उपविजेता बने रामडिहरा गांव के, उन दोनो को सिलद कब रुपए देकर सम्मानित किया गया।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ पूजन को लेकर निकली जलभरी शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोथा के आदर्श ग्राम रघुनाथपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत भव्य जलभरी शोभायात्रा से हुई। जिस शोभायात्रा में हजारों-हजार की संख्या में

महिला, पुरूष, युवक, बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जहां श्रद्धालुओं ने जय श्रीमन्नारायण के जयकारे लगाते नजर आए। उ उस वक्त का माहौल चहुंओर भक्तिमय दिखाई दिया। वही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भारत के महान संत श्री त्रिदंडी स्वामी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज के निर्देशन में निकाली गई। जो रघुनाथपुर यज्ञ मंडप से शुरू होकर मुख्य पथ के रास्ते बिरैनी गांव होते हुए जयश्री सूर्य मंदिर नहर तक पहुंची। जहां शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में पधारे विद्वतजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के उपरांत कलश में जल भरा। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट के साथ गाजे-बाजे से अद्भुत नजारा देखने को मिला। रघुनाथपुर गांव यज्ञ मंडप से निकली जलयात्रा सह शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विभिन्न जगहों पर स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

मौके पर प्रेमानन्द महाराज उपाध्याय, यज्ञ समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष मोथा पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, रजिंद्र पांडेय ,सुशील पांडेय, पिंटू सिंह ,शत्रुंजय सिंह ,भोला पांडेय ,अजय पांडेय ,पूर्व सरपंच भरथ राम, दिनेश सिंह ,विजय साह ,रामनारायण पांडेय, अरविंद पांडेय, रामाकांत पांडेय, दीपक पांडेय, हरेराम सिंह, भाजपा नेता अखिलेश्वर पांडेय, नंदे सिंह, सुनील पांडेय ,शेष नाथ पाण्डेय, रंजय तिवारी सहित सैकड़ों लोग शोभायात्रा में भाग लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर का मनाया गया जयन्ति समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। चंद्रशेखर विचार मंच के संयोजक प्रो विजय सिंह मुखिया के अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी का जयन्ति समारोह कश्यप नगर चंदवा में मनाया गया।समारोह के संचालन जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरियाने किया।समारोह के उद्घाटन प्रो कुंदन सिंह भाजपा ननेता और समाजसेवी डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रववंशी ने संयुक्त रूप से उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया।अपने उद्घाटन भाषण में प्रो कुंदन सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर जी समाजवाद के प्रखर प्रहरी और आजादी के अग्रदूत थे।उन्होंने समाजवाद के लिए सदन और सड़क पर आजीवन आंदोलन किए थे।डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रववंशी ने अपने सम्बोधन में कहा1चंद्रशेखर जी भारत के8वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया था उन्होंने बाहरी समर्थन से जनतादल के अल्पमत सरकार के नेतृत्व किया था।वे1984से1989को छोड़कर1962से आजीवन संसद में रहे वे1989में बलिया और महारजगंज से लोकसभा के चुनाव जीते थे।अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो विजय सिंह मुखिया ने कहा कि चंद्रशेखर जी चंद्रशेखर जी1977से1988तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे।छात्र जीवन से ही वे राजनीत की ओर आकर्षित हो गए थे वेक्रांतिकारी जोश1और स्वभाव से आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे।वे इल्लाहबद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान से मास्टर डिग्री करने के बाद समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए थे वे युवा तुर्क नेता के रूप में जाने जाते थे।समारोह को सम्बोधित करने वाले लोगो मे सुदर्शन यादव मुंजी सिंह सन्तु सिंह रामजी सिंह रामलयक सिंह विश्वनाथ सिंह गजेंद्र सिंह धर्मदेव सिंह कामेश्वर सिंह कामेंद्र सिंह ओमप्रकाश यादव नन्दकुमार सिंह विजय पासवान विनोद पासवान जितेंद यादव कन्हैया व्यास ने चन्द्रशेषर जी के जीवनी पर अपनी प्रस्तुति पेश की।

## रामनवमी शोभायात्रा में हजारों भक्त हुए राममय

प्रात: किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा नावानगर में कमिटी सदस्यों द्वारा रामनवमी का झंडा जुलूस सह भगवान श्री राम का शोभायात्रा निकाला गया। जहां रामनवमी शोभायात्रा युवा समाजिक कार्यकर्ता के बैनर तले धर्मेद्र यादव के नेतृत्व में निकाला गया। वही नावानगर में नवयुवक रामनवमी समिति के बैनर तले गुडडू सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। सोनवर्षा में युवा व्यापार मंडल, महाबीर मंदिर पूजा समिति, बस स्टैंड पूजा समिति सोनवर्षा समेत सभी चारों पूजा समितियों के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से शोभा यात्रा निकाला गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से होकर छठिया घाट होते हुए काली मंदिर किया गया। मंदिर से थाना रोड होते हुए वापस हनुमान मंदिर तक आ कर समाप्त हो गया। शोभायात्रा के दौरान सोनवर्षा बीडीसी अजय गुप्ता द्वारा कई लोगों को सम्मनित किया गया। साथ ही शोभायात्रा में शामिल सभी लोगो को ठंडा जल मुहैया कराया गया शोभा यात्रा में गणेश कुमार सिंह, रबी पाण्डेय, चंदन शर्मा, बिक्की साह, दीपक सिंह, निक्की कुमार, संदीप साह समेत कई लोग शामिल रहे वही नावानगर में शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी से प्रस्थान कर डुमरांव बिक्रमगंज पथ होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते ब्रह्म स्थान के पास पहुंच वापस ठाकुरबाड़ी पर संपन्न हुआ।

इस दौरान श्रद्धालुओं को दिलीप कुमार गुप्ता और शत्रुघ्न कुमार के नेतृत्व में लोगो को प्रसाद में खीर वितरण किया गया। जहां श्री रामनवमी जुलूस समिति द्वारा निकले जुलूस में भारत प्लस एथेनॉल कंपनी लिमिटेड के सीएमडी अजय कुमार सिंह, एमवीआई विनोद कुमार सिंह, मृत्युंजय सिंह, गुडडू सिंह, प्रिंस गुप्ता, गोलू मिश्रा, सहित सभी समिति के सदस्य मुस्तैद रहे। कार्यक्रम में विधि व्यवस्था के लिए पूरे इस जुलूस में बीडीओ मनोज कुमार तथा थानाध्यक्ष नंदू कुमार सहित सोनवर्षा पुलिस मुस्तैद रही।

## भुली भटकी मासूम बच्ची को डायल 112 की टीम ने परिजन को सौपा



अरवल। भूली भटकी एक छोटी सी मासूम बच्ची को डायल 112 के टीम ने घर पहुंचाया` जानकारी के मुताबिक जिले के मेहंदिया बाजार में एक छोटी सी मासूम बच्ची भटक रही थी जिससे स्थानीय लोगों ने 112 टीम को सूचना दिया सूचना के उपरांत मौके पर पहुंच कर मासूम बच्ची को अपने साथ घर लेकर गई परिजनों को सौंप दिया,6 वर्षीय मासूम बच्ची की पहचान मसूदा निवासी धनंजय कुमार की पुत्री सलोनी कुमारी के रूप में की गई मेहंदिया थाने में स्थापित डायल 112 की टीम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है इमरजेंसी सेवा के अलावे विभिन्न कार्यों में तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

# रामनवमी पर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड मे रामनवमी के अवसर पर क्षाकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

रामनवमी शोभा यात्रा के तत्वाधान में श्री रामलीला समिति रामगढ़ रामलीला मैदान से भव्य झांकी निकल कर रामगढ़ गांव होते हुए मुसहर बस्ती होते हुए देवहलिया रोड में महावीर जी के मंदिर के समीप सहित पूरे नगर भ्रमण करते हुए रथ सहित गाड़ियों पर शानदार झांकी दिखाते हुए पूनः रामलीला मैदान में समापन हुआ। जगह जगह शानदार झांकी का प्रदर्शन हुआ। जगह-जगह लोगों ने स्टाल लगाकर जलपान का व्यवस्था किए थे। साथ ही जगह-जगह लोगों ने पूरे गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। श्री रामानवी शोभा यात्रा द्वारा सुबह में रामगढ़ पेट्रोल टंकी बिस्कोमान भवन से लेकर नगर पंचायत होते हुए महुअर मां छेरावारी धाम तक जुलूस यात्रा निकाला गया ।झांकी के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी काफी मुस्तैदी के साथ दिखी जहां थानाध्यक्ष उमेश कुमार दलबल के साथ एवं अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि पुरे रथ यात्रा के दौरान मौजूद रही मौके पर राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह, गुडाकेश तिवारी, अजय गुप्ता शांति प्रकाश गौरव, पवन गुप्ता, मिथलेश राय, गौतम खरवार ओमप्रकाश सिंह, सुनील सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा राम भक्तों को सेवा शिविर का किया गया आयोजन



गया ।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा आज रामनवमी पर्व पर केदारनाथ मार्केट के पास रामनवमी जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया है ,जिसमें चना, गुड़, शरबत, फल, पेयजल उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर हम सभी भगवान श्री राम जी से सभी देशवासियों के कल्याण, समृद्धि और खुशहाली का कामना करते हैं। प्रभु श्री राम सभी देशवासियों के अराध्य है। और हर भारतीय को इन पर गर्व है, ओर हर भारतीय को इनके द्वारा बताएं गयें मार्ग से ही राम राज्य की पुनः स्थापना होगी ।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, राजु भईया, गोपाल यादव, राकेश कुमार कोला, हिरा यादव, श्रवण कुमार, रवि प्रसाद, अजीत कुमार, सुजित कुमार, मंटू रजक, महेश यादव, अभिषेक कुमार, बबलू गुप्ता, मुन्ना यादव, विक्की वर्णवाल, महिला प्रमुख सारिका वर्मा, इंदु प्रजापती ने सेवा शिविर में सेवा कार्य किया हू ।प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं राणा रंजीत सिंह द्वारा सेव में लगे लोगों को सम्मानित किया गया है।

## प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी ने प्रधानमंत्री का किया अभिनंदन



गया ।ज्ञान मोक्ष की नगरी गया जी के पावन धरती पर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती के द्वारा हाथ जोड़कर अभिवादन किया इस अवसर पर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा गया जी के ऐतिहासिक रैली का सफलता पर बधाई एवं शुभकामना दी अशोक प्रसाद भारतीय ने कहा मोदी है तो मुमकिन है अबकी बार 400 पार कर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ लेंगे।

# श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामनवमी की प्रस्तुत की गई झांकी



गया ।श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर कोलकाता से आये रामलीला के कलाकारों द्वारा गया नगर के गोल पत्थर स्थित एक मंच बनाकर झांकी का प्रदर्शन किया गया है। इस झांकी में मुख्य रुप से राम-दरबार, राधा-कृष्ण तथा मां काली के आदर्शो की प्रस्तुति की गई। जिससे लोगों को अपने जीवन में फलीभूत हो, सदा सत्य के मार्ग पर चलने तथा परोपकार की भावना सभी को रखने का संदेश दिया गया है। पिछले 5 वर्षो से श्री आदर्श लीला समिति रामनवमी के दिन इस झांकी का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा इस समिति का 1969 में गठन किया गया था। उस समय से लगातार दशहरा के मौके पर 9 दिनों तक वाराणसी, इलाहाबाद तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा शहर के आजाद पार्क स्थित मंच पर रामलीला की प्रस्तुति की जाती है, जो नगर में आकर्षण का केंद्र बना रहता है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि दशहरा के दिन हर क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता है। सिन्हा ने आगे बताया कि पिछले पांच वर्षो से रामनवमी के मौके पर भी झांकी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे गया नगर पूरी तरह से भक्तिमय हो जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के महासचिव नवीन गुप्ता, बीरेंद्र राय, प्रह्लाद गुप्ता, रोहित कुमार, राज वैद्य, अनिल बरणवाल, ज्ञान कुमार प्रमुख रहे जबकि इस कार्यक्रम में नगर के मानिन्द लोगों ने भी अपनी भूमिका यथा संभव निभाया है।

## चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़



बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जिस दिन भक्तों ने देवी मंदिरों में पूजन-हवन के उपरांत कन्याओं को भोज कराया। अंतिम दिन शहर के धनगाई, सासाराम रोड, तेंदुनी काली मंदिर धारूपुर मां काली सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने मां की पूजन-अर्चन की। वहीं दिनारा प्रखंड के मां यक्षिणी भवानी के दरबार मे भी मां के भक्तों की काफी भीड़ देखी गई । मेला में लगी दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही । उक्त अवसर पर भी अनेक श्रद्धालुओं ने कन्याभोज के साथ भंडारा भी कराया।

## विरुपाक्ष विक्रम सिंह के यूपीएससी में 49 वां रैंक हासिल करने पर पृथ्वीराज ट्रस्ट ने दी बधाई

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने जम्होर निवासी विरुपाक्ष विक्रम सिंह के संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा में 49वां रैंक हासिल करने पर बधाई दी है ।ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर सिंह एवं डॉ संजीव रंजन, संयोजक जगदीश सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, चंद्र प्रकाश विकास, गोरखनाथ सिंह शैलेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, चंदन सिंह चौहान, जयंत प्रकाश, भीम सिंह, डा रित्विक सहित अन्य सदस्यों ने अपने बधाई संदेश में कहा कि उनके इस उपलब्धि से पूरा औरंगाबाद जिला गौरवान्वित हुआ है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024





# नयनतारा के पास बड़ी फिल्म का ऑफर, पांच साल बाद निविन पॉली के साथ फिर करेंगी धमाल

अभिनेत्री नयनतारा के पास फिल्मों की कोई कमी नहीं है। फिल्म जवान में नयनतारा के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। नयनतारा के पास फिल्मों के कई ऑफर्स हैं। नयनतारा ने हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्म की भाषाओं में काम किया है। इसी लिस्ट में एक और फिल्म शामिल होने जा रही है। अब नयनतारा मलयालम फिल्म डियर स्टूडेंट्स में नजर आएंगी। इस फिल्म में अभिनेता निविन पॉली के साथ नयनतारा की जोड़ी पांच साल बाद देखने को मिलेगी। इससे पहले दोनों ने रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लव एक्शन ड्रामा में साथ काम किया था। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर लोगों के मिले जुले रिव्यू मिले थे।

## इस फिल्म में साथ नजर आए थे दोनों

2019 के बाद नयनतारा और अभिनेता निविन पॉली की जोड़ी फिल्म डियर स्टूडेंट्स नजर आने वाली है। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में नयनतारा और निविन पॉली अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को संदीप कुमार और जॉर्ज फिलिप निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म के प्रोडक्शन की जिम्मेदारी पॉली जूनियर पिक्चर और राउडी पिक्चर्स के ऊपर है।

निविन पॉली का स्पेशल पोस्ट

फिल्म के अभिनेता निविन ने फिल्म में नयनतारा का स्वागत करते हुए एक पोस्ट साझा किया है। निविन ने लिखा, मजेदार और मनोरंजक की दुनिया में डियर स्टूडेंट्स के साथ जुड़ी हैं, अविश्वसनीय, हमेशा चमकती हुई नयनतारा। इसके साथ ही इस फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है, जो कि नीले और लाल रंग का है, जिस पर अमेरिकन डंझे के साथ कई सितारे दिखाई दे रहे हैं।

नयनतारा को मलयालम फिल्म में आखिरी बार 2022 की गोल्ड में देखा गया था। इस फिल्म में नयनतारा के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी नजर आई थी। इसके अलावा नयनतारा तमिल फिल्म इराइवन और अन्नपूर्णानी- द गॉडेस ऑफ फूड में नजर आई थी। साल 2023 में नयनतारा अभिनेता शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान में नजर आई थी। नयनतारा ने जवान से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



# 'क्रैक' की नाकामी पर खुश हैं नोरा फतेही!

**नोरा फतेही ने 'क्रैक' के अच्छा प्रदर्शन ना कर पाने पर खुलकर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने अपनी कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा भी जाहिर की।**

नोरा फतेही बॉलीवुड का एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं। अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने भारतीय सिनेमा में एक डांसर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की। अभिनेत्री अपने डांस के लिए तो मशहूर हैं ही, लेकिन अब उनकी अदाकारी को भी दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। हाल ही में उनकी दो फिल्में 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' रिलीज हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बहुमुखी प्रतिभा की धनी अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपनी कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा जाहिर की है। नोरा फतेही ने एक साक्षात्कार में अपनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' के प्रदर्शन को लेकर बातचीत की। अभिनेत्री की दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औसत रहीं। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने अपने जीवन की कहानी को फिल्मी पर्दे पर दिखाने की इच्छा भी जाहिर की। फिल्मों के प्रदर्शन को लेकर नोरा ने कहा कि बॉक्स ऑफिस अंक उनके लिए उतना मायने नहीं रखता। वह इस समय अपना ध्यान अपनी लाइफ जर्नी पर केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी कहानी में बॉक्स ऑफिस की कोई चर्चा नहीं होगी, वह किसी और की कहानी होगी। जब फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती, मैं खुद से कहती हूं ठीक है कोई बात नहीं। कम से कम मुझे फिल्म करने का मौका तो मिला'। नोरा अपने करियर को लेकर विशेष दृष्टिकोण रखती हैं। वह इस बात पर जोर देती हैं कि बॉक्स ऑफिस सफलता उनका मुख्य उद्देश्य नहीं है। अभिनेत्री प्राप्त अवसरों को अपने कलात्मकता को बढ़ाने के लिए उपयोग करती हैं।

बातचीत के दौरान नोरा ने खुलकर कहा, 'कई बार लोग 'क्रैक' के अच्छा प्रदर्शन ना करने के बारे में मुझसे पूछते हैं कि मैं कैसा महसूस करती हूं? मैं उनसे कहती हूं 'मैं बहुत अच्छा महसूस करती हूं'। मैं इंडस्ट्री में बड़े नंबर्स के लिए नहीं आई हूं। मैं बॉक्स ऑफिस अदाकारा नहीं हूं।' अभिनेत्री ने 'बाटला हाउस' और 'स्ट्रीट डांसर थ्रीडी' में डांस नंबर से शुरुआत की और अब अदाकारी में भी अपना हाथ आजमा रही हैं।



# राम चरण ने खुद बताया कब रिलीज होगी गेम चेंजर

हाल ही में, सुपरस्टार राम चरण को वेल्स यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली है। इसे पाकर राम चरण काफी खुश हैं। उनके साथ-साथ चंद्रयान परियोजना के समन्वयक डॉ. पी. वीरमुथुवेल जैसे कई बड़े लोगों को भी इस उपाधि से सम्मानित किया गया है। राम चरण अपनी आने वाली फिल्म गेम चेंजर को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। डॉक्टरेट उपाधि मिलने के मौके पर राम चरण ने इस फिल्म के बारे में भी अहम बातें साझा की थी।

## सितंबर या अक्टूबर में हो सकती है रिलीज

राम चरण ने गेम चेंजर की रिलीज की तारीख को लेकर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिल्म सितंबर या अक्टूबर के महीने में रिलीज होगी। इसे पांच भाषाओं- तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। प्रशंसक सिनेमाघरों में फिल्म का आनंद ले पाएंगे।

## दो भूमिकाओं में दिखेंगे राम चरण

फिल्म गेम चेंजर काफी ज्यादा खास होने वाली है। इसमें दर्शकों को राम चरण दो किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। उनके प्रशंसक तो इस बात को लेकर बड़े उत्साहित नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन एस शंकर ने किया है। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। गेम चेंजर में राम चरण, कियारा आडवाणी, श्रीकांत, एसजे सूर्या, सुनील, नासर, जयराम, अंजलि और समुथिरकानी अभिनय करते नजर आएंगे। कुछ दिन पहले ही राम चरण के जन्मदिन के मौके पर फिल्म गेम चेंजर का पहला गाना जरागांडी रिलीज हुआ था। इस गाने को लोगों ने खूब पसंद किया है।

# अमर सिंह चमकीला की फैन हुईं तृप्ति डिमरी

दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अभिनीत फिल्म अमर सिंह चमकीला को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है। इस फिल्म में दिलजीत की अदाकारी फैंस के साथ सेलेब्स को भी काफी ज्यादा पसंद आ रही है। अब इस लिस्ट में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के माध्यम से फिल्म की समीक्षा की। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म के कलाकारों की जमकर तारीफ करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बताया। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में तृप्ति डिमरी ने इस फिल्म को बनाने के लिए फिल्म के निर्देशक इम्तियाज अली की प्रशंसा की। तृप्ति डिमरी ने इस पोस्ट में खासतौर पर अमर सिंह के रूप में दिलजीत दोसांझ के असाधारण अभिनय पर प्रकाश डाला।





# भूल भुलैया के बाद कॉमेडी फिल्में ही करेंगी विद्या बालन

विद्या बालन इन दिनों दो और दो प्यार की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, जिसमें वे प्रतीक गांधी के साथ नजर आएंगी। इसके साथ ही विद्या भूल भुलैया 3 में मंजुलिका के किरदार को दोहराएंगी, जिसमें कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं। विद्या ने फिल्म का हिस्सा बनने पर उत्साह साझा किया और कहा कि वे हॉरर कॉमेडी फिल्म में शामिल होने पर खुश हैं। विद्या ने कहा कि एक एक्ट्रेस के रूप में मुझे कॉमेडी करने का मौका नहीं मिला, मैंने हर तरह की फिल्में की हैं। कॉमेडी करने के लिए तरस रही हूं अब मुझे लगता है कि थोड़ा हंसना-हंसाना है, थोड़े दिनों के लिए, थोड़े समय के लिए। प्रतीक ने भी मंजुलिका की वापसी पर खुशी जाहिर की फिल्म दो और दो प्यार 19 अप्रैल को रिलीज होगी।

# मनीषा रानी का झलक दिखला जा के मेकर्स पर फूटा गुस्सा

सोशल मीडिया स्टार मनीषा रानी झलक दिखला जा 11 जीतने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अक्सर मनीषा अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी जिंदगी से जुड़ी अपडेट्स को अपने फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। हाल ही में मनीषा ने एक वीडियो ब्लॉग बनाया जिसमें वे रियलिटी शोज के बारे में बातें करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर मनीषा का यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। मनीषा रानी सोशल मीडिया पर अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे जो मन में रहता है उसे बिना किसी फिल्टर किए बोल देती हैं। हाल ही में मनीषा ने अपने एक वीडियो में खुलासा किया कि उन्हें अभी तक झलक दिखला जा 11 के मेकर्स की तरफ से पूरी पुरस्कार राशि नहीं मिली है। मनीषा कहती हैं, ये रियलिटी शो की वास्तविकता है।

## पैसों की बारिश नहीं हो रही है..

मनीषा रानी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, लोगों को लगता है कि मुझ पर पैसों की बारिश हो रही है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। मुझे अभी तक झलक दिखला जा 11 की पुरस्कार राशि भी नहीं मिली है। साथ ही साथ जब मिलेगी तब उसमें टैक्स और दूसरी चीजों के लिए आधे पैसे काट लिए जाएंगे। पैसों की बारिश उन्हीं पर होती है जिनके करोड़पति ब्यॉयफ्रेंड होते हैं। मेरे पास न तो पैसे हैं और न ही ब्यॉयफ्रेंड।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रियलिटी शो के मेकर्स के ऊपर पैसे नहीं देने का आरोप लगा है। मनीषा रानी से पहले बिग बॉस मराठी के विनर शिव ठाकरे भी बिग बॉस के मेकर्स पर पैसे नहीं देने की बात कर चुके हैं। शिव ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि न तो उन्हें जीत की पूरी राशि मिली और न ही उन्हें वो पैसे मिले जो उन्होंने शो में अपने माता-पिता को लाने के लिए खर्च किया था।





# हनुमान के बाद अब इस फिल्म से धमाका करेंगे तेजा सज्जा

अभिनेता तेजा सज्जा ने इस साल जनवरी में आई फिल्म हनुमान से दुनियाभर में नाम कमाया है। इस फिल्म के सीक्वल का भी एलान हो चुका है और काम चल रहा है। इस बीच तेजा सज्जा की अगली फिल्म को लेकर रोचक जानकारी सामने आई है। इस साल फिल्म हनुमान से बॉक्स ऑफिस पर बवाल काटने वाले तेजा सज्जा की अगली फिल्म पर दर्शकों की नजरें टिकी हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह हनुमान के सीक्वल में नजर आएंगे।

हालांकि, हनुमान के सीक्वल से पहले उनके पास एक फिल्म है। इसका निर्देशन कार्तिक गट्टमनेनी कर रहे हैं। इससे पहले वह तेजा की फिल्म ईगलका निर्देशन कर चुके हैं।

यह हो सकता है फिल्म का टाइटल

इस फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। टाइटल और फर्स्ट लुक का खुलासा 18 अप्रैल को किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का नाम मिराई रखा गया है, जिसका मतलब होता है भविष्य। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीज उत्साह कायम करने के लिए एक प्री-लुक पोस्टर जारी किया गया है।

## ये अभिनेत्री निभाएंगी लीड भूमिका

इस फिल्म में तेजा के साथ रितिका सिंह फीमेल लीड रोल में होंगी। मांचू मनोज फिल्म में नेगेटिव रोल में होंगे। इस फिल्म को विश्व प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म से जुड़ी अधिक जानकारी अभी सामने आना बाकी हैं।

# एनिमल के कारण मेरी फिल्म को थिएटर्स नहीं मिले

फिल्म 'रंग दे बसंती' से अपनी पहचान बनाने वाले एक्टर सिद्धार्थ ने रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' पर कटाक्ष किया है। एक इवेंट के दौरान सिद्धार्थ ने कहा कि बहुत से लोगों को उनकी फिल्म चिट्ठा से परेशानी हुई। लोगों का कहना था कि चिट्ठा परेशान कर देने वाली फिल्म है। दरअसल, फिल्म चिट्ठा बाल यौन शोषण पर आधारित फिल्म है। इस पर सिद्धार्थ का कहना है कि लोगों को 'मिरुगम' (एनिमल का तमिल वर्जन) देखने में परेशानी नहीं हुई। लेकिन ये जागरुकता पर बनाई गई फिल्म लोगों को परेशान करने वाली लगती है। सिद्धार्थ ने कहा- मुझसे किसी महिला ने नहीं कहा कि उन्हें चिट्ठा देखने में कोई परेशानी हुई। वहीं कई पुरुषों ने ये कहा कि उन्हें चिट्ठा देखने में दिक्कत है। लेकिन उन्हें 'मिरुगम' (एनिमल) देखने में कोई समस्या नहीं है। पुरुषों के लिए चिट्ठा डिस्टर्बिंग थी। सिद्धार्थ ने कहा- मेरी फिल्म डिस्टर्बिंग नहीं है, यह एक शर्मनाक अपराध है। जो जल्द ही बदलेगा। सिद्धार्थ ने आगे कहा- चिट्ठा और 'मिरुगम' तेलुगू में एक साथ रिलीज होने वाली थी। लेकिन, कई लोगों ने पूछा कि सिद्धार्थ की फिल्म देखने कौन आएगा? मैंने उनसे कहा कि अगर मैंने एक अच्छी फिल्म बनाई, तो लोग इसे देखने आएंगे। यह 28 सितंबर को रिलीज होनी थी। लेकिन मुझे थिएटर नहीं मिले, एशियन फिल्म्स के सुनील गारू ने फिल्म की क्षमता देखी और मेरा साथ दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### हर घर सुराज कैंपेन अभियान का हुआ शुभारंभ

नवगछिया (भागलपुर)।गोपालपुर प्रखंड मुख्यालय सैदपुर में प्रशांत किशोर के जनसुराज अभियान के तहत हर घर सुराज शुरू किया गया है।अभियान के तहत क्षेत्र के लोगों के बीच बीस दिवसीय कैंपेन अभियान का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया।जनसुराज के मो. आजम ने बताया कि बीस दिनों तक आवासीय शिविर के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर प्रशांत किशोर के हर घर सुराज का दस्तक दिया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को आवासीय सुविधा के साथ प्रोत्साहन राशि भी दिया जायेगा। प्रशिक्षक पदयात्री अमित राही, सूर्या वत्स उर्फ गांधीजी, तरुण लोकेश, प्रेम कुमार, अभिजीत आनंद, पिंकू कुमार, भोला मांझी युवाओं को अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण देंगे।इस अवसर पर शुभम कुमार, चंदन कुमार, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि दिनकर चौधरी, संजीव कुमार सिंह उर्फ झाबो, पंचायत समिति सदस्य क्रमशः धनंजय सिंह, धनंजय यादव, जन सुराजी मो आजम खान, पृथ्वी चौधरी, मोहित साहु, रणवीर सिंह व रूपेण सहित बडी संख्या में ग्रामीण युवाओं की मौजूदगी रही थी।

### जिलाधिकारी द्वारा पुलिस टेग का किया गया निरीक्षण

गया।मगध विश्वविद्यालय परिसर में बनाये गए शेरघाटी, बाराचट्टी एव बोधगया विधानसभा वार पोलिंग बूथ के लिये बनाये गए पार्टी का पार्टी मिलान एव पुलिस टैग आदि का निरीक्षण जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी डा एस एम त्यागराजन द्वारा किया गया है।

### अयोध्या नगरी सोसायटी में श्रीराम जानकी मंदिर के निमित भूमि पूजन



औरंगाबाद।सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विष्णु धाम रोड में नवनिर्मित अयोध्या नगरी सोसायटी में भगवान श्री राम जानकी मंदिर निर्माण के निमित भूमि पूजन किया गया।योग्य आचार्यों के सानिध्य में आयोजित भूमि पूजन में यजमान की भूमिका निभाते हुए सिद्धार्थ शाहदेव उर्फ अंशु सिंह, एवं राकेश कुमार सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम जम्होर में अयोध्या नगरी जैसे पावन नाम से सोशायटी बसाने का उद्देश्य सिर्फ यही है कि वर्तमान परिवेश में लोग शांति का जीवन जीना चाहते हैं। यह स्थल अत्यंत ही शांतिप्रिय है।सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।इस सोशायटी का निर्माण मास्टर प्लान बनाकर किया जा रहा है।यह भी बताया कि श्री राम जानकी मंदिर में भगवान श्री राम एवं जानकी माता की प्रतिमा भव्य एवं दिव्य होगी।भूमि पूजन के मौके पर नागेंद्र सिंह मुखिया जी मिथिलेश जी, प्रिंस कुमार, बहादुर जी, चिंटू कुमार, धीरज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह उर्फ बब्बू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मंटू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### पालीगंज में निकाला रामनवमी की जुलूस व झांकी

पालीगंज। बुधवार को पालीगंज बाजार स्थित राम जानकी ठाकुरवाड़ी से राम भक्तो ने रामनवमी के अवसर पर जुलूस व झांकी निकाला और लगाई जय श्रीराम के नारों से नंपूरा बाजार गूंज उठा।जानकारी के अनुसार बुधवार को मयार्दा पुरुषोत्तम राम के जन्म दिन के अवसर पर पूरे देश मे रामनवमी का पर्व मनाया गया।इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा अर्चना किया गया। इस वर्ष अयोध्या में रामलला मन्दिर निर्माण कराई जाने के कारण सभी रामभक्तों की खुशी चरमसीमा पर दिखाई दिया।इस मौके पर बुधवार को पालीगंज बाजार स्थित राम जानकी ठाकुरवाड़ी में स्थापित राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया।उसके बाद हजारों की संख्या में रामभक्तों ने बाजार स्थित चंदोस मोड़ के पास शिवमंदिर में जमा हुए।जहां से उन रामभक्तों ने जुलूस निकाला।जुलूस के दौरान झांकी भी निकाली गई।झांकी में लाउडस्पीकर के पीछे वाहनों पर सवार राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान रूपी कलाकार चल रहे थे।

# बकाया रुपए मांग करना किसान को पड़ा मंहगा : ग्रामीण

## अपराधी तत्वों के लोगों ने किसान को गोली मार उतारा मौत के घाट, सहयोगी किसान भी हुआ गम्भीर रूप से घायल

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिला परिक्षेत्र सुल्तानगंज नगर परिषद इलाके के दौलतपुर स्थित एक बहियार में इन दिनों अपराधियों का दौर लगातार जारी है, इलाके में कई आपराधिक घटनाओं का घटित होने का मामला सामने आता रहा है। इसी कड़ी में एक और घटना घटित होने की सूचना सामने आई हैं। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र इलाके में बेखौफ बदमाशों ने स्थानीय दो किसान पर अचानक गोलीबारी की वारदात को अंजाम दे मौके से फरार होने में सफल रहा है। वही अपराधी के द्वारा गोलीबारी किये जाने से एक किसान की घटना स्थल पर ही मौत होने की बात सामने आई है। वही इस घटना में एक अन्य सहयोगी किसान को गोली मार कर अपराधियों ने गंभीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया है। वही गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों व परिजन आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंच त्वरित इलाज के लिए घायल किसान को इलाज हेतू मौके से उठाकर घायल किसान को त्वरित इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज में भर्ती कराया गया है। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के साथ ही हालत की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भागलपुर रेफर कर भेज दिया गया हैं। जहां अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मौजूद चिकिसक द्वारा घायल किसान को भर्ती प्रक्रिया के साथ ही इलाज जारी कर दिया गया है। वही घटना के संबंध में ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि स्थानीय गांव के पवन यादव को किसान मिथुन ने जानवर का चारा (भूसा) बेचा था, जिनका पैसा पवन ने बकाया रखा था, वही उक्त बकाया पैसा की मांग किये जाने के बाद उनके द्वारा पैसा नहीं दिया जा रहा था। जिसके बाद मृतक किसान मिथुन व पवन के बीच कहासुनी शुरू हो गई। इसी क्रम में पवन के सहयोगी ने उसके ऊपर अचानक गोली फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिससे घटना स्थल पर ही किसान मिथुन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ मौजूद किसान कारेलाल मंडल के पीठ और कंधे पर गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी व घायल हो गया है। वही गोलीबारी की घटना में घायल हुए किसान का इलाज जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी सर्जरी वार्ड में इलाज चल रहा है।

वही घटना की जानकारी पर स्थानीय थाना पुलिस सहित अन्य तीन थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंच पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वही पुलिस टीम ने घायल करेलाल मंडल के फर्द बयान की कवायद में जुट गई है। जहां किसान कारे लाल मंडल ने बताया कि गांव के पवन यादव को जानवर के चारा हेतू भूसा बेचा गया था। जिसका रुपया बकाया मांग करने पर नहीं देता था, और गाली गलौज करने लगा था। वही किसान मिथुन मंडल ने जिसका विरोध किया तो पवन यादव, रामू यादव, मिथुन यादव एवं अशोक यादव ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दिया। जिसमें की मिथुन की मौके पर मौत हो गई है जबकि कंधे पर मुझे भी गोली लगी है इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में दबिश की कवायद तेज कर दी गई है।

## दीवार निर्माण कार्य को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो हो रहा वायरल

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के गोपालपुर प्रखंड अंतर्गत बड़ी मकनपुर मध्य विद्यालय प्रांगण में चल रहे निर्माण कार्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि विद्यालय प्रांगण में बच्चों के बैठने वाले बेंच का उपयोग विद्यालय के घेराबंदी हेतू दीवार निर्माण कार्य जिम्मेदार लोगों द्वारा कैसे सेंटरिंग कार्य में लापरवाही बरतने के साथ कार्य किया जा रहा है। एक तरफ जहां सरकार विद्यालय में बच्चों के समुचित व्यवस्था के तहत बच्चों के सुविधा के लिए अप्रैल माह से विशेष रूप से बेंच अन्य सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में विद्यालय प्रांगण में सरकार उपलब्ध कराने की कवायद में जुटी हैं ताकि बच्चों को विद्यालय प्रांगण में कोई असुविधा व परेशानी नहीं हो सके। वहीं दूसरी तरफ विद्यालय के जिम्मेदार विभाग के ठेकेदार सारे नियमों को ताक पर रख कर व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिशा में कमीशन खोरी के साथ बेंच का दुरुपयोग कर रहे हैं। उक्त निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण द्वारा विरोध भी किया गया था। वही मामले को लेकर विद्यालय समिति के अध्यक्ष सुमित कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक सरकारी पैसा और सामान का दुरुपयोग कर रहे हैं। जिसका आवेदन हम वरीय पदाधिकारी को देंगे। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. शशिकांत सुमन ने बताया कि बेंच उपयोग में नहीं था। जिसे विद्यालय के घेराबंदी निर्माण कार्य में उपयोग लाया गया है। गौरतलब हो की इस विद्यालय का पहले भी लचर व्यवस्था का वीडियो वायरल हुआ था। जिसको लेकर विभागीय स्तर पर वरीय अधिकारियों द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर जवाब तलब भी किया गया था। वही मामले को लेकर जब डीपीईओ भागलपुर से संपर्क साधने के प्रयास किया गया तो प्रयास असफल रहा था।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तैयारी को लेकर ऑनलाइन की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए द्वितीय चरण के चुनाव तैयारी को लेकर सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी तैयारी की ऑनलाइन के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर नीतेश व्यास, डायरेक्टर एक्सपेंडिचर पंकज श्रीवास्तव एवं सचिव सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा समीक्षा की गई। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग अधिकारी ने द्वितीय चरण के चुनाव वाले संबंधित जिलों के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस उप महानिरीक्षक पूर्णिया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर द्वारा चुनाव की तैयारी को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईड लाइन के आलोक में बिंदुवार तरीके से विस्तृत जानकारी दी।

26-भागलपुर के सामान्य प्रेक्षक अमित तलवार द्वारा आगामी 26 अप्रैल मतदान तिथि के लिए मतदान केंद्रवार सीएपीएफ, डीएपी, वेब कास्टिंग एवं माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति के संबंध में अवगत कराते हुए बताया गया है, साथ ही उन्होंने बताया कि एसएसटी एवं एफएसटी द्वारा की जा रही कार्रवाई से संबंधित मतदान केंद्र पर सुनिश्चित बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था, डिस्पैच सेंटर, रिसेप्शन सेंटर, बज्रगृह का त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, पीडब्लूडी एवं 85 प्लस के मतदाताओं के मतदान के लिए की गई व्यवस्था, सहित मतदान कर्मियों के लिए की गई व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया है। इसी क्रम में व्यय प्रेक्षक अमित डी मल्लिनाथपुरा द्वारा बताया गया कि एसएसटी एवं एफएसटी द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है, वे नियमित भ्रमण कर उसका निरीक्षण भी कर रहे हैं। वही अभ्यर्थियों द्वारा एक बार लेखा जांच कराया गया है। साथ ही अभ्यर्थियों पुनः द्वितीय लेखा जांच किया जाना सुनिश्चित है। भारत निर्वाचन आयोग के पंकज श्रीवास्तव डायरेक्टर एक्सपेंडिचर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान चौपर की भी जांच की जानी है, इसके लिए अच्छी तरह से तैयारी पूरी कर ली जाय। इसी क्रम में व्यय प्रेक्षक नंद दुलाल दास ने भी निगरानी व व्यय अनुश्रवण के लिए किये जा रहे कार्य से संबंधित जानकारी दी गयी है।

बैठक के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने भागलपुर में चुनाव के लिए की गई सारी तैयारी से अवगत कराया गया है। वही वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार द्वारा चुनाव के लिए विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारी से आयोग को अवगत कराया गया है। समीक्षा के क्रम में पुलिस प्रेक्षक सुनील कुमार सिंह ने भागलपुर एवं बांका लोकसभा आम निर्वाचन के संबंध में विधि व्यवस्था से संबंधित विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत कर आयोग को उपलब्ध कराया गया है, उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर भागलपुर में जुलूस निकाले जाएंगे, लेकिन इसकी पूरी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

इसी क्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक विवेकानंद ने बताया कि भागलपुर जिला झारखंड के साहेबगंज जिला से सटा हुआ है, इसको ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी की गई है। सभी मतदान केंद्रों के लिए सीएपीएफ सहित जिला पुलिस बल, वेबकास्टिंग और माइक्रो आब्जर्वर की व्यवस्था की गई है, साथ ही भागलपुर प्रमंडल में वलनरेबल व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवा लिया जाएगा। इस दौरान भागलपुर से पुलिस अधीक्षक नवगछिया पूरण कुमार झा, नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, सहायक समाहर्ता गरिमा लोहिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी ऑनलाइन उपस्थित थे।

## पैसा देने के बावजूद दुकानदार ने युवक की कर दी पिटाई

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भ्रमरपुर स्थित एक नाश्ते की दुकान में दुकानदार और ग्राहक के बीच दुकान से एक रसगुल्ला लेकर खाने को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। अजीबोगरीब घटना घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय दुकान पर पहुंचे एक ग्राहक ने नाश्ता करने के दौरान दुकान से एक रसगुल्ला लेकर खाने लगा तभी लाठी डंडे व चप्पल से युवक की जमकर पिटाई कर दी। मामले को लेकर पीड़ित युवक खगरिया जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धुशमुरी विशनपुर के नवनीत कुमार शर्मा पिता टुनटुन शर्मा ने स्थानीय बिहपुर थाना में लिखित आवेंदन देकर दुकानदार के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कराया है। पीड़ित ग्राहक नवनीत शर्मा के द्वारा दिये आवेदन के आधार पर थाना पुलिस ने दुकानदार सहित कुल चार लोगों को अभियूक्त बनाया है। आवेंदन में पीड़ित युवक ने लिखा है कि भ्रमरपुर के घनश्याम शर्मा के यहां पढ़ता हूँ। इस दौरान छंगुरी साह पिता स्व. अनूप साह के दुकान पर नाश्ता करने गए थे। जहां पर नाश्ता करने के दौरान एक रसगुल्ला लेकर खाने लगे।

# जो दूसरों का बंधन खोलता है, उसका बंधन भगवान स्वयं खोलते हैं : स्वामी विनोदानंद

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) । पुलिस जिला अंतर्गत स्थानीय घाट ठाकुरवाड़ी के प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह पारायण एवं श्री रामकथा की अमृत वर्षा के 49वां वार्षिकोत्सव में राम कथा के अंतिम दिन कथा अनुश्रवण को उमरे हजारों राम भक्त ने प्रभु श्रीराम कथा वचन सुनकर भावविभोर हो उठे थे।

रामकथा कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रयागराज से आए स्वामी विनोदानंद सरस्वती ने अपने कथा वचन में कहा कि जो भाग्य में लिख कर आए हैं, वह जरूर मिलेगा, वह कहीं नहीं जाएगा, हमें भगवान पर विश्वास करना चाहिए। वही भगवान कहते हैं, जग में विश्वास मत करो, मेरे में विश्वास करो, जो भगवान का भजन करेंगा, वह मानव तो भाग्यशाली है, लेकिन भगवान जिसका भजन करें उससे बड़ा भाग्यशाली कौन है? इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु श्रोताओं ने भगवान की कथावचनों को सावधान होकर सुनोगे तो कल्याण हो जाएगा और मन में धारण करो तो कल्याण हो जाएगा। जो राम कथा सुने वही संत है, जिसको देखते ही प्रभु श्रीराम की याद आ जाए वही संत हैं। हमारा अपना जीवन उतना ही है जितना हम सत्संग पूजा करने में लगाते हैं, जो भगवान से नहीं जुड़े उनका जन्म निरर्थक है। जो दूसरे का बंधन खोलता है उसका बंधन स्वयं भगवान खोलते हैं।

जब हम दुनिया वाले सोते हैं तब महात्मा जागते हैं हम दुनिया वाले बाहर से देखते हैं परमात्मा अंदर से देखते हैं। जीवन को कोई धोखा देने का काम करता है तो वह मानव ही है। बोल बोल कागा मेरे राम कब आएंगे। तेरे संग संग रहेंगे ओ मोहना। मतलब की यारी मतलब की नारी मतलब की दुनिया है गिरधारी। ना हम किसी के ना कोई हमारा झुठे जगत से किया है किनारा। रामा रामा रटते रटते बीते रे उमरिया आदि भजनों पर राम भक्त खूब झूमे। कथा में विनोदानंद ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा की आज सबो में इतनी राम भक्ति देख कर काफी मन प्रसन्न हो रहा है। लगातार 49 साल से नवगछिया में राम कथा का रसपान राम प्रेमी कर रहे हैं। स्वामी द्वारा सभी आयोजित कर्त्ता को धन्यवाद दिया गया। मीडिया को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रचार प्रसार से भगवान का नाम दूर-दूर तक फैला। जिससे लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती रही और उनके द्वारा यह आयोजन काफी सफल पूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन कर्त्ता ने स्वामी को वस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वामी एवं राम भक्तों की आंख भर आई क्योंकि लगातार आठ दिनो तक कथा का श्रवण कर रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष दिनेश सरार्फ, उपाध्यक्ष बनवारी लाल पंसारी, सचिव शिवनारायण जयसवाल, कोषाध्यक्ष शरवन केडिया, मिडिया प्रभारी अशोक केडिया, विनीत खेमका, विशाल चिरानिया, किशन यादुका, अनिल भगत, अनिल चिरानियाँ, अजय भगत सहित दर्जनों श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

# कपड़ा व्यवसाई को घर से बुला कर हत्या की वारदात को दिया अंजाम : परिजन

## हत्या मामले को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एफएसएल जांच व डॉग स्क्वायड की पहुँची टीम

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। इन दिनों जिलेभर में अपराधी के वारदातों का प्रत्यक्ष रूप से दर्जनों घटनाओं के घटित होने की सूचना लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में एक और घटना घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार हबीबपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंखा टोला स्थित लीची पट्टी मैदान प्रांगण में बैखोप बदमाशों ने सरेआम कपड़ा व्यवसाई की गला रेत हत्या की वारदात को अंजाम दे मौके से फरार चल रहा है।

वही प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पड़ोस के ही एक युवक ने देर रात उसे फोन कर अपने साथ बाइक पर बैठा कर ले गया था। सुबह घटना की जानकारी परिजनों को स्थानीय लोगों ने दिया कि भाई की गला रेत कर हत्या कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई मो. शाहबाज ने मृतक युवक के शव की शिनाख्त कर मो. इमरान के रूप में पहचान की। वही घटना को लेकर सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी राज एवं नगर डीएसपी-2 राकेश कुमार सहित अन्य तीन थाने की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वही पुलिस द्वारा शिनाख्त जांच में मृतक युवक की पहचान स्थानीय मो. इमरान उर्फ खाजा के रूप में की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि इमरान उर्फ खाजा को देर रात उसके पड़ोस के ही युवक मो. इबराम उर्फ मुर्गा ने उसे फोन कर घर से बुलाया और अपने साथ लेकर गया था। देर रात परिजनों ने मृतक इमरान से काफी बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया था। वही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को आसपास के लोगों द्वारा दिया गया था। वही दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के साथ डॉग स्क्वॉड के टीम ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

वही मृतक के छोटे भाई शाहबाज ने घटना को लेकर बताया कि मो. इबराम उर्फ मुर्गा से कुछ दिन पहले मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था, फिर दोनों के बीच आपसी मेल-मिलाप हो गया था। वही उन्होंने घटना को लेकर आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि इसी विवाद को ले आरोपी इबराम उर्फ मुर्गा द्वारा बदला लेने की मियत से धारदार हथियार से गला रेत हत्या की वारदात को अंजाम दे फरार हो गया है।

वही क्षेत्र में निर्मम तरीके से हुई हत्या मामले को लेकर सिटी एसपी मिस्टर राज ने बताया कि धारदार हथियार से एक युवक की गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया है। मामले को लेकर जांच की जा रही है। मृतक के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमा भी दर्ज है। वही इस पूरे मामले को लेकर पुलिस टीम हरबिंदु पर जांच कर रही है, फिलहाल पुलिस की टीम द्वारा मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वही दूसरी तरफ पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम मिट्टी की प्रक्रिया को लेकर मृतक के शव को परिजनों को सौप दिया गया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों व स्वजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। वही घटना से आहत परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है।

# निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान मतदान के समय अनिवार्य है: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान मतदान के समय अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात ही मतदान कबंरने की अनुमति दी जाती है। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के आधार पर अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी की गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों में कोई भी मतदाता आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान- पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपर्युक्त वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों के होते हुए भी, प्रवासी निर्वाचक जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है।

# युवती की मौत मामले में मृतका के पिता ने पिकअप चालक पर कराया केस दर्ज

## पिकअप चालक के विरुद्ध मृतिका युवती के पिता ने थाना में दिया आवेंदन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) । विगत दिनों झंडापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महंत बाबा स्थान चौक के समीप एनएच 31 पर बेलगाम पिकअप वाहन चालक की लापरवाही व तेज रफ्तार के कारण धक्का मार मां-बेटी सहित चार अन्य ग्रामीण को रौंद गंभीर रुप से घायल किये जाने के मामले को लेकर मृत युवती के पिता ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर पिकप वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। वही इस भीषण सड़क हादसे में घायल हुए लोगों में भ्रमरपुर के शशिकांत मिश्रा की पत्नी अंजनी देवी व पुत्री अन्नू कुमारी व नारायणपुर कुसाहा के जिशन कुमार व बिहपुर नन्हकार के फुचो दास घायलों में शामिल थे। ज्ञात हो कि घटना के बाद स्थानीय बिहपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह अस्पताल में मौजूद चिकिसक द्वारा तीन घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर किया गया था। जहां घायल अन्नू कुमारी की इलाज के क्रम में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पिता शशिकांत मिश्रा के लिखित आवेंदन के आधार पर झंडापुर थाना में पिकअप चालक पर केस दर्ज किया गया। ज्ञात हो कि मृतक अन्नू का एक मई को शादी होने वाली थी। इस दौरान दोनो मां बेटी पूजा करने मरवा भोला मंदिर पैदल जा रही थी। वही महंत बाबा स्थान चौक से आगे बढ़ने पर गैस एजेंसी के समीप पटना से बांका जा रही फर्नीचर लदे पिकअप चालक ने एक बाइक सवार सहित चार लोगों को रौंद दिया था। उक्त दर्दनाक घटना में अन्नू की मौत के बाद उसकी मां अंजनी देवी की हालत चिंताजनक बनी हुई है, वही इस दर्दनाक हादसे में अन्य दो घायल इलाजरत हैं। वही घटना को लेकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि आवेंदन पर केस दर्ज कर वाहन चालक व वाहन मालिक से संबंधित पहचान व पता लगाने में पुलिस जुट गई है।

# लूट की योजना बना रहे तीन शातिर को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

भागलपुर। जिलेभर में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, स्वांस मादक पदार्थ बरामदगी के साथ साथ कारोबार में संलिप्त कारोबारी की गिरफ्तार करने को लेकर छापेमारी के साथ साथ वाहन चेकिंग व सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत रात्रि को भागलपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि प्रशस्तडीह से घोघा जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग के रास्ते में कुछ अपराधी तत्वों के लोगों द्वारा हथियार के बल पर वाहन चालकों व राहगिरों को लूटने की योजना बना रहे है। उक्त प्राप्त सूचना के आलोक में मामले को लेकर सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। वही गठित टीम द्वारा सूचना स्थल पर पहुंच मामले की सत्यता जांच के क्रम में लूट की योजना बना रहे 3 अपराधियों को हथियार के साथ मौके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वही पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनीष शर्मा पिता बब्लू शर्मा, सुजीत कुमार पिता स्व. चंदू किशोर मंडल दोनों साकिन बैजलपुर थाना सबौर, व अंकित कुमार उर्फ बिक्की पिता स्व. सुनील कुमार सुमन साकिन रामनगर मामलखा, थाना सबौर, जिला भागलपुर के रूप में की गई हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस टीम ने एक देशी कट्टा, दो मिसफायर गोली, एक मैगजीन, एक चाकू व तीन मोबाईल फोन को बरामद किया गया है।

# औरंगाबाद में शक्ति उपासना की गौरवशाली परंपरा

औरंगाबाद। धार्मिक,पौराणिक एवं ऐतिहासिक जिला औरंगाबाद अपनी सनातनी परंपरा के लिए जानी जाती रही है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सूर्य पूजा के लिए देव उमंगा,वैष्णव परंपरा के विष्णु धाम एवं सीता थापा,शैव संप्रदाय के लिए देवकुंड धाम को जाना जाता है। इस तरह शाक्त परंपरा के भी यहां जितने तीर्थ स्थल है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां शक्ति उपासकों की संख्या भी काफी रही होगी।तभी तो शक्ति उपासना के स्थल यहां भरे पड़े हैं। जिले के दक्षिणी छोर पर अवस्थित गजना धाम निराकार शक्ति उपासना का प्रमुख स्थल है तो पूर्वी छोर पर उमंगेश्वरी माता का मंदिर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ती है। जिले के मध्य भाग में सतबहिनी माता अपनी शक्ति एवं सत की परंपरा को उत्सर्जित करती है तो पश्चिमी छोर पर सत्यचंडी धाम सती के रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण प्रस्तुत करती है।जिले के उत्तरी भाग में पीपरा का अष्टभुजी माता मंदिर एवं भृगुरारी में अवस्थित नकटी भवानी माता का मंदिर जिले के गौरव को बढ़ाते हैं।पूरे जिले के हर हिस्से में शाक्त परंपरा के तीर्थ स्थल इंगित करते हैं कि हमारी शक्ति उपासना के स्थल कितने गौरवशाली रहे होगें। गजना माता के मंदिर में शक्ति के निराकार स्वरूप की पूजा होती है यहां थोड़े से द्रवित पदार्थ में किलो भर आंटा की पुरी छानकर प्रसाद का भोग लगाया जाता है जो कि एक चमत्कार से कम नहीं है। सतबहिनी माता का मंदिर भी अपनी सती की सच्चाई को व्याख्यायित करती है।यहां भी माता के विभिन्न रूपों की पूजा होती है। सैकड़ो वर्ष पूर्व एक व्यक्ति के नेत्र ज्योति चली गई थी तो माता की कृपा से उसकी नेत्र ज्योति पुनः वापस आ गई।उमंगा शक्तिपीठ पहाड़ी पर अवस्थित है जो अत्यंत ही रमणीय है। उमंगेश्वरी माता के नाम से उन्हें जाना जाता है जहां जाने पर हर इंसान का जीवन उमंग से परिपूर्ण हो जाता है।उसके जीवन की खुशियां लौट आती है।सत्यचंडी माता का मंदिर भी सती के रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण को दोहराता है जहां मां लक्ष्मी साक्षात निवास करती हैं निर्धन सच्चे मन से उपासना करता है तो उसका पूरा घर धन-धान्य से भर जाता है।पिपरा का अष्टभुजी मंदिर विंध्याचल का एहसास कराती है साक्षात विंध्यवासिनी मां का ही यहां रूप दिखाई पड़ता है। भृगु ऋषि की कर्मस्थली भृगुरारी में मां नकटी भवानी का अद्भुत मंदिर है जिसके दर्शन मात्र मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। नवरात्र के मौके पर सभी शक्तिपीठों में भक्तों की भारी भीड़ लगती है।

# बटलर के शतक से खिलाड़ियों के एलीट एथलीट होने की जरूरत का पता चलता है: मूडी

**कोलकाता, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर के कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इस आईपीएल का अपना दूसरा शतक जड़ने के बाद कहा कि उनका मैच विजयी शतक पेशेवर क्रिकेटरों के लिए भी विशिष्ट एथलीट बनने की जरूरत को उजागर करता है। बटलर (60 गेंदों पर नाबाद 107 रन) धीमी शुरुआत और तेजी से बढ़ती रन गति के दबाव के बावजूद अंत तक क्रीज पर डटे रहे और सुनील नारायण (109) के शतक को बौना साबित करते हुए अंतिम गेंद पर रॉयल्स को जीत दिलाई।



मूडी ने कहा, 'वह आगे बढ़ता रहा क्योंकि वह एक एलीट एथलीट है और यह दिखाता है कि आज टी20 क्रिकेट या क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में आपको एक एलीट एथलीट होने की आवश्यकता है। आप केवल एक कुशल खिलाड़ी बनकर बच नहीं सकते और वह समय बीत चुका है। चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान के पिछले मैच से बाहर रहे बटलर दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरने के बावजूद डटे रहे। मूडी ने कहा, 'वह एक एलीट एथलीट है इसीलिए वह अब भी आखिरी गेंद पर विजयी रन बनाने के लिए खड़ा है। यह बेहद सरल है, वह बीमारी से वापस आ रहा है, वह बहुत तेजी से वापसी करने में कामयाब रहा क्योंकि वह मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ओपनिंग कर सकते हैं कोहली

## बीसीसीआई मीटिंग में हुई चर्चा, जून में खेला जाएगा टी-20 वर्ल्ड कप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार बैटर विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पिछले हफ्ते मुंबई में एक मीटिंग की है। इस मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़ और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मीटिंग में रोहित के साथ विराट कोहली को ओपनिंग करने का मौका देने पर चर्चा हुई है। कुछ समय पहले कोहली ने टीम मैनेजमेंट से उनके टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने पर स्पष्टता मांगी थी। रिपोर्ट के अनुसार टीम मैनेजमेंट ने उन्हें इस पर स्पष्टता दे भी दी है।



### कोहली का कुछ महीने पहले तक टी-20 वर्ल्ड कप में खेलना तय नहीं था

दरअसल, कुछ समय पहले तक टी-20 वर्ल्ड कप टीम में कोहली की जगह को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के बाद जब रोहित, द्रविड़ और सेलेक्टर्स की मीटिंग हुई तो टी-20 टीम में कोहली की जगह पक्की नहीं थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों में बहुत कुछ बदल गया है।

### लगभग दो साल बाद टी-20 इंटरनेशल में लौटे

रोहित और कोहली ने 2022 टी-20 विश्व कप के बाद से 2023 वनडे वर्ल्ड कप तक कोई भी टी-20 मैच नहीं खेला था। कोहली ने इस साल जनवरी में अफगानिस्तान की घेरलू सीरीज के लिए खुद को उपलब्ध बताया। वे और रोहित इस सीरीज से लगभग दो साल में पहली बार टी-20 इंटरनेशल में लौटे। उन्होंने दो मैचों में अपने फेवरेट पोजीशन नंबर-3 पर बैटिंग की। इस सीरीज में यशस्वी जयसवाल ने रोहित के साथ इनिंग की शुरुआत की। हालांकि, जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप ओपनिंग प्लेयर्स बदल सकते हैं।

### मौजूदा सीजन में ओपनिंग करते हुए ऑरेंज कैप होल्डर

कोहली पिछले कुछ सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ओपनिंग करते रहे हैं। वे इसी सीजन भी ओपनिंग करते हुए सात मैचों में 147 की स्ट्राइक रेट से 361 रन के साथ ऑरेंज कैप होल्डर हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक भी लगाया है।

### इंटरनेशनल क्रिकेट में भी ओपनिंग कर चुके हैं कोहली

कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में बतौर ओपनर बैटर की थी। कुछ समय बाद वे नंबर 3 स्लॉट पर चले गए। कोहली का टी-20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर बैटर रिकॉर्ड काफी अच्छा है। पूर्व कप्तान ने 9 मैचों में 400 रन बनाए हैं। 1

### शशांक सिंह ने कहा

# क्रिकेट छोड़ने के कगार से लेकर आईपीएल तक पहुंचने का सफर चुनौतीपूर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शशांक सिंह 2017 से आईपीएल का हिस्सा हैं। पहले दिल्ली डेयरडेविल्स (अब डीसी) के साथ, फिर राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और अब पंजाब किंग्स के साथ ये खिलाड़ी जुड़ा है। लेकिन उन्हें इस दौरान कई मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला। हालांकि, इस सीज़न में जब उन्हें मौका मिला, तो 32 वर्षीय ऑलराउंडर ने सबका दिल जीत लिया। चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ साल पहले जब चीजें सही नहीं चल रही थी और उन्हें अपने करियर में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ रहा था, तब वह क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोच रहे थे। लेकिन उस समय उनका परिवार उनके सपोर्ट में रहा और उनके संघर्षों में उनका साथ दिया। उनके परिवार और करीबी लोगों ने उन्हें खेलना जारी रखने के लिए प्रेरित किया। बातचीत में शशांक ने अपनी इस संघर्षपूर्ण यात्रा और अपने पिता की भूमिका के बारे में बात की, जो उन्हें भारतीय जर्सी में देखना चाहते थे। शशांक ने कहा कि मेरे पिता आईपीएस हैं, मेरी बहन एक मैकेनिकल इंजीनियर है और मेरी मां ने इतिहास में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। क्रिकेट खेलना और भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे पिता का सपना था। शुरुआत में क्रिकेट खेलना मेरा सपना भी नहीं था, ये मेरे पिता का सपना था। वह मुझे गेंदबाजी करते थे और मेरे अभ्यास के लिए मैदान किराए पर लेते थे। एक या दो साल पहले, मैंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा और मैंने कोई बिजनेस करने के बारे में सोचा। लेकिन मेरे परिवार ने मेरा बहुत समर्थन किया और मुझसे खेलते रहने का आग्रह किया। मेरी यात्रा में उतार-चढ़ाव हैं, जो हर पेशेवर क्रिकेटर के जीवन में होते हैं। पहले 2 से 3 फ्रेंचाइजी में मुझे मौका नहीं मिला, फिर जब मुझे एसआरएच में मौका मिला तो वहां बल्लेबाजी अच्छी नहीं थी। लेकिन आईपीएल में मौका मिलना अपने आप में किसी भी घरेलू खिलाड़ी के लिए बड़ा मौका होता है। जब मैं पंजाब किंग्स में आया, तो प्रबंधन ने बहुत स्वागत किया। हमारे अभ्यास मैच अच्छे थे और मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, इसलिए मुझे यहां मौका मिला। जब आप अच्छे क्षेत्र में रहते हैं तो आप उसी आत्मविश्वास के साथ मैच में उतरते हैं।

ऑलराउंडर ने आगे कहा कि घरेलू सीजन भी बहुत अच्छा गया था और मैं वही आत्मविश्वास यहां लेकर आया। अगर आप गुजरात टाइटंस के मैच के बारे में बात करते हैं, तो मैं कहूंगा कि मुझे नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला जब 8-9 ओवर बचे थे। इसलिए, मैंने इसे एक अवसर के रूप में देखा और सोचा कि इसे दोनों हाथों से कैसे भुनाया जाए। उस समय मैच जीतना मेरे दिमाग में नहीं था, मेरे दिमाग में केवल एक ही बात चल रही थी कि मैच को गहराई तक कैसे ले जाएं। फिलहाल, मेरी यात्रा उतार-चढ़ाव से भरी रही है लेकिन मुझे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। 4 अप्रैल को शंशाक ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 29 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए और अपनी टीम पंजाब किंग्स की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले साल, वह 2023-24 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान मणिपुर के खिलाफ 150 रन बनाने और पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय लिस्ट ए-क्रिकेटर बने। दिसंबर 2023 में उन्हें 2024 आईपीएल के लिए पंजाब किंग्स टीम ने 20 लाख रुपये में खरीदा था।

# टी20 विश्वकप तक मुश्ताक अहमद होंगे बंगलादेश के स्पिन कोच

**ढाका, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को टी20 विश्वकप तक बंगलादेश का स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया गया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मुश्ताक अगले महीने जिबाब्वे के साथ होने वाली टी-20 सीरीज से पहले ढाका में लगने वाले शिविर में पहुंचेंगे।



मुश्ताक ने कहा, 'बंगलादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच चुना जाना सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका की प्रतीक्षा कर रहा हूं और खिलाड़ियों को अपना सारा अनुभव देना चाहता हूं क्योंकि वह सीखने लायक हैं और मुझे हमेशा लगता है कि यह टीम बहुत खतरनाक टीम है। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनमें क्षमता और कौशल है। मैं उनमें विश्वास बढ़ाने का प्रयास करूंगा। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। मुश्ताक, रंगना हेराथ की जगह लेंगे। हेराथ जून 2021 से दो साल तक इस पद पर रहे। मुश्ताक प्रमुख कोच चंद्रिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, बल्लेबाजी कोच डेविड हेंप और तेज गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स के साथ जुड़ेंगे। मुश्ताक का स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर लंबा करियर रहा है। वह 2008 से 2014 के बीच इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ रहे। वह 2014 से 2016 और 2020 से 2022 तक पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी कोच के पद पर रहे। वह 1992 विश्वकप जीतने वाली पाकिस्तान टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अपने करियर में 144 एकदिवसीय और 52 टेस्ट खेले। वह काउंटी में भी सक्रयि रहे और 1993 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। मुश्ताक थोड़े ही समय के लिए टीम से जुड़े हैं लेकिन रिशाद हुसैन जैसे खिलाड़ी अपने करियर में पहली बार इस दिग्गज स्पिनर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है।

# पैरा तीरंदाज शीतल का शानदार प्रदर्शन

## खेलो इंडिया राष्ट्रीय मीट में सक्षम खिलाड़ियों के बीच जीता रजत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। डिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।'' एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपये मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।

# पेरिस ओलंपिक : बिना तैयारियों के ओलंपिक क्वालिफायर खेलेंगे पहलवान

### टूर्नामेंट के लिए नहीं लगा तैयारी शिविर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती पर विवादों के साये ने ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पहलवानों की तैयारियों को छीन लिया। भारतीय टीम के पहलवान बिना तैयारियों के देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने बिश्केक (किर्गिस्तान) रवाना हो गए। ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला पहलवानों का कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया गया। पहलवान अपने स्तर पर अखाड़ों में तैयारी कर क्वालिफायर में उतरने जा रहे हैं। अभी तक भारत को कुश्ती में सिर्फ एक ओलंपिक कोटा मिला है, जो अंतिम पंघाल ने दिलाया है।



**महासंघ ने विनेश का भी डाला था नाम** – सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती महासंघ ने 27 मार्च से पुरुषों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का शिविर गांधीनगर या पटियाला, बंगलूरू में लगाने की सिफारिश साई से की थी। शिविर में ग्रीकोरोमन, फ्रीस्टाइल और महिला वर्ग के 120 से अधिक पहलवानों का नाम दिया गया था, जिसमें विनेश फोगाट समेत ओलंपिक क्वालिफायर की टीम में शामिल पहलवान भी शामिल थे। महासंघ के प्रस्ताव पर साई ने कोई फैसला नहीं लिया।

**महासंघ ने भी लगाया शिविर** – साई की ओर से शिविर को मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद कुश्ती महासंघ ने भी अपने स्तर पर टूर्नामेंट के लिए कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया। जिसके चलते पहलवान अपने स्तर पर ही तैयारियां करने को मजबूर रहे। क्वालिफायर की फ्रीस्टाइल टीम में अमन (57), सुजीत (65), जयदीप (74), दीपक पूनिया (86), दीपक (97), सुमित (125) और महिला टीम में विनेश (50), अंशु (57), मानसी (62), निशा (68), रीतिका (76 भार वर्ग) शामिल हैं। विनेश को छोड़ 16 पहलवान मंगलवार की सुबह बिश्केक रवाना हुए हैं।

### कैंडिडेट्स शतरंजः

# नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम, प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला

**टोरंटो (कनाडा) एजेंसी।** दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कारुआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली (3.5) ने हार का क्रम तोड़ते हुए बुल्गारिया की नुरग्यूल सालिमोवा (4) को हराया। महिला वर्ग में चीन की झोंगयी तान और ली टिंगजी 6.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।



**गुजराती ने प्रगनानंदा को आसानी से ड्रॉ पर रोका** – गुकेश के खिलाफ नेपोमनियाच्ची सफेद मोहरों से खेल रहे थे। शुरुआत में गुकेश समय के दबाव में भी फंसे। बावजूद इसके वह उन्होंने नियंत्रण बनाकर रखा। हालांकि नेपोमनियाच्ची काफी संभलकर खेल रहे थे और जोखिम लेने के मूड में कतई नहीं दिखे। वह 10 दौर के बाद टूर्नामेंट में अकेले खिलाड़ी हैं, जो अब तक हारे नहीं हैं। प्रगनानंदा को भी अभी तक टूर्नामेंट में एक हार गुकेश के खिलाफ मिली है। वह गुजराती के खिलाफ सफेद मोहरों से खेल रहे थे। गुजराती ने उनके खिलाफ बर्लिन डिफेंस का सहारा लिया और आसानी से बाजी ड्रॉ करा सी। 11वें दौर में प्रगनानंदा नाकामुरा से, गुकेश कारुआना से और गुजराती नेपोमनियाच्ची से भिड़ेंगे।

**हंपी और झोंगयी के बीच हुआ संघर्ष** – महिला वर्ग में ली टिंगजी ने रूस की अलेक्जेंद्रा गोर्याचकिना (5.5) के अपराजेय क्रम को तोड़ दिया। टिंगजी की पिछले पांच दौर में यह चौथी जीत रही। वहीं उनके साथ संयुक्त बढ़त पर चल रहीं झोंगयी तान ने कोनेरू हंपी (4.5) के साथ ड्रॉ खेला। हंपी पांचवें स्थान पर हैं। उन्हें खिताब की दौड़ में आने के लिए जीत हासिल करनी थी। दोनों ने 72 चाल में ड्रॉ खेला। वैशाली ने 88 चाल में छह घंटे के संघर्ष में सालिमोवा को हराया।

# टी20 विश्व कप में खेल सकते हैं सुनील नारायण ? शतक के बाद दिए संकेत



**कोलकाता, एजेंसी ।** क्या घर पर होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए सुनील नारायण संन्यास से वापसी करेंगे? कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ शतक लगाने के बाद नारायण ने कम से कम यही संकेत दिए हैं। मैच के बाद नारायण ने कहा, अभी तो फ़िलहाल मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया हुआ है, लेकिन देखते हैं कि भविष्य में क्या होगा। नारायण ने पिछले साल नवंबर में संन्यास लिया था और कहा था कि वह घर पर बैठकर ही टी20 विश्व कप का आनंद लेंगे। मैच के बाद वेस्टइंडीज़ के टी20 कप्तान और इस मैच में नारायण के विपक्षी खिलाड़ी रोवमन पॉवेल ने भी स्वीकार किया कि वह लगातार नारायण के फ़ैसले को बदलवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 12 महीनों से मैं लगातार नारायण के कानों में फुसफुसा रहा हूं कि वह संन्यास से वापसी कर लें। हालांकि वह किसी की नहीं सुनते। मैंने इस बारे में कीरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो और निकोलस पूरन से भी बात की है। उम्मीद है कि जब तक टीम का चयन होगा, तब तक नारायण और सब लोग मिलकर इस बारे में कोई फ़ैसला ले लेंगे।जीत के बाद पॉवेल ने कहा, टीम का मनोबल बहुत ऊंचा है। जब मैं खेल भी नहीं रहा होता हूं, तब भी टीम प्रबंधन के लोग मुझसे एक स्पष्ट वार्तालाप रखते हैं। मैंने उनसे कहा है कि मैं वेस्टइंडीज़ के लिए चार या पांच नंबर पर बल्लेबाज़ी करता हूं, इसलिए मुझे ऊपर भी भेजा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में राजा गार्डन से पंजाबी बाग मार्ग पर दोनों तरफ की सड़कों पर एक भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य के कारण एक सप्ताह तक यातायात जाम की समस्या रहने की आशंका है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यातायात पुलिस ने जाम की आशंका के मद्देनजर लोगों को अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है। दिल्ली की यातायात पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्वस्द्ध राजा गार्डन, रिंग रोड पर अंडरपास के निर्माण कार्य और बिजली केबल बिछाने के कारण, कम से कम एक सप्ताह तक राजा गार्डन से पंजाबी बाग चौराहे की ओर तथा इसके विपरीत दोनों कैरिजवे पर यातायात जाम की समस्या बनी रहने की आशंका है। इसलिए लोगों को सलाह दी जाती है कि वे इसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### दुनिया की तरह अंतरिक्ष में मलबा नहीं छोड़ेगा भारत, इसरो ने तैयार किया रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल

**बेंगलुरु एजेंसी।** इसरो ने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल के विकास के साथ रॉकेट इंजन प्रौद्योगिकी में सफलता हासिल की है। इससे पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किए गए इस रॉकेट इंजन से राकेट की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा। वीएसएससी ने कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों से नोजल डाइवर्जेंट बनाया। सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीकरण कोटिंग है, जो इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है।

### दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन को मिलेगी जीत, आप नेता संजय सिंह ने किया दावा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि आईएनडीआईए दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी से भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता की भावना विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए और आम आदमी पार्टी के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि देश इस आम चुनाव में बदलाव के लिए मतदान करेगा। आप सांसद ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, मतदाताओं को इस बात का अहसास हो गया है कि वे मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण गंभीर स्थिति में हैं।

### भारतीय नौसेना ने अरब सागर में पकड़ी 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने पश्चिमी अरब सागर में 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप जब्त की है। कनाडा के नेतृत्व वाले संयुक्त कार्य बल (सीटीएफ)- 150 की सहायता से यह कार्रवाई की गई है। सीटीएफ 150 दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक साझेदारी सीएमएफ के तहत पांच टास्क फोर्स में से एक है। नौसेना ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना ने पहली बार संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के सदस्य के रूप में ड्रग्स की बरामदगी की है। इनमें 453 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, 416 किलोग्राम हैश और 71 किलोग्राम हेरोइन शामिल है। सीएमएफ 42 देशों की नौसैनिक साझेदारी है जिसका उद्देश्य समुद्र में सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देकर अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखना है। भारतीय नौसेना पिछले नवंबर में सीएमएफ में शामिल हुई थी। ढाउ (विशेष नौका) से 940 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार ड्रग्स का निपटारा कर दिया गया। सीटीएफ 150 के कमांडर, रायल कैनेडियन नेवी के कैप्टन कालिन मैथ्यूज ने कहा, मैं इस अभियान के दौरान प्रयासों के लिए आइएनएस तलवार के चालक दल की सराहना करता हूं और उनकी कड़ी मेहनत से 940 किलोग्राम ड्रग्स को सफलतापूर्वक जब्त किया जा सका। क्रिमसन बाराकुडा अभियान 15 अप्रैल को संपन्न हुआ। इसका मकसद पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में आतंकी और आपराधिक संगठनों द्वारा समुद्र में की जा रही तस्करी को रोकना था।

# रामनवमी पर आप का रामराज्य वेबसाइट, आतिशी बोलीं - राम की तरह संघर्ष कर रहे केजरीवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी ने आपक रामराज्य वेबसाइट लॉन्च किया है। इस वेबसाइट को लॉन्च करने के मौके पर संजय सिंह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह समेत कई आप नेता मौजूद थे। वेबसाइट लॉन्च करने के बाद आप सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा, जिस तरह भगवान राम ने रामराज्य के लिए काफी संघर्ष किया ठीक उसी तरह अरविंद केजरीवाल को दिल्ली और पंजाब के लोगों से कि एग वादों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



वेबसाइट लॉन्च किए जाने के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, रामराज्य के बारे में गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण में बताया है। भगवान राम जब अयोध्या वापस लौट कर आए तो उन्होंने एक बेहतरीन स्टेट बनाया। इसी को रामराज्य कहा गया। हर सरकार यह चाहती है कि रामराज्य हो। पिछले 9 सालों में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जो कुछ भी काम किए और पंजाब में हमारी सरकार ने जो कुछ भी काम किए हैं ये वही सब काम हैं जो रामराज्य में कहे गए हैं। इसलिए आप का रामराज्य नाम से वेबसाइट लॉन्च किया गया है। इसके अंदर इन राज्यों में किए गए कार्यों के वीडियो इत्यादि उपलब्ध हैं।

आम आदमी पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि यह आम आदमी पार्टी के लोकसभा कैंपेन से संबंधित वेबसाइट है। बताया गया है कि इस वेबसाइट पर जनता आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को देख सकती है। क्क सांसद संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली मे रामराज्य को सच करने के लिए अद्भुत काम किया है जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन गया है। आप का रामराज्य वेबसाइट में आप के रामराज्य की अवधारणा है, जिसमें गैर बराबरी को खत्म करना, सबको को शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा देना शामिल है।

संजय सिंह ने कहा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि बिजली मुफ़्त दी जा सकती है। आज़ादी के बाद मुफ़्त बिजली योजना, मुफ़्त पानी योजना और मुफ़्त बस यात्रा योजना लागू करने वाली यह पहली सरकार थी। दिल्ली मुनाफे का बजट देने वाला एकमात्र राज्य है। हम रामराज्य की अपनी परिकल्पना को धरातल पर साकार करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। चूंकि भाजपा ये काम नहीं कर सकती है इसलिए केजरीवाल को जेल में डाल दिया। ये पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं है वो जेल में है।

### अरविंद केजरीवाल के बाद पत्नी सुनीता नंबर 2 पर

**नईदिल्ली एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल नंबर दो में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) में एक चेहरा काफी मशहूर हो रहा है। यह कोई और नहीं बल्कि सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल हैं। वह कई बार अपने पति का संदेश लेकर उन्हीं की कुर्सी पर बैठ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर चुकी हैं। ऐसी अटकलें भी लगीं कि उन्हें केजरीवाल की जगह मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। ऐसे में आप ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गुजरात में स्टार प्रचारकों की एक सूची जारी की है। इस लिस्ट में 40 लोगों के नाम शामिल हैं। सबसे ऊपर पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल का नाम है। वहीं दूसरे नंबर पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल हैं। भगवंत मान, मनीष सिसोदिया और संदीप पाठक जैसे आप के दिग्गज नेताओं का नाम भी सुनीता से नीचे है।

## मुख्यमंत्री को गिरफ्तार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक सकें: गोपाल राय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सीएम केजरीवाल को लिखे खुले पत्र पर दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार ही इसलिए किया गया है ताकि वे काम रोक सकें। दिल्ली की जनता सीएम केजरीवाल के साथ खड़ी है। दिल्ली की आवाम अपने वोट से इसका जवाब देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे और सारे काम होंगे...

बता दें कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली में पेयजल संकट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुला पत्र लिखकर दिल्ली सरकार पर हमला बोला। उन्होंने जल मंत्री आतिशी के पत्र का हवाला देते हुए लिखा- उनका नोट पिछले दस साल की निष्क्रियता और अक्षमता की स्वीकारोक्ति है। आपके साथ इस समय सीधा संवाद नहीं हो सकता है, इसलिए यह खुला पत्र लिखा जा रहा है। आतिशी के पत्र का हवाला देते हुए उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली में पेयजल की आपूर्ति को रेखांकित करती हुई घटना का जिक्र करते हुए मंत्री ने अपनी ही सरकार को दोषी ठहराया है। बता दें कि दिल्ली में पानी को लेकर हुए विवाद के बाद शुक्रवार को एक महिला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले पर जल मंत्री आतिशी की ओर से रविवार को उपराज्यपाल को पत्र लिखा गया था। एलजी ने लिखा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पानी को लेकर यह पहली घटना नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार की विफलता के चलते पानी की कमी को लेकर इस तरह की कई घटनाएं पहले भी होती रही हैं। राजधानी में खासतौर पर गरीब बस्तियों वाले इलाकों में पानी की समस्या है और पिछले दशक भर में यह और गंभीर हो गई है। उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली विधानसभा के हालिया बजट सत्र में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पिछले दशक में जल उपचार क्षमता में 906 एमजीडी से बढ़कर 946 एमजीडी हो गई, जो मुश्किल से 4.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। इसी अवधि के दौरान शहर की जनसंख्या में लगभग 15 फीसदी बढ़ोतरी हो गई।

## स्कूल में बम की फर्जी कॉल की तो कटेगा छात्र का नाम

### दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने जारी किए ये दिशानिर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्कूलों में बम की अफवाहों से निपटने और बच्चों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी छात्र ने बम की फर्जी कॉल की तो उसे सस्पेंड किया जाएगा और नाम भी काटा जा सकता है। शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में संरचनात्मक परिवर्तन करने से लेकर बम अफवाह की कॉल आने पर स्कूल प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी है। साथ ही, स्कूल आपातकालीन स्थिति के लिए भवन का पूरा नक्शा तैयार रखें, ताकि उसे पुलिस, अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ और दूसरे बचाव दलों को साझा किया जा सकें। बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए स्कूल में होल्डिंग एरिया चिह्नित हों। स्कूल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन करें। बचाव को लेकर स्कूल कर्मियों और छात्रों को संवेदनशील बनाया जाए। सर्कुलर के अनुसार, पीटीएम में अभिभावकों को इस बात के लिए जरूर जागरूक किया जाए कि कोई छात्र बिना कारण के बम की फर्जी कॉल में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इस तरह की गतिविधि में शामिल होने पर छात्र के खिलाफ पुलिस नियमों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई होगी। सर्कुलर के अनुसार, बम अफवाह की कॉल होने पर स्कूल घबराएं नहीं,उस सूचना को तुरंत पुलिस को दें। स्कूल पुलिस अधिकारियों से परामर्श लेकर छात्रों को सुरक्षित होल्डिंग एरिया तक लाने की योजना तैयार करें। पुलिस द्वारा तलाशी के बाद बच्चों को तुरंत होल्डिंग एरिया तक सुरक्षित लाया जाए। तलाशी को लेकर स्कूल कर्मी इमारत की स्थिति से पूरी तरह से वाकिफ हो, जिससे तलाशी अभियान में पुलिस को मदद मिल सकें। सत्यापन के बाद छात्रों को अभिभावक को सौंपा जाए।

## दिल्ली में करें वोट और होटलों रेस्तरां में पाएं 20 प्रतिशत की छूट, कैसे और कब तक ले सकते हैं लाभ?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली नगर निगम ने 25 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों के लिए एक अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत मतदान करने पर अगले 24 घंटे के लिए होटलों व रेस्तरां में 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी। दिल्ली नगर निगम ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए इस नई पहल को शुरू किया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों को होटलों, रेस्तरां में जाकर अपनी स्याही लगी उंगली को दिखाना होगा ताकि सुनिश्चित हो सके कि मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान किया है।



निगम के सभी जोन में इस पहल को शुरू किया जाएगा। सबसे पहले करोल बाग जोन और नजफगढ़ जोन में होटलों व रेस्तरां के मालिकों के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक लिखित एग्रीमेंट भी किया है। होटल व रेस्तरां के प्रतिष्ठानों से जुड़े एसोसिएशन ने इस पहल का सहयोग किया है। इसके अलावा थिएटर, सैलून व अन्य खाने के प्रतिष्ठानों में भी निगम की लोगों को छूट देने के लिए बातचीत चल रही है।

पूरी दिल्ली में 50 से अधिक मूवी स्क्रीन पर, 500 से अधिक होटलों व रेस्तरां में मतदाताओं को इस योजना का लाभ देने की तैयारी हो रही है। सभी जोन में इस नई पहल को लागू करने की रणनीति भी बन रही है। इस संबंध में करोलबाग जोन के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली का मत फीसदी लगभग 60 फीसद था। हम इसे 70 फीसदी से अधिक बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए इस मतदाताओं को वोट डालने के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। इस नई पहल के तहत दिल्ली के मतदाताओं में जागरूकता ला रहे हैं।

इसके लिए लॉजिंग हाउस ओनर्स एसोसिएशन और दिल्ली होटल व रेस्तरां ओनर्स एसोसिएशन के साथ एग्रीमेंट हुआ है। करोल बाग, पहाड़गंज, राजेंद्र नगर, पंजाबी बाग, कीर्ति नगर व बलजीत नगर में मौजूद होटलों व रेस्तरां में लोगों को 20 फीसदी छूट मिलेगी। यह छूट 25 मई को मतदान करने के बाद 26 मई को रात 12 बजे तक मिलेगी। करोल बाग जोन में थिएटर व सैलून में भी छूट देने के लिए बातचीत कर रहे हैं। नजफगढ़ जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने बताया कि होटल और गेस्ट हाउस एसोसिएशन, महिपालपुर की तरफ से मतदान करने वाले मतदाताओं को कमरे के किराए पर 20 फीसदी की छूट मिलेगी। इस पहल के तहत लोगों को वोट करने के लिए जागरूक करेंगे।

## पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगी आग, सरकार ने 16 दिन में फिर बढ़ाए रेट

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में 16 दिन बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर आग लग गई है। मंगलवार को पेट्रोल के दाम 4.53 रुपए की बढ़ोतरी के बाद 293.94 पाकिस्तानी रुपए हो गए। वहीं हाई-स्पीड डीजल 8.14 रुपए बढ़कर 290.38 पाकिस्तानी रुपए हो गया। इसके अलावा केरोसिन ऑयल की कीमत में भी 6.69 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसका रेट अब 193.8 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पाकिस्तानी मीडिया जियो टीवी के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि देश में पेट्रोल की कीमतें बढ़ाने की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम में बढ़ोतरी है। दरअसल, ईरान-इजराइल के बीच टकराव की वजह से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। पाकिस्तान सरकार हर 15 दिनों में ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती है। इस दौरान वैश्विक तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव और स्थानीय



मुद्रा के एक्सचेंज रेट के आधार पर उन्हें बढ़ाती या घटाती है। इससे पहले 1 अप्रैल को पेट्रोल की कीमत में 9 रुपए बढ़ा दिए गए थे। तब इसकी वजह टैक्स की चोरी को बताया गया था।इसके बाद अप्रैल महीने में पेट्रोल की कीमत में कुल 13 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इससे पहले 16 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं किए थे। प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत 279.75 रुपए और एक लीटर डीजल की कीमत 285.56 रुपए थी। पेट्रोल का ज्यादातर इस्तेमाल प्राइवेट ट्रांसपोर्ट, छोटे वाहनों के लिए किया जाता है। इसकी वजह से दाम बढ़ने का सीधा असर पाकिस्तान के मिडिल क्लास और लोअर क्लास लोगों की जेब पर पड़ेगा।

## पाकिस्तान ने फिर उठाई उंगली, कहा- भारत ने करवाई डॉन सरफराज की हत्या

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान ने एक बार फिर उंगली उठाते हुए अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ बताया है। नकवी ने कहा है कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था और ये हत्या भी उसी पैटर्न पर भी की गई है। सोमवार को लाहौर में मीडिया से बात करते हुए पाक के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा, पाकिस्तान में पिछले दिनों में हुई कई हत्याओं में भारत के शामिल होने की आशंका है। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले में जांच कर रही है। इसलिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। रविवार 14 अप्रैल को दो अज्ञात हमलावरों ने अमीर सरफराज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमीर उस समय लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर में था, जब उस पर हमला हुआ। हमलावरों ने घर की घंटी बजाई और जैसे ही अमीर दरवाजा खोलने बाहर आया, उस पर पास से फायरिंग कर दी। इसके बाद अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पाकिस्तान के मंत्री के आरोप पर फिलहाल भारत सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमीर सरफराज के भाई जुनैद सरफराज की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कर लिया है। पाकिस्तान पंजाब सरकार ने केस को पुलिस के काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट को ट्रांसफर कर दिया है, जो आईएसआई का ही एक हिस्सा माना जाता है। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने आईएसआई के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में अफजल गुरु की फांसी के 2 महीने बाद हुई थी। अफजल 2001 के संसद हमले का मास्टरमाइंड था। दिसंबर 2018 में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए सरबजीत की हत्या के आरोपियों को रिहा कर दिया था।



# जन्म के बाद एक महीने तक बेटे को खिलाई सिर्फ धूप, मौत, पिता को आठ साल की जेल

**मास्को, एजेंसी।**
रूस की इन्फ्लूएंजर को अपने एक महीने के बेटे की मौत पर आठ साल की सजा सुनाई गई। वह बेटे को मां का दूध नहीं पीने देता था, वह उसे धूप के जरिए ही जिंदा रखना चाहता था। साथ ही वह दूसरों के लिए एक उदाहरण सेट करना चाहता था कि सिर्फ सूरज की रोशनी से जीवित रहा जा सकता है। कुपोषण और निमोनिया से बच्चे की मृत्यु हुई है।

रूस की एक अदालत में बढ़ा अजीबो-गरीब केस आया। जिसमें एक महीने के बच्चे कोसमोस जिसका वजन 3.5 पाउंड था, उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि वह पहले से ही काफी कमजोर था। उसकी माता ओक्साना मिरोनोवा और पिता मैक्सिम ल्युटी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान कोसमोस की मां ने जो खुलासा किया, उसे अदालत में बैठे सब लोग हैरान रह गए। उसने बताया कि मैक्सिम ल्युटी आलौकिक शक्तियों के लिए बेटे पर अजीब-अजीब प्रयोग किया करता था। प्रसव पीड़ा के दौरान जब मिरोनोवा के अस्पताल ले जाने की बारी आई तो उसने मना कर दिया। घर पर ही मिरोनोवा का प्रसव कराया गया।

बेटे का जन्म हुआ उसका नाम कोसमोस रखा। लेकिन अब कोसमोस और मिरोनोवा के साथ प्रताड़ना शुरू हुई। ल्युटी को मिरोनोवा को जबरन शाकाहारी भोजन करवाया, जिसमें जामुन इत्यादि खिलवाए। उसका मानना था कि इससे शरीर में आध्यात्मिक ऊर्जा का विकास होता है।



उसके बाद तो उसने हद कर दी। उसने मिरोनोवा को बच्चे को दूध पिलाने के लिए भी मना कर दिया। मिरोनोवा की बहन ने अदालत में बताया कि ल्युटी का मानना था कि सूर्य ही बच्चे को दूध पिला रहा है। उसने बताया कि मिरोनोवा कई बार ल्युटी से छिपकर बेटे को दूध पिलाती है। लेकिन उसे हमेशा डर रहता था कि की ल्युटी को पता न चल जाए। मिरोनोवा की बहन ओलेसा ने कहा कि एक बच्चा सूर्य के भरोसे कैसे जीवित रह सकता है, उसे मां के दूध की आवश्यकता तो होती ही है। मिरोनोवा ने बताया कि ल्युटी अपने बेटे कोसमोस में आलौकिक शक्तियां चाहता था, वह उस पर एक प्रयोग भी कर रहा था। वह चाहता था कि कोसमोस सिर्फ सूर्य की रोशनी के सहारे ही जीवित रहे। बीमार होने पर उसे दवाई नहीं देता था, बल्कि उसने कोसमोस को ठंडे पानी से नहलाया, सिर्फ इसलिए कि इससे बच्चा मजबूत होगा। ओक्साना मिरोनोवा की मां गैलिना ने बच्चे की मौत पर अफसोस जताते हुए कहा कि मैंने महसूस किया कि उसमें कुछ तो अलग से वह आम लोगों की तरह नहीं था, वह पागल था। उन्होंने कहा कि मिरोनोवा उसके लिए बलि का बकरा थी।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हुई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** देश के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मंगलवार को बताया कि अफगानिस्तान में पिछले चार दिनों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं। एजेंसी के प्रवक्ता जनान सयाक ने कहा कि बाढ़ की वजह से अन्य 36 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने पहले देश भर में 33 मौतों की जानकारी दी थी। कृषि भूमि और घरों के नष्ट होने समेत महत्वपूर्ण क्षति हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अफगानिस्तान दशकों के संघर्ष, बाढ़ और भूकंप समेत एक के बाद एक प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव से जूझ रहा है। अक्टूबर में पश्चिमी प्रांत हेरात में आए भूकंप में कम से कम 1,500 लोगों की जान चली गई थी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129